अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 017 epaper.rashtriyakhabar.com माघ, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2079

चाणक्य नीति

निर्गुणस्य हतं रूपं दुःशीलस्य हतं कुलम्।
असिद्धस्य हता विद्या अभोगेन हतं धनम्॥

भावार्थ : गुणहीन मनुष्यों का सुंदर अथवा रूपवान होना व्यर्थ होता है। जिस व्यक्ति का आचरण शील से युक्त नहीं, उसकी कुल में निंदा होती है। जिस व्यक्ति में किसी कार्य को सिद्ध करने की शक्ति नहीं, ऐसे बुद्धिहीन व्यक्ति की विद्या व्यर्थ है और जिस धन का उपभोग नहीं किया जाता, वह धन भी व्यर्थ है।

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
24.00 °c	8.00 °c

सूर्यास्त (आज) ›› 17.24 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.32 बजे

दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू : नेपाल के दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान का ब्लैक बॉक्स सोमवार को मिल गया। इस ब्लैक बॉक्स के जरिए हादसे का कारण पता लगाया जा सकेगा। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएन) के प्रवक्ता जगन्नाथ निरौला ने शिन्हुआ से कहा कि सुरक्षा बलों को कुछ समय पहले ब्लैक बॉक्स मिल चुका है और हम इसे जल्द ही प्राप्त कर लेंगे। इससे पहले आज सुबह बचाव दल ने मध्य नेपाल के पर्यटन स्थल पोखरा के नजदीक रविवार को हुए एक यात्री विमान दुर्घटना के बाद लापता चार लोगों की तलाश फिर से शुरू कर दी है, जिनका अभी तक कोई पता नहीं चला है। श्री निरौला ने पहले कहा था कि तलाश अभियान में सेती नदी में गोताखोरों को लगाया गया है क्योंकि कुछ शवों के नदी में गिरने की आशंका जतायी गयी है।

मेघालय में ममता की चुनावी रैली बुधवार को

कोलकाता : तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को मेघालय के नॉर्थ गारो हिल्स जिले में चुनावी रैली को संबोधित करेंगी। पार्टी की मेघालय इकाई ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक सुश्री बनर्जी इस दिन दोपहर मेंदीपाथर के दिल्मा आपल खेल मैदान पर रैली को संबोधित करेंगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी उनके साथ होंगे। वहीं सांसद डेरेक ओब्रायन, पार्टी के मेघालय प्रदेश प्रभारी मानस आर भूना, मेघालय प्रदेश तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष चार्ल्स पाइनबग्रोप और विपक्ष के नेता मुकुल संगमा भी रैली में शामिल होंगे। मेघालय की 60 सीटों वाले विधानसभा के लिए आगामी मार्च में चुनाव कराये जा सकते हैं।

बुद्ध धम्म निरंतर परिवर्तन का कार्य है: भंते जयसरो

नागपुर : वरिष्ठ बौद्ध भिक्षु भंते अजान जयसरो ने कहा कि बुद्ध धम्म केवल एक विश्वास नहीं है बल्कि अच्छे और सकारात्मक विचारों के साथ वास्तविक जीवन में निरंतर परिवर्तन का एक कार्य है। दुनियाभर में हेल्पिंग हैंड के नाम से विख्यात श्री वेन भंते अजान जयसारो ब्रिटेन मूल के हैं और थाईलैंड में रहते हैं। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा, बुद्ध धम्म केवल एक विश्वास नहीं है, बल्कि अच्छे और सकारात्मक विचारों के साथ वास्तविक जीवन में निरंतर परिवर्तन का एक कार्य है। मेट्टा ग्लोबल फाउंडेशन और बौद्ध संघ ने संयुक्त रूप से यहां दीक्षाभूमि पर धम्म प्रवचन का आयोजन किया। श्री भंते ने बल देकर कहा कि सभी को आपस में भाईचारे की भावना विकसित करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि थाई वन परंपरा के एक वरिष्ठ भिक्षु श्री भंते अजान जयसारो ने कोरोना महामारी के एक वर्ष के दौरान विशेष प्रासंगिकता वाली सलाह दी।

श्री हनुमान चालीसा का दिव्य रूपांतर लांच

गोरखपुर : मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्युजिक ने जेटसिथेसिस के डिजिटल मनोरंजन इकाई ग्लोबल म्युजिक जंक्शन के साथ श्री हनुमान चालीसा का म्युजिक वीडियो लॉन्च किया। यह लॉन्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गोरखपुर महोत्सव 2023 में किया गया। इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से 50,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सोनू निगम के साथ इस म्युजिक वीडियो में दर्शकों को हनुमान जी की स्तुति में अद्वितीय वीडियो इफेक्ट्स के साथ भक्ति स्तोत्र का नया अनुभव मिलेगा। हर प्रमुख ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मौजूदगी के साथ यह वीडियो देश में युवाओं और बुजुर्गों, दोनों को आकर्षित करेगा। म्युजिक एस्सेट लॉन्च के इतिहास में पहली बार यह म्युजिक वीडियो एक साथ 50 से ज्यादा यूट्यूब चैनल्स पर रिलीज हो रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। संपादक

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग › भर्ती किये गये पहली बैच के लोगों को संबोधित किया प्रधानमंत्री ने

यह योजना बाजी पलटने वाली सिद्ध होगी : मोदी

- अब युद्ध का तौर तरीका बदल गया है
- तकनीकी तौर पर सक्षम बेहतर सैनिक होंगे
- महिला अग्निवीरों को देखने की उत्सुकता जतायी

राष्ट्रीय खबर

नयी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों की भर्ती की नयी अग्निवीर योजना को परिवर्तनकारी नीति बताते हुए सोमवार को कहा कि यह हमारे सशस्त्र बलों को मजबूत बनाने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के मामले में एक बाजी पलटने वाली सिद्ध होगी। श्री मोदी ने कहा कि सरकार भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों सेनाओं के उन अग्निवीरों के पहले बैच को संबोधित कर रहे थे। इन बैच के अग्निवीरों का बुनियादी प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। श्री मोदी ने उन्होंने अग्निवीरों को पथ-प्रदर्शक अग्निपथ योजना के अग्रणी होने पर बधाई दी। तकनीक के इस युग में बिना-संपर्क युद्ध के नए मोर्चों की चुनौतियों के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीकी रूप से सक्षम सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अग्निपथ योजना किस प्रकार महिलाओं को भी सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि वह तीनों सेनाओं में महिला अग्निवीरों को देखने के लिए बहुत उत्सुक हैं। श्री मोदी ने इस अवसर पर अग्निवीरों से कहा कि वे इस अवसर का उपयोग विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बारे में अधिक से अधिक जानने के लिए उपयोग करें। श्री मोदी ने इस योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परिवर्तनकारी नीति हमारे सशस्त्र बलों को मजबूत बनाने और उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक गेम चेंजर (बाजी पलटने वाली) साबित होगी। प्रधानमंत्री ने इस ›› पेज 2 भी देखें

अच्छी नौकरी छोड़ने के बाद अब हाथ में चाय की केतली



राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: आम तौर पर भारतीय युवा नौकरी और वह भी सरकारी नौकरी के पीछे पागल है। इसके बीच भी इस भ्रमजाल से उबरते हुए अपना कुछ कर पाने का साहस बहुत कम लोग जुटा पाते हैं। आम मनोदशा सुरक्षित नौकरी तक सीमित है और विशेषज्ञ मानते हैं कि इसकी सबसे बड़ी वजह हमारी शिक्षा पद्धति हैं। इस वजह से देश का युवा वर्ग अपने बलबूते पर कुछ करने का साहस नहीं जुटा पाता है। इन तमाम चर्चाओ के बीच अचानक एक युवती फिर से चर्चा में आ गयी है। इससे पहले ही देश में एमबीए चायवाला यानी प्रफुल्ल बिलौर अत्यधिक चर्चित हो चुका था। इस बार शर्मिष्ठा को लोकप्रिय बनाया है भारतीय सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर संजय खन्ना ने। अचानक उनकी नजर इस युवती चायवाले पर पड़ी थी जो देखने के ही शिक्षित मालूम पड़ती थी। पूछ ताछ से पता चला कि शर्मिष्ठा ने अंग्रेजी से एमए करने के बाद विदेश के एक स्कूल मे कुछ दिनों तक नौकरी भी की थी। उनकी सोच को मदद पहुंचाने भावना राव नामक दूसरी युवती का सहयोग मिला। भावना भी इससे पहले एक विमान कंपनी में अच्छी तनख्वाह की नौकरी किया करती थी। दोनों के बारे में ब्रिगेडियर खन्ना ने जब ›› पेज 2 भी देखें

देश के कई चुनावों की तैयारियों तथा दूसरे मुद्दों पर चर्चा के लिए कार्यकारिणी की बैठक

बैठक से पहले मोदी ने किया भव्य रोड शो

राष्ट्रीय खबर

नयी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले संसद मार्ग पर पटेल चौक से लेकर नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर तक एक रोड शो किया। लगभग पौने एक किलोमीटर के इस रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्टी समर्थक सड़क के दोनों ओर मौजूद थे। पूरी सड़क पर भाजपा के झंडे, पोस्टर, बैनर के साथ-साथ कई स्थानों पर श्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कटआउट भी लगे थे। सड़क के दोनों ओर कुछ दूरी पर अलग-अलग मंच बनाए गए थे जिन पर लोक कलाकारों ने भारतीय संस्कृति की झलक दिखाते नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कुछ स्थानों पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। लोगों ने प्रधानमंत्री पर खूब पुष्प वर्षा की। कार्यकारिणी स्थल पहुंचने पर भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। इसके बाद प्रधानमंत्री कन्वेंशन सेंटर में गये और इसके बाद श्री नड्डा की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकारिणी की बैठक आरंभ हुई। बैठक का संचालन पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने किया। इसके पहले भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने कन्वेंशन सेंटर में एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इससे पूर्व भाजपा के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री भी शामिल हुए।

इधर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले आज प्रातः यहां पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा सभी राज्यों के प्रभारी एवं सह ›› पेज 2 भी देखें

बर्ड फ्लू की वजह से मुर्गियों को मारे जाने के बाद बाजार में किल्लत

फिलाडेलफिया : अंडों की कीमत स्थानीय बाजार में पिछले कुछ दिनों में चौगुणी बढ़ गयी है। इसका नतीजा है कि अब रेस्त्रां में सामान्य किस्म का ऑमलेट भी बीस डॉलर पर मिलने लगा है। भारतीय मुद्रा में अगर सोचें तो अंडे के एक ऑमलेट की कीमत वहां करीब सोलह सौ रुपये से अधिक हो चुकी है। इस स्थिति ने सामान्य नागरिकों को हैरान कर दिया है। दरअसल अंडा भी उनके दैनिक भोजन का एक हिस्सा है। अब अत्यधिक महंगे होने की वजह से वे इसे नहीं खरीद पा रहे हैं। अब बाजार में अंडों की कीमतों में इस बढ़ोत्तरी की तरफ आर्थिक विशेषज्ञों का भी ध्यान गया है। पिछले साल तीस अंडों का जो बक्सा पचास डालर में मिलता था अब उसकी कीमत बढ़कर 127 डॉलर हो चुकी है।

गंगा विलास क्रूज कम पानी में फंस गया

छपरा : वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुआ गंगा विलास क्रूज बिहार के छपरा में फंस गया। मामला जिले के डोरीगंज इलाके का है, जहां गंगा नदी में पानी कम होने की वजह से क्रूज को किनारे पर लाने में मुश्किल हो रही है। इस सूचना के मिलते ही प्रशासन तुरंत अलर्ट हुआ। एसडीआरएफ की टीम छोटी नाव के जरिए सैलानियों को चिरांद लाने की कोशिश में जुट गई है। ये सैलानी चिरांद के पुरातात्विक महत्व को देखेंगे। दरअसल, पानी कम होने के कारण नाव को किनारे पर नहीं लाने का निर्णय लिया गया था, लिहाजा नाव को बीच नदी में ही रोक दिया गया था। एक छोटे जहाज के माध्यम से पर्यटकों को चिरांद लाया गया, जहां उन्होंने पुरातात्विक धरोहरों का मुआयना किया। छपरा के एक अफसर ने कहा कि क्रूज के फंसने जैसी कोई बात नहीं है, किनारे पर पानी कम होने के चलते एहतियातन क्रूज को बीच नदी में ही रोक दिया गया।

क्या भारत में वाकई मौसम का बदलाव तेजी से होने लगा है

केरल के मन्नार में भी बर्फ जम गया

- प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र है यह शहर
- इतनी ठंड समुद्री इलाके में पहली बार
- राजस्थान के अनेक शहरों में ऐसी ही हालत

राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: क्या भारतवर्ष में मौसम का बदलाव अपना असर दिखा रहा है। आम तौर पर जहां उतनी ठंड नहीं पड़ती है, वहां इस किस्म का हाल यही संकेत देता है। इसमें सबसे नया और अजूबा नाम केरल के मन्नार का है। वहां भी न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। यहां इस किस्म की ठंड इससे पहले कभी नहीं पड़ी थी। दूसरी तरफ उत्तर भारत के कई इलाके अभी भीषण सर्दी की चपेट में है। केरल के मन्नार के बारे में पता चला है कि तापमान शून्य से नीचे चले जाने की वजह से वहां के मैदानों में सफेद एक चादर सी नजर आने लगी थी। वैसे वैज्ञानिक इसे बर्फ गिरना नहीं मानते हैं। उनके मुताबिक तापमान गिरने की वजह से खुले मैदानों पर जो ओस की बूंदे थी वे जम गयी थी। शनिवार की सुबह के बाद रविवार को भी यह हाल दिखा था। यह घास के ऊपर एक दानेदार सफेद चादर जैसा बन गया था जो धूप निकलने के कुछ देर बाद खुद ही पिघल जाने की वजह स गायब हो गया। लेकिन इससे पहले समुद्र के करीबी राज्य में ऐसी घटना का कोई पूर्व रिकार्ड नहीं है। इसके अलावा राजस्थान के अनेक इलाके भी इस बार ठंड का रिकार्ड तोड़ रहे हैं। माउंट आबू ने अपने यहां का रिकार्ड तोड़ दिया है। वहां न्यूनतम तापमान शून्य से सात डिग्री नीचे चला गया था। उत्तर भारत के दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तरप्रदेश भी इस कड़ाके की ठंड के प्रभाव वाले इलाके हैं।

इतनी जबरदस्त गिरावट 28 साल बाद दर्ज की गई

हिमालय के शिखरों पर हो रही बर्फबारी का असर देखने को मिल रहा है। माउंट आबू के मौसम में इतनी जबरदस्त गिरावट 28 साल बाद दर्ज की गई। हालात ऐसे कि बहने वाले पानी, घरों के बाहर बर्तन में रखा पानी जम गया। खुले में बाहर खड़ी गाड़ियों पर बर्फ नजर आयी। कई अन्य इलाको में भी ऐसा ही नजारा दिख रहा है जहां बर्तनों में रखा पानी जम रहा है। वहीं, फसलों पर पाला पड़ने की भी आशंका है। सर्दी से अब 18 जनवरी को ही कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

खगोल विज्ञान › प्राचीन काल के बाद फिर से लौटकर आ रहा है हमारी नजरों के सामने

आधुनिक मानव पहली बार देखेगा हरे रंग का धूमकेतु

- पत्थर युग में इससे पहले गुजरा था
- पिछले साल ही इसकी खोज हुई थी
- 2 फरवरी को खुली आंखों से दिखेगा

राष्ट्रीय खबर

रांची: यह धूमकेतु धरती के आसमान के ऊपर से तब गुजरा था जब हम पूरी तरह विकसित नहीं हुए थे। खगोल विज्ञान के मुताबिक इस धूमकेतु की विशेषता यह है कि यह खुले आसमान में हरे रंग का नजर आता है। आधुनिक खगोल विज्ञान में इस रंग का धूमकेतु इससे पहले कभी खुली आंखों से नहीं देखा गया है। इस धूमकेतु का नाम सी/2023 ई 3 (जेड टी एफ) रखा गया है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने उसकी धुरी का पता लगाया है। जिसके मुताबिक इससे पहले यह लाखों साल पहले धरती के करीब से गुजरा था। वैज्ञानिक गणना के मुताबिक अपनी धुरी को पूरा करने में यह 18,930,412 दिन का समय लेता है। इस आधार पर यह माना जा रहा है कि इससे पहले जब यह धरती के करीब से गुजरा था तो उस वक्त पृथ्वी पर पत्थर युग चल रहा था। उस दौरान हमारे पूर्वज इंसान होमो सेपियंस या नियनडरथैल प्रजाति के लोग पत्थरों का औजार इस्तेमाल कर रहे थे। इतिहास के पन्नों के आधार पर खगोल ›› पेज 2 भी देखें

नासा के जेट प्रॉपल्सन लैब ने इसके आंकड़े जारी किये हैं

नासा के जेट प्रॉपल्सन लैब ने इसके आंकड़े जारी किये हैं। इसी आधार पर यह माना गया है कि इतने वर्षों बाद यह धूमकेतु फिर से पृथ्वी के करीब से गुजरने वाला है। इससे पहले जब यह पृथ्वी के करीब से गुजरा था उस वक्त शायद कुछ इलाकों में उस काल के इंसानों की बस्ती बनने लगी थी लेकिन तब भी मूल रूप से मानव गुफा में रहते हुए पत्थरों के औजारों का इस्तेमाल ही कर रही थी। इसके बारे में बताया गया है कि यह हमारे सौरमंडल का हिस्सा नहीं है। यह हमारे सौरमंडल में पचास हजार वर्षों में एक बार प्रवेश करता है। इस बार वह सूर्य के करीब 12 जनवरी को देखा गया था। उस वक्त भी सूर्य से उसकी दूरी करीब एक सौ मिलियन मील थी। धरती के लोगों के लिए सुखद सूचना यह है कि इसी धुरी पर आगे बढ़ते हुए वह आगामी 2 फरवरी को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उस वक्त धरती से उसकी दूरी करीब 26 मिलियन मील होगी।

इजरायल में नेतानह्यू की सरकार का जोरदार विरोध

राष्ट्रीय खबर

तेल अबीब: दोबारा सरकार में लौटे बेंजामिन नेतानह्यू की इस बार की राह आसान नहीं लग रही है। वह गठबंधन सरकार के मुखिया तो बन बैठे हैं लेकिन उन्हें इस सरकार की प्रस्तावित नीतियों की वजह से पहले से ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित कानूनी सुधारों का विरोध करने करीब अस्सी हजार लोगों ने यहां एकत्रित होकर उसका विरोध किया है। पहले से ही जनता यह मान रही है कि दरअसल इस बार सरकार को कानूनी संशोधन लाने जा रही है, वह अपने आप को बचाने का प्रयास भर है। यह चर्चा इसलिए भी है कि गठबंधन सरकार को समर्थन देने वाले अनेक नेताओं के खिलाफ पहले से ही भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। प्रस्तावित कानूनी संशोधनों की बदौलत इन सारे मामलों को बंद करने की तैयारी की गयी है। दूसरी तरफ यह सरकार अदालत को भी अपने शिकंजे में लेने की मंशा से काम कर ›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

रांची पहुंचे झारखंड जेडीयू के नए प्रभारी अशोक चौधरी

रांची:झारखंड जेडीयू को मजबूत करने के लिए जेडीयू लगातार प्रयास में जुटा हुआ है। इसी को देखते हुए सोमवार को झारखंड जदयू के नए प्रभारी व बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मौजूद कार्यकताओं ने अशोक चौधरी का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर अशोक चौधरी का स्वागत करने के लिए राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। रांची पहुंचने के बाद मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बतौर प्रभारी यह उनका झारखंड का पहला दौरा है। इससे पहले वह कई बार झारखंड आए हैं, लेकिन प्रभारी बनने के बाद वह पहली बार रांची पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड का रिश्ता भाई-बहन का है। अब से कुछ वर्ष पहले तक झारखंड, बिहार का हिस्सा हुआ करता था और यहां पर उनकी पार्टी का एक बड़ा जनाधार था, लेकिन कई कारणों से झारखंड में जेडीयू कमजोर हो गई थी। अब उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में पार्टी फिर से अपने पुराने रूप में आएगी।

नियुक्ति

झारखंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया

12 फरवरी तक होगी नए डीजीपी की नियुक्ति, यूपीएससी ने भेजे तीन नाम

- नीरज सिन्हा 11 फरवरी को रिटायर हो रहे है
- जनवरी को ही तीन नाम शॉर्ट लिस्टे
- कोर्ट ने झारखंड डीजीपी पद पर हो रही नियुक्ति में देरी पर जवाब मांगा था



राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आगामी 12 फरवरी तक राज्य के नए पुलिस चीफ की नियुक्ति हो जाएगी।

सरकार ने कहा कि उन्हें यूपीएससी की तरफ से तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम मिल गए हैं और उन्हीं में से एक को राज्य का नया डीजीपी नियुक्ति कर दिया जाएगा। बता दें कि झारखंड के मौजूदा डीजीपी और 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा 11 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने झारखंड में डीजीपी पद पर नियुक्ति में हो रही देरी पर संज्ञान लिया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में एक अवमानना याचिका दाखिल की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 को रिटायर होने के बाद भी डीजीपी पद पर काबिज हैं। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि डीजीपी पद के लिए यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने बीती 5 जनवरी को तीन नाम शॉर्ट लिस्ट कर लिए हैं और उनमें से किसी एक अधिकारी को 12 फरवरी को डीजीपी पद पर नियुक्त कर दिया जाएगा।

इससे पहले बीती 19 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड डीजीपी पद पर हो रही नियुक्ति में देरी पर जवाब मांगा था। इस पर यूपीएससी की तरफ से कोर्ट में पेश वकील नरेश कौशिक ने बताया कोर्ट को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा जो पत्र राज्य सरकार को लिखा गया है, उनमें डीजीपी पद के लिए बढ़ाए गए अधिकारियों के नामों के प्रस्ताव में कुछ खामियां हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि वह खामियों को दूर कर 23 दिसंबर तक अपना जवाब दाखिल करे। अब 16 जनवरी को हुई सुनवाई में सरकार ने साफ कर दिया है कि यूपीएससी ने अंतिम तीन नामों पर मुहर लगा दी है, जिनमें से किसी एक अधिकारी को डीजीपी पद पर नियुक्त कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की केरल के सीएम से मुलाकात

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन से तिरुवनंतपुरम में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों राज्य के मुख्यमंत्री ने हर क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने केरल के तर्ज पर झारखंड के पर्यटन को विकसित करने में सहयोग करने का आग्रह किया। केरल के पर्यटन सचिव श्री के एस श्रीनिवास के ने मुख्यमंत्री के समक्ष केरल के पर्यटन को लेकर प्रेजेंटेशन दिया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री पीए मुहम्मद रियाज, केरल के मुख्य सचिव डॉ वीपी जॉय एवं अन्य उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस 19 व 20 जनवरी को रांची में

रांची: 19 जनवरी को भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस का रांची आयेंगे। श्री पारस 19 जनवरी को शाम 4:00 बजे एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। श्री पारस का रांची एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री पारस एयरपोर्ट से रेडिसन ब्लू होटल जाएंगे। जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

भाजपा महिला मोर्चा ने जी 20 की मेजबानी के लिए नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया

जी 20 की अध्यक्षता भारत को गौरवान्वित करने वाला: आरती कुजूर

- अलबर्ट एक्का चौक पर किया प्रदर्शन
- पूरी दुनिया से बेहतर संबंध बनाने का मौका
- देश अब विकसित देशों की कतार में पहुंच रहा

राष्ट्रीय खबर

रांचीः भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश के द्वारा अलबर्ट एक्का चौक पर भारत को जी 20 की मेजबानी करने का अवसर मिलने देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया। साथ ही भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन जी का भी धन्यवाद कहा जिसके निर्देशन में पूरे देश में जी 20 के सदस्य देशों के स्वागत का कार्यक्रम चल रहा है। झारखंड में महिला मोर्चा स्वागत कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के बीच ऋ 20 के बारे में बताने का कार्य कर रही है ' अल्बर्ट एक्का चौक में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर द्वारा किया गया।

श्रीमती कुजुर ने कहा कि भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता मिलना हर एक भारतीय के लिए गर्व की बात है,ऋ 20 विश्व के 20 देशों का समूह है जो मिलकर पूरे दुनिया क ो अ ा थ ा र क चुनौतियों,विकास,पर्यावरण संतुलन,वैश्विक बीमारी जैसे मुद्दे पर साथ ही इन समस्या से इन देशों पर पड़ने वाले प्रभाव और अपनी जनता की सुरक्षा इनकी प्राथमिकता होगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष और मांडर की पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर जी,भाजपा की वरिष्ठ नेत्री माया सिंह सिसोदिया,प्रदेश महामंत्री मंजूलता दुबे,महामंत्री श्रीमती सीमा सिंह, जी 20 कार्यक्रम की प्रदेश प्रभारी सह प्रदेश मंत्री रेनू तिर्की,महानगर के अध्यक्ष श्री के-के गुप्ता ,दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी श्रीमती पिंकी खोया, मीडिया प्रभारी नीलम चौधरी ,सह मीडिया प्रभारी सुश्री सोनी हेंब्रम, कार्यालय मंत्री बबीता वर्मा ,सह कार्यालय मंत्री रेखा महतो,कार्यसमिति सदस्य पुनीता राय,अमिता भाटिया,रीता क्षेत्री,शोभा सिंह,रांची महानगर की जिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, दिव्या साहू,रेणुका पासवान,रिंकू तमांग, अर्चना सिंह,पुष्पा चौधरी,मुन्नी देवी,पूनम देवी इत्यादि महिलाएं मौजूद थी।

इस साल बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी देगी हेमंत सरकार : मथुरा महतो

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व टुंडी से पार्टी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन की सरकार इस साल नयी नियोजन नीति के तहत बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी देगी। मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर मिलन समारोह सह भोज कार्यक्रम में विधायक ने कहा उनकी सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में कई वायदों को पूरा किया है। अपने बचे कार्यकाल में सभी वायदों को पूरे करेगी। छात्रों को बेरोजगारी भत्ता, सालना 5 लाख रोजगार के साथ ही 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन के लिए बहुत जल्द नई नीति बनाएगी। मथुरा महतो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जो वायदे किए थे, उसमें से 50% वायदों को हमने पूरा किया है। बचे वायदों को अपने बचे हुए कार्यकाल में पूरा करने जा रहे हैं, ताकि जनता पुनः हमारी गठबंधन की सरकार को 2024 में पूर्ण बहुमत से जितायेगी। 1932 खतियान, सरना कोड और नियोजन नीति पर कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा से पारित कराकर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। अब केंद्र सरकार को इस पर फैसला करना है। विधायक ने कहा कि हम विकल्प ला रहे हैं। थर्ड और फोर्थ ग्रेड में नौकरी के लिए सरकार कोई प्रावधान करेगी। विधायक ने मोदी सरकार पर नीशाना साधते हुए कहा कि जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार नहीं है, वहां ईडी द्वारा हमारे विधायकों को परेशान किया जा रहा है। अगले चुनाव में जनता बीजेपी को जवाब देगी। पारसनाथ के मुद्दे पर लोबिन हेंब्रम के बयान पर मथुरा महतो ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत बयान है। पारसनाथ में वर्षों से देवी देवताओं की पूजा हो रही है। कभी विवाद नहीं हुआ है। पूजा- पाठ में आस्था होनी चाहिए।

पेज एक का शेष

यह योजना बाजी पलटने ..

बात की पुष्टि की कि युवा अग्निवीर सशस्त्र बलों को और अधिक युवा और तकनीक रूप से व्यावहारिक बनाएंगे। उन्होंने अग्निवीरों की क्षमता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी भावना सशस्त्र बलों की वीरता को दर्शाती है, जिसने सदैव राष्ट्र के झंडे को ऊंचा रखा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर से उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा, वह जीवन भर उनके लिए गौरव का स्रोत सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत एक नए जोश से भरा हुआ है और हमारे सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में युद्ध लड़ने के तौर-तरीकों में बदलाव हो रहा है। बिना सीधे संपर्क के युद्ध के नए मोर्चों और साइबर युद्ध की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीकी रूप से सक्षम सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से युवाओं की वर्तमान पीढ़ी में यह क्षमता है, इसलिए अग्निवीर आने वाले समय में हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि किस प्रकार महिला अग्निवीर नौसेना का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि वह तीनों सेनाओं में महिला अग्निवीरों को देखने के लिए बहुत उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने सियाचिन में तैनात की गई महिला सैनिकों और आधुनिक लड़ाकू विमानों को चलाने वाली महिला पायलटों का उदाहरण देते हुए उल्लेख किया कि किस प्रकार महिलाएं विभिन्न मोर्चों पर सशस्त्र बलों का नेतृत्व कर रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में तैनाती से उन्हें विविध अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और वे उन्हें विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों तथा जीवन जीने के तरीकों को भी सीखने का प्रयास करना चाहिए। श्री मोदी ने अग्निवीरों को अपनी पसंद के क्षेत्र में अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए काम करते हुए नई चीजों को सीखने के लिए उत्सुक बने रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए अपना संबोधन समाप्त किया कि आप ही हैं जो 21वीं सदी में राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान करने जा रहे हैं।

अच्छी नौकरी छोड़ने के बाद .. ..

सोशल मीडिया में जानकारी दी तो लोगों का ध्यान बहुत तेजी से इस तरफ आकृष्ट हुआ। अब पता चला है कि सिर्फ एक चाय का ठेला चलाना ही उनदोनों का मकसद नहीं है। वे चाहते हैं कि उनके इस चार चक्का वाले ठेला को एक फूडचेन बनाया जाए। पूरे देश में इसकी शाखाएं होंगी और सभी में एक जैसा सामान्य भोजन मिल सकेगा। इसी बीच पश्चिम बंगाल के दो बेरोजगार इंजीनियरों की कहानी भी सामने आयी है। इन दोनों ने मिलकर अपनी चाय की दुकान का नाम बी टेक चायवाला रखा है। आलमगीर खान और राहुल अली नामक दोनों युवकों ने 2017 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर ली थी। मन माफिक नौकरी के लिए काफी प्रयास करने के बाद भी सफलता नहीं मिली थी। तब जाकर दोनों ने आपसी चर्चा के बाद यह चाय की दुकान खोल रही है।

बैठक से पहले मोदी .. ..

प्रभारी, प्रदेश अध्यक्षों एवं प्रदेश संगठन महासचिव भी शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 10 बजे पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पहुंचे , जहां पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की। इसके बाद श्री नड्डा की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक आरंभ हुई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने किया। इस बैठक में सांगठनिक समीक्षा के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लाये जाने वाले प्रस्तावों के मसौदों को भी स्वीकृति दी जाएगी। रोड शो के बाद नयी दिल्ली नगर पालिका निगम (एनडीएमसी) कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक आरंभ हुई। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का समापन अगले दिन मंगलवार को शाम चार बजे होगा।

इजरायल में नेतानह्यू की .. ..

रही है। यहां के हाबिमा स्क्वायर में अस्सी हजार लोगों की भीड़ ने इन प्रस्तावित संशोधनों का खुलकर विरोध किया और इसे देश की लोकतंत्र की हत्या की साजिश करार दिया। दरअसल जनता इस बात से नाराज है कि नेतानह्यू की सरकार सिर्फ अपने फायदे के लिए पूरे देश की न्याय व्यवस्था को ही बदल देना चाहती है। देश के पूर्व एटर्नी जनरल ने पहले ही जनता को इस प्रस्तावित संशोधन के खतरों को बारे में आगाह कर दिया था। हाबिमा स्क्वायर और उसके आस पास के सभी इलाके में प्रदर्शनकारी अपने साथ पोस्टर और बैनर लेकर आये थे। इनलोगों के अलावा जेरूशलम में भी इस प्रस्तावित कानून के विरोध में लोगों ने जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि इस बार सत्ता में आने के लिए नेतानह्यू ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का रवैया अख्तियार कर लिया है। साथ ही वह उग्र राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाकर देश की जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाना चाहते हैं ताकि उनके तथा उनके समर्थकों के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के सारे मामलों को रफा दफा किया जा सके। यह देश के लोकतंत्र के लिए खतरा है और नेतानह्यू जिस रास्ते पर देश को ले जाना चाहते हैं वह दरअसल ईरान जैसे कट्टरपंथी देश की निशानी है। दरअसल यह सरकार प्रस्तावित संशोधनों के लिए देश की न्याय व्यवस्था को भी सरकार के अधीन लाना चाहती है, जिसका जनता विरोध कर रही है।

आधुनिक मानव पहली बार .. ..

वैज्ञानिकों ने माना है कि इससे पहले जब यह इसी धुरी पर से गुजरा था जब शायद इंसान अफ्रीका छोड़कर एशिया की तरफ बढ़ने लगे थे। हो सकता है कि उस दौर की होमो सैपियंस की प्रजाति के लोगों ने आसमान पर इस हरे रंग के पूछल्ली रोशनी को देखा हो। लेकिन वे इतने विकसित नहीं थे कि इसके बारे में कोई और जानकारी हासिल कर पाते। अनुमान है कि धरती के करीब से गुजरते हुए इसे खुली आंखों से देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने बताया है कि फरवरी में यह उत्तर पश्चिमी दिशा के आसमान पर खुली आंखों से देखा जा सकेगा। हरे रंग का होने की वजह से उसकी पहचान करना भी कठिन नहीं होगा। दक्षिणी गोलार्ध के क्षितिज पर होने की वजह से यह और साफ नजर आयेगा। इस धूमकेतु की खोज मार्च 2022 में ब्रायस बोलिन और फ्रैंक मास्की ने की थी। उस समय यह जूपिटर ग्रह के करीब था। पहले तो उसे एक उल्कापिंड समझा गया था लेकिन रोशनी में फेरबदल होते जाने की वजह से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक धूमकेतु है जो बाहरी सौर जगत से हमारे इलाके में आ रहा है।

रामगढ़ उपचुनाव को लेकर आजसू ने की प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति

राष्ट्रीय खबर

रांची: रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी ने प्रखंडवार प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर प्रभारियों की नियुक्ति हुई है। प्रभारियों की जिम्मेदारी गांव एवं वार्ड स्तर के कार्यकताओं की टीम को और मजबूत करने तथा सदस्यता अभियान की गति को और तेज करने की होगी। सभी प्रभारी उपचुनाव की तैयारियों को लेकर ग्राम संवाद करेंगे। विधायक और आजसू के केंद्रीय महासचिव लंबोदर महतो गोला के प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो और रविशंकर मौर्य दलमी, केंद्रीय उपाध्यक्ष अकील अख्तर और हसन अंसारी चितरपुर, प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस रामगढ़ ग्रामीण, केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक और कुशवाहा शिवपूजन मेहता रामगढ़ नगर और देवशरण भगत रामगढ़ छावनी के प्रभारी बनाए गए हैं।

वैश्य व्यवसायियों को बनाया जा रहा है निशाना

रांचीः झारखंड में लगातार वैश्यों एवं व्यवसायियों को अपराधियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। कई मामलों में तो पुलिस भी वैश्य और व्यवसायियों को प्रताड़ित करते हुए दिख रही है। लेकिन अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार तो छोड़ दीजिए, वैश्य कोटे के मंत्री, सांसद और विधायक भी चुप्पी साध कर सब कुछ चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। अनेकों मामले एवं घटनायें पूरे राज्य में हो रही हैं, जो यह बताता है कि वैश्यों और व्यवसायियों को कैसे निशाना बनाया जा रहा है और विभिन्न दलों में जो वैश्य कोटे से पद धारण किये हुए हैं और सत्ता का मलाई खा रहे हैं। लेकिन वैश्यों पर हो रहे शोषण-दमन, अत्याचार, हत्या, लूट, सरकारी उपेक्षा की घटनाओं से इन्हें कोई मतलब नहीं है वैश्य मोर्चा विगत 15 वर्षों से वैश्य समाज की हितों की रक्षा, सुरक्षा, मान सम्मान की लड़ाई लड़ती आ रही है ।

कांके विधायक समरी लाल की गवाही बंद करने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

हाईकोर्ट को दी गई जानकारी

राष्ट्रीय खबर

रांची: कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि समरी लाल की ओर से गवाही को बंद करने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर संभवत 20 जनवरी के आसपास सुनवाई हो सकती है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 जनवरी निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा कि अगर प्रतिवादी समरी लाल के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट से कोई आदेश नहीं आता है तो कोर्ट और समय नहीं देगा। बता दें कि समरी लाल की ओर से कुल 17 गवाही हुई है। 15 गवाही और 3 ऑफिशियल गवाही यानी कुल 18 गवाही होनी थी , इसमें से एक ऑफिशियल गवाह की गवाही नहीं हो सकी है। 5 जनवरी को समरी लाल की ओर से गवाही बंद कर दी गई है, लेकिन उनकी ओर से कहा गया है की वे और गवाह लाना चाहते हैं, लेकिन कोर्ट ने उन्हें और गवाह लाने से मना कर दिया, इस पर हाईकोर्ट के आदेश को उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। समरी लाल की ओर से लगभग सभी गवाहों ने कोर्ट में बताया है कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा और अखौरी अविनाश ने पैरवी की।

राजनीति

अब झारखंड में फिर से तेज होगी उठा पटक की दलीय राजनीति

कांग्रेस और भाजपा आंतरिक द्वंद्व से परेशान

- आदिवासी अध्यक्ष नहीं होने से कांग्रेस को नुकसान
- भाजपा में रघुवर दास खेमा कब्जा करने के जुगाड़ में
- दोनों दलों को अंदरूनी गुटबाजी से हो रहे भारी परेशानी

राष्ट्रीय खबर

रांची: राजनीतिक पहलवान अब मकर संक्रांति के बाद दही चूड़ा खाकर फिर से दंगल में उतर जाएंगे। इससे पहले खरमास का असर कम और ठंड का असर अधिक होने की वजह से ऐसी गतिविधियां थोड़ी सुस्त पड़ गयी थी। अब दोनों बड़े दलों की बात करें तो बाहर से देखने पर दोनों का नजारा लगभग एक जैसा नजर आ रहा है। कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। आलोक दूबे और उनके समर्थकों ने खुले तौर पर उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगा दिये हैं। दरअसल इसके पीछे की कहानी को समझने के लिए पिछले विधानसभा चुनाव में दलों को मिले वोटों के प्रतिशत को समझ लेना होगा। पिछले चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने बलबूते पर 18.72 प्रतिशत वोट हासिल कर तीस सीटों पर जीत दर्ज की थी। दूसरे नंबर पर रही भारतीय जनता पार्टी को यूं तो 33.37 प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन उसके 25 विधायक ही जीते थे। झामुमो के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को 13.88 प्रतिशत वोट मिले थे और उसके 16 विधायक जीते थे। उस समय बाबूलाल मरांडी भाजपा से अलग थे और अपने बलबूते पर चुनाव लड़कर 5,45 प्रतिशत वोट से तीन विधायक ले आये थे। यह बाद की बात है कि अब बाबूलाल मरांडी भाजपा में हैं जबकि दो अन्य विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में है। इस चुनाव की खास बात यह थी कि बोकारो, धनबाद, बाघमारा, हटिया, कांके, पांकी और डाल्टनगंज की सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। अब आरपीएन सिंह के कांग्रेस से भाजपा में चले जाने के बाद यह खेल सबकी समझ में आ गया है। वरना इन सभी सीटों में से धनबाद और पांकी को छोड़कर शेष में हार जीत का अंतर बीस हजार से कम था जबकि बाघमारा में यह अंतर सिर्फ 824 वोटों का था। आरपीएन सिंह द्वारा डॉ रामेश्वर ऊरांव के बदले राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना आदिवासी समाज को नागवार लगा था। वरना राज्य बनने के पहले से ही इंदिरा गांधी के कार्यकाल में जब झारखंड क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी को मान्यता दी गयी थी तो उसके पहले अध्यक्ष टी मुचिराय मुंडा बने थे। उसके बाद आरपीएन सिंह ने भाजपा की तर्ज पर यहां गैर आदिवासी सवर्ण अध्यक्ष बनाकर एक बहुत बड़े वर्ग को कांग्रेस से अलग कर दिया था। इसका नतीजा है कि अब भी पार्टी के निचले स्तर पर वह भरोसा कायम नहीं हो पाया है जो डॉ रामेश्वर ऊरांव के वक्त पर था।

अब भाजपा की बात करें तो रघुवर दास के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से ही समीकरण बदल गये थे। इसके बाद भी उनका खेमा अब भी इस बात की जद्दोजहद मे जुटा है कि पार्टी संगठन पर उनका कब्जा कायम रहे। जातिगत समीकरणों की वजह से झारखंड भाजपा में उन्हें नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता क्योंकि बनिया और तेली का समर्थन भाजपा की जीत में प्रमुख भूमिका निभाता है। अब प्रदेश अध्यक्ष के राज्यसभा सांसद बन जाने के बाद फिर से वहां कुर्सी दौड़ शुरू हो चुकी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सभी जानते हैं कि इस बार जो प्रदेश अध्यक्ष बनेगा वह आगामी लोकसभा चुनाव तक इस कुर्सी पर काबिज रहेगा।

शहर >> अपडेट

तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन

रांची: पुंदाग स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री श्री महावीर मंडल के तत्वावधान में 16 जनवरी से 18 जनवरी तक होगा। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आई.एस.एम चौक, देवी मंडप, महावीर मंदिर, साई मंदिर होते हुए कलश यात्रा ने नगर का भ्रमण किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित आचार्य भुनेश्नर पांडेय और पाहन रूसु पाहन ने किया। श्री महावीर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए पाहनों ने भूमि संकल्प कराया। बता दें कि 17 जनवरी को वेदी पूजा की जायेगी। वहीं 18 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा, भगवान दर्शन, महाआरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया जायेगा।

प्रदर्शन पांच घंटे तक शहर के सभी मुख्य मार्गों पर आवागमन लगभग ठप सा रहा

पारा टीचरों, नर्सों व आदिवासी संगठनों के प्रदर्शन से थम गयी राजधानी

- सभी मार्गों में वाहन रेंगते नजर आए
- आवश्यक कार्य से जाने वाले काफी परेशान रहे

राष्ट्रीय खबर

रांची: सोमवार को पूरी राजधानी जाम रही। लगभग पांच घंटे तक शहर के सभी मुख्य मार्गों पर आवागमन लगभग ठप सा रहा। सभी मार्गों में वाहन रेंगते नजर आए। कचहरी से रातू रोड और राजभवन की तरफ से कांके रोड जाने वाली सड़क पूरी तरह से जाम रही। तो वहीं, कचहरी से मोरहाबादी जाने वाली सड़क पर गाड़ियां रेंगती रही। वजह था आज पारा मेडिकल कर्मियों व सहियाओं के अलावा कांट्रेक्ट कर्मियों को स्थायी करने के विरोध में आदिवासी संगठनों के राजभवन के समक्ष प्रदर्शन था। दिन के एक बजे के बाद राजधानी की सड़कों में पैदल चलना भी मुश्किल नजर आ रहा था। आवश्यक कार्य से जाने वाले काफी परेशान रहे। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार नजर आ रही थी। एक किलोमीटर तक का सफर पूरा करने में आधा घंटा से लेकर दो से तीन घंटे का समय लगने से लोग बेहद परेशान नजर आए। लोगों की मानें तो कचहरी से राजभवन जाने वाली सड़क पर आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। आज भी वही स्थिति पूरे दिन रही। पिछले एक घंटे से जाम में फंसे हुए हैं। धरना-प्रदर्शन करने वालों की भीड़ लगी हुई है। केवल एक ही सड़क नहीं बल्कि शहर की तमाम प्रमुख सड़कें जाम है। सर्दियों की छुट्टी खत्म होने के बाद आज राजधानी की सभी स्कूल खुल गई। स्कूल खुलने के बाद दोपहर में हुई छुट्टी के कारण कई स्कूल बसें भी जाम में फंसी नजर आई जिसके कारण जाम की समस्या अधिक लोगों के लिए परेशानी का कारण रहा। जाम में फंसे होने के कारण बच्चे हल्ला करते दिख रहे थे। बस में बैठे-बैठे कई बच्चे सो गये थे।

न्यूज फटाफट

मारवाड़ी कॉलेज रांची में 20 जनवरी को दीक्षांत समारोह तैयारी अंतिम चरण में : प्राचार्य डॉ मनोज कुमार

रांची: मारवाड़ी कॉलेज का चौथा दीक्षांत समारोह 20 जनवरी को होगा। इसमें ग्रेजुएशन व मास्टर्स के 3 बैच के लिए कुल 7235 डिग्रियां बांटी जायेंगी, जिसमें ग्रेजुएशन की 6,382 और मास्टर्स की 853 डिग्रियां शामिल हैं। वहीं ग्रेजुएशन और मास्टर्स को मिला कर 89 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएशन के सत्र 2013-15, 2014-17, 2015-18 और मास्टर्स के सत्र 2014-16, 2015-17 व 2016-18 के स्टूडेंट्स को डिग्रियां मिलेंगी। मालूम हो कि इससे पहले कॉलेज में तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन वर्ष 2015 में किया गया था। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। छात्रों को भारतीय परिधान में डिग्री दी जानी है। विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड तय कर लिया गया है। छात्र दीक्षांत समारोह में सफेद कुर्ता-पाजामा व अंगवस्त्र पहनेंगे। वहीं छात्राएं कुर्ता या लाल पाढ़ की सफेद साड़ी और अंगवस्त्र पहनेंगी।

वेतन की मांग को लेकर एचईसी मुख्यालय से प्रोजेक्ट भवन तक पैदल मार्च

रांची: एचईसी के अधिकारियों का आंदोलन 77वें दिन भी जारी रहा। लंबित वेतन और अन्य मांगों को लेकर सोमवार को अधिकारियों और कर्मचारियों ने एचईसी मुख्यालय से प्रोजेक्ट भवन तक पैदल मार्च किया। एचईसी के अधिकारियों को पिछले 13 माह से वेतन नहीं मिला है। वहीं कामगारों को 14 महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार उनकी समस्याओं को अनदेखा कर रही है। यह विरोध प्रदर्शन हक और अधिकार की लड़ाई है। जब तक मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

मंत्री चंपई सोरेन की स्थिति और बिगड़ी

रांची: राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की हालत अचानक खराब हो गई। उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए चेन्नई भेजा जा रहा है। जानकारी के अनुसार तबियत खराब होने के बाद चंपई सोरेन का टीएमएच जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। बतो दें कि परिवहन मंत्री पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ट्वीट कर चम्पई सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की है। गौरतलब है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उनका हालचाल लेने टीएमएच पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी फोन पर उनका हालचाल लिया था। सोमवार को जब उनकी हालत और बिगड़ने लगी तो डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उनको चेन्नई ले जाने की सलाह दी।

एडमिन खर्च प्रखंड स्तर पर चार व जिला स्तर पर एक प्रतिशत तक खर्च की सीमा तय

रांची: रांची,पूर्वी सिंहभूम,कोडरमा,धनबाद,पश्चिम सिंहभूम,पलामू सहित कई जिले द्वारा प्रशासनिक मद में ज्यादा राशि खर्च कर दिया है। मनरेगा से प्रशासनिक खर्चो के लिए राशि दी जाती है। इससे कर्मियों के वेतन भत्ता सहित अन्य प्रशासनिक खर्च होते हैं। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने समीक्षा में इसे पकड़ा है और ज्यादा खर्च पर चिंता जतायी है। मनरेगा आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि एडमिन खर्च प्रखंड स्तर पर 4 प्रतिशत तथा जिला स्तर पर 1 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी जिलों को कहा गया है कि वे लेबर इंटेसिव अधिक से अधिक योजनाओं का क्रियान्वयन करें ताकि एडमिन खर्च सामान्य हो सके।

राजधानी में सहेली राइड सर्विस का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

रांची: राजधानी में सहेली राइड सर्विस की शुरूआत सहेली राइड के फाउंडर चितरंजन कुमार और उनकी धर्मपत्नी ने हरी झंडी दिखाकर महिला चालक को किया रवाना, अब महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रांची में सहेली राइड (स्कूटी पिक एंड ड्रॉप सर्विस) की शुरूआत हो चुकी है, जिसका दायरा रांची में करीब 25 किलोमीटर तक होगा, महिलाएं स्कूल कॉलेज ऑफिस जाने वाली लड़कियां सभी कम किफायती दर में राइड सर्विस की सेवा ले सकेंगी सहेली राइड के फाउंडर चितरंजन कुमार ने कहा कि हमारा मकसद महिलाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान सुरक्षित पहुंचाना तो है ही साथ ही साथ महिलाओं को रोजगार प्रदान भी करना है और आने वाले समय में रांची का दायरा बढ़ाया जाएगा और झारखंड के अलावा विभिन्न राज्यों में भी यह सेवाएं शुरू करने की प्लानिंग हो चुकी है सहेली राइड में नौकरी पाने वाली महिलाओं ने कहा कि यह महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है और यह हम सबों को रोजगार प्रदान कर रहा है उन्होंने कहा कि कस्टमर के साथ साथ जो राइडर्स है हम सबों की भी सुरक्षा की काफी व्यवस्था की गई है महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का एक बहुत अच्छा प्रयास है और हम लोग इसमें नौकरी करके अच्छा महसूस कर रहे हैं।

एग्जाम वॉरियर आर्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता, परीक्षा के तनाव को किया कम

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा से पूर्व रांची के गुरुनानक स्कूल में सोमवार को भव्य आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता हुई। रांची के सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रांची के 45 छोटे- बड़े स्कूलों से जुड़े 1500 से अधिक बच्चों ने सहभागिता निभाई। एक घंटे की इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। परीक्षा पर चर्चा से संबंधित कई कलाकृतियां बनायीं। एग्जाम वारियर्स प्रतियोगिता में गुरुनानक स्कूल की रिद्धि भाटिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रहे केंद्रीय विद्यालय हिनू के श्रेष्ठ कुमार मिश्रा। तृतीय स्थान पर सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल की श्रेष्ठा बर्मन रही।' प्रथम तीन विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र दिया गया। 10 पेंटिंग्स को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस एवं मेडल प्रदान किये गये। 25 अन्य को सुपीरियर आर्ट वर्क का सर्टिफिकेट दिया गया। अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राकेश कुमार, सजीत मिंज, दयाल साव, जाकिर शाह एवं आरोप नंदी ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि यह कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह आपके लिए उत्सव है, जिसमें आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर वर्ग से संवाद किया है। इसी क्रम में वे बच्चों से संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नहीं है। इसलिए परिणाम की चिंता किए बगैर आप बेहतर नागरिक बनने के लिए काम करें। संजय सेठ ने बच्चों से आग्रह किया कि आप बिना किसी दबाव के इस उत्सव में भाग लें और अपनी रचनात्मकता को सामने लाएं, ताकि आप हल्के माहौल में अपनी परीक्षाएं लिख सकें।

कोकर, हरमू, मेन रोड में जल्द लगेगा स्मार्ट मीटर, सर्वे का काम पूरा

- कोकर में मोरहाबादी और रिम्स इलाका शामिल

राष्ट्रीय खबर

रांची: जनवरी महीने के अंत तक राजधानी के अन्य इलाकों में भी स्मार्ट मीटर लगाया जायेगा। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो इन इलाकों में एजेंसी का सर्वे पूरा हो गया है। ऐसे में जनवरी के अंत तक इन इलाकों में स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जायेगा। निगम की मानें तो सर्वे जिन इलाकों में पूरा हुआ है, उसमें रांची सेंट्रल, कोकर और रांची न्यू कैपिटल क्षेत्र शामिल है। रांची सेंट्रल एरिया की बात करें तो इसमें मेन रोड, अशोक नगर, हरमू क्षेत्र शामिल है। कोकर में मोरहाबादी और रिम्स इलाका शामिल है। वहीं, रांची न्यू कैपिटल में अपर बाजार इलाके शामिल है। जहां स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जायेगा। निगम की मानें तो हर इलाके में लगभग एक एक हजार स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जायेगा। फिलहाल अपर बाजार इलाके में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। यहां एक हजार स्मार्ट मीटर रिप्लेस किया जा रहा है। जानकारी हो कि निगम मुख्यालय की ओर से पिछले दिनों एजेंसी को काम जल्द पूरा करने का लक्ष्य दिया गया। निगम ने एजेंसी जीनस सेक्योर को स्मार्ट मीटर रिप्लेसमेंट कार्य दिया है।

ऐसे में एजेंसी को तीन महीने में एक लाख स्मार्ट मीटर रांची में रिप्लेस करने का आदेश दिया गया है। निगम की मानें तो मार्च तक एजेंसी को ये लक्ष्य निर्धारित करना है। ऐसे में एजेंसी को हर दिन का लक्ष्य दिया गया है। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो इस साल राजधानी में साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर लगा लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें शुरूआती तीन महीने में एक लाख का लक्ष्य रखा गया है। निगम ने एजेंसी को हर महीने पांच सौ मीटर लगाने का लक्ष्य दिया है।

बस संचालकों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मांग कर्मचारी का दर्जा

राष्ट्रीय खबर

रांची : बस सेवा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। बस संचालकों ने इस दौरान झारखंड प्रदेश जवाहर लाल नेहरू बस सेवा कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर आयुक्त से मुलाकात की। जिसमें संचालकों की मांगों को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मांगों को लेकर नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंपा। नगर आयुक्त ने मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की बात की है। मांग पत्र में जिक्र किया गया है कि जवाहर लाल नेहरू पुनरूत्थान शहरी मिशन योजना के तहत बस सेवा की शुरूआत साल 2010 की गयी। राजधानी के अलग अलग हिस्सों में लगभग सौ बसें इसके तहत संचालित है। लेकिन इन्हें किसी तरह का लाभ, सरकार की ओर से नहीं मिल रहा। जिसमें बस कर्मियों को वेतन आदि शामिल है। ऐसे में श्रम कानूनों का उल्लंघन है। ऐसे में कार्यरत कर्मचारियों को झारखंड सरकार के द्वारा घोषित श्रम कानूनों के तहत सभी सुवधाएं प्रदान की जायें। ज्ञापन टेंडर का भी हवाला दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि पिछले दिनों अखबारों के माध्यम से जवाहर लाल नेहरू पुनुरूत्थान शहरी मिशन द्वारा संचालित बसों का निविदा निकाली गयी।

निविदा अवधि जनवरी 2023 तय की गयी है। जो गलत है। पत्र में मांग किया गया है कि जब तक कार्यरत कर्मचारियों की मांग पूरा नहीं की जाती है। और बस संचालकों को कर्मचारियों की श्रेणी में नहीं लाया जाता है। तब तक निविदा रद्द की जायें। इस दौरान इम्तेयाज अहमद खां समेत अन्य संचालक मौजूद रहे।



विभागीय आदेश के बाद भी सुधरने का नाम नहीं ले रहे राज्य के डॉक्टर

- मरीज और उनके परिजनों काफी परेशानी हो रही है

राष्ट्रीय खबर

रांची: स्वास्थ्य विभाग ने 2015 डॉक्टरों को स्पष्ट आदेश दिया था कि मरीजों के प्रेस्क्रिप्शन पर दवाओं के नाम स्पष्ट और कैपिटल लेटर में लिखा जाएगा। लेकिन राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स के डॉक्टर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। खुलेआम आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। डॉक्टरों के लिखे कोड वर्ड से मरीज आज भी परेशान हैं। इतना ही नहीं मेडिकल दुकान वालों को भी उनकी लिखावट समझ नहीं आ रही है। जिससे मरीज और उनके परिजनों काफी परेशानी हो रही है। वहीं दवा खरीदने के लिए दुकान दर दुकान दौड़ लगानी पड़ रही है। राजधानी के दूसरे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी में मरीजों को प्रिंटेड प्रेस्क्रिप्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें दवा के नाम के साथ उसका कंपोजिशन भी लिखा है। इससे मरीजों को दवा खरीदने में परेशानी नहीं होती। वहीं डॉक्टर भी केवल दवा के नाम पर टिक लगाकर प्रेस्क्राइब कर देते है। इससे जो दवाएं हॉस्पिटल में होती है उन्हें मुफ्त में मिल जाती है। बाकी की दवा बाहर मेडिकल से आसानी से मिल जाती है। रिम्स में हर दिन ओपीडी में 2000 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते है।

इलाज के लिए आने वाले ये मरीज दूर दराज के इलाकों के अलावा बिहार, झारखंड, यूपी, ओडिशा और बंगाल के भी होते है। जहां पर डॉक्टर मरीजों का इलाज करने के बाद उन्हें दवाएं प्रेस्क्राइब करते है। लेकिन डॉक्टर दवा का नाम कैपिटल लेटर में लिखना भूल गए है। ऐसे में दवा का नाम केवल दवा दुकानदार ही पढ़ पाते हैं। वहीं कई दवाओं का नाम तो दुकानदार भी नहीं पढ़ पा रहे हैं। जिसका खामियाजा रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज भुगत रहे है। इसके बावजूद प्रबंधन कोई एक्शन नहीं ले रहा है।

शहर >> अपडेट

जिप सदस्य ने गृह प्रवेश करवाया

जयनगर : प्रखंड के तेतरौन निवासी राजदेव यादव के नए घर प्रवेश का कलश यात्रा फीता काटकर, नारियल फोड़कर शुभारंभ केदारनाथ यादव सदस्य जिला परिषद जयनगर पूर्वी ने किया। आचार्य शंकर पांडेय के द्वारा मंत्रोच्चारण कर कलश यात्रा को रवाना किया गया। मौके पर मुखिया आशा देवी, अनीता देवी शिक्षिका व सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

29 को होगा सीटू का सम्मेलन

झुमरीतिलैया : कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सी डब्लू एफ आई) और सीटू से संबद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन का इकाई सम्मेलन अब 29 जनवरी को आयोजित होगा। यह निर्णय झुमरीतिलैया सब्जी मंडी के निकट यूनियन कार्यालय में यूनियन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के वरिष्ठ नेता रविन्द्र भारती ने किया। बैठक में सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों को गुलाम बनाने वाली नीतियों पर चल रही है, असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के लिए कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। 39 श्रम कानूनों में बदलाव कर मालिक पक्षीय चार लेबर कोड में तब्दील कर दिया गया है, जिसके तहत काम के घंटे को बढ़ाकर 12 घंटे करने का प्रस्ताव है। इतना ही नहीं लेबर कोड लागू होने से अपने अधिकार के लिए धरना प्रदर्शन करने का अधिकार भी छिन जाएगा। इसलिए मजदूरों को अपनी अस्तित्व को बचाने के लिए मजबूत संगठन का निर्माण कर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

टुसु मेला का हुआ आयोजन

चांडिल : कपाली नगर परिषद क्षेत्र के कामारगोडा मे स्मृति कहुर सिंह कामारगोडा की ओर से दो दिवसीय विशाल टुसु मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें कपाली क्षेत्र के साथ साथ दूरदराज से टुसु प्रेमी पहुंच कर मेला का अनन्द लिया। वहीं स्मृति कहुर सिंह कामारगोडा कमेटी की ओर टुसु प्रतिमा के लिए प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 व तृतीय पुरस्कार 2001 रखा गया है। जिसमें टूशु प्रतिमा मे लकड़ाकोचा धरनीगोडा को प्रथम पुरस्कार मिला द्वितीय पुरस्कार कृष्णा समिति धरनीगोडा और तृतीय पुरस्कार भुईयाडीह कल्याण नगर को मिला। मेला को सफल बनाने के लिए लाल सिंह, सोनू सिंह, विष्णु सिंह, अमर सिंह, मोटू कर्मकर, छोटू सिंह, संतोष सिंह, वासु कर्मोकर, सिकंदर कर्मकार, सुखदेव सिंह, रोहित सोरेन, संग्राम सिंह आदि उपस्थित थे।

हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ टुसु मेला

तमाड : नुरीडीह गागर सोतिया में विराट टुसु मेला का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । मेला में दर्जनों चौड़ल टीम परंपरागत नाच गान और बाजा गाजा के साथ आये और मेला का शोभा बढ़ाया। मेला में आकर्षक चौड़ल और नृत्य दलों को मेला कमिटी के सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया । प्रथम पुरस्कार के रुप में कासमबुरुडीह को 3500 रुपये, द्वितीय पुरस्कार आमलेशा को 2500 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में खखसीडीह को 1500 रुपये अतिथि मुखिया अनिता देवी, दुबई से आये राकेश रंजन, श्रुति शर्मा, आलोक, लक्ष्मण सिंह मुण्डाआदि के कर कमलों द्वारा दिया गया।

आयोजन सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विजेता को हेलमेट देकर किया पुरस्कृत

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: सड़क सुरक्षा सप्ताह के क्रम में सोमवार को परिवहन विभाग द्वारा डीपीएस बोकारो में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी शिक्षकों ने ट्रैफिक नियम, इनसे जुड़े चिह्न, एनएच किनारे के साइनेज आदि से संबंधित प्रश्नों के क्रमवार उत्तर निर्धारित समयावधि में दिया।

जिला परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा प्रबंधक गोविंद कुमार सिंह, सड़क अभियंत्रण विश्लेषक विशाल पाठक एवं सड़क सुरक्षा इकाई के आइटी सहायक संतोष कुमार चौबे ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया।

प्रतियोगिता में पहले स्थान पर शत्रुघ्न प्रसाद, दूसरे स्थान पर आठ प्रतिभागी अमित कुमार सिंह, श्वेता सिंह, नीतीशा मुखर्जी, पवित्रो बनर्जी, रिंकी कुमारी, अरुण कुमार सोम, नीरज कुमार और रामकुमार राय रहें।

मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने कहा कि ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक एवं सतर्क बनाने के उद्देश्य से 11 से 17 सितंबर की अवधि में विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मौके पर विद्यालय प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने रोड सेफ्टी को महत्वपूर्ण और इसके प्रति जन जागरूकता को अत्यावश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद कर नियंत्रण पा सकते हैं।

उत्तरी विस्थापित क्षेत्र का बरवाघाट मेला एवं चरका पत्थर मेला

दूर दराज से आते श्रद्धालु

राष्ट्रीय खबर

तुपकाडीह: उत्तरी विस्थापित क्षेत्र का बरवाघाट श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र है। एक और बेरमो कोयलांचल, तो दूसरी ओर लोहाचल यानी बोकारो स्टील सिटी बसा हुआ है। सिटी के सेक्टर 9 से करीब 7 किमी, तुपकाडीह से महज 5 किमी, तो चंदपुरा दुगदा से 5 किमी दूरी पर यह पचौरा गांव के निकट दामोदर नदी घाट में स्थित है। यहां दामोदर की लहरों और प्राकृतिक छटा तथा प्रकृति के नजारों से लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

यहां नदी को बांध कर बडा चौक डैम बनाया गया है। तथा चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट तथा उसकी ऊंची चिमनी भी लोगों को आकर्षित करता है। चैक डैम से झरना की तरह गिरता पानी एक अगल ही छटा बिखेरता है। उत्तर विस्थापित क्षेत्र के लगभग 27 गांवों के अलावा धनबाद, बोकारो व अन्य जिलों से भी काफी संख्या में लोग यहां हर साल यहां पूजा-पाठ और मन्नत मांगने तथा मेला देखने आते हैं। पहले चंद्रपुर दुग्धा और धनबाद के लोग बरवाघाट नाव, और बांस पुल होकर आया जाया करते थे। जो स्थानीय गांव वाले का जीविका साधन था, लेकिन बास्तेजी बस्ती के पास पुल बनने के बाद इस बांस पुल का अस्तित्व हमेशा के लिए खत्म हो गया। बाबा बरवाहरि के प्रति है लोगों की अटूट आस्था है। यह प्रत्येक साल 16 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मेला भी लगता है। इस मेले के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दूसरे प्रदेशों एवं महानगरों में रहने वाले सैकड़ों लोग पूजा अर्चना और मन्नत मांगने आते हैं। और मन्नत पूरी होने पर पूजा करते हैं। इसी प्रकार मानगो पंचायत के कलाली मोड के समीप बाबा चरकापत्थर पर आस्था रखने बाले लोग पूजा करने ओर मेला देखने आते है।

अखाइन जातरा: कृषकों ने हार पुनहा कर कृषि कार्य की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

कसमार: झारखंडी आदिवासी मूलवासी कुड़मि समेत सभी कृषक समूह द्वारा माघ माह के पहले दिन यानि सोमवार को हार पुनहा (हल चलाकर) कर नूतन कृषि वर्ष तथा कृषि कार्य का शुरूआत किया। कृषक समुह द्वारा माघ महीना के पहला दिन खेतों में हल ले जाकर अढ़ाई पाक (चक्कर) लगाया।

तदोपरांत हल-बैल को घर लाकर महिला सदस्य के द्वारा बैलों के पैर धोया व बैलों के सिंग में तेल एवं सिंदूर लगाया गया। महिला सदस्य के द्वारा बैलों को सूप में धान देकर खिलाया गया तथा बैल के खाने के उपरांत सूप में बचे धान को वापस घर रख दिया गया। ऐसी मान्यता है कि बैल का जूठा धान रखने से किसान के घर में कभी भी धान चावल अन्न की कमी नही होती है। आखिर में हारवाहा को घर में दही, गुड़, चूड़ा खाने को दिया गया। हार पुनहा जिसे आखाइन जातरा के नाम से भी जाना है। कुड़मि समेत सभी कृषक समुदायों में आखाइन जातरा का विशेष महत्त्व है। उक्त दिन को किसी भी प्रकार के कार्य का प्रारंभ करना बेहद शुभ माना गया है। यह पर्व कुड़मालि संस्कृति के बारह मासे तेरह परब अंतर्गत पहला परब है।

सिगरेट के विज्ञापन का पोस्टर लगाया तो होगी कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: चास थाना प्रभारी मो. रूस्तम के निर्देश में ई सिगरेट व सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत नियमित जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो. असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के महावीर चौक, गगार्पुल, चेकपोस्ट चास, तेलीडीह मोड के पास कुल 73 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 15 दुकानों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया, जिनसे अर्थदंड के रूप में कुल 2200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो मो. असलम द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं। छापामारी के दौरान जब दुकानदारों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कंपनी वाले आते है और चिपकाकर चले जाते हैं। छापामारी के दौरान सभी दुकानदारों को निदेशित किया गया कि जल्द से जल्द विज्ञापन वाले पोस्टर हटा दें अन्यथा कोटपा 2003 की धारा 5 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन

आमजनों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर तक दौड़ का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार को रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से हुई, जो राम मंदिर चौक, पत्थरकट्टा चौक, राम मंदिर चौक, सर्किट हाउस चौक एवं तिरंगा पार्क होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंच समाप्त हुई। रन फॉर रोड सेफ्टी में एसपी चंदन झा, डीडीसी कीर्तीश्री जी., एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीटीओ संजीव कुमार समेत जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, आम जन आदि शामिल हुए। इस मौके पर एसपी श्री झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के लिए रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया है। इसके पीछे का उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को परिवहन नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उसका अनुपालन करवाना है, जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए सड़क पर चलना सुरक्षित हो।

डीडीसी कीर्तीश्री ने कहा कि कई बार दुर्घटनाएं होने पर स्थितियां नियंत्रण में नहीं रहती हैं, ऐसे में सड़क पर वाहन चलाने या सड़क पर चलने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं डीटीओ श्री कुमार ने कहा कि पूरे देश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आमजनों, वाहन चालकों से यातायात नियमों का अनुपालन करने का अपील किया। रन फॉर रोड सेफ्टी में मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज, बीडीओ मिथिलेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, रोड सेफ्टी टीम, परिवहन विभाग के कर्मी, एनसीसी कैडेट्स, आमजन आदि शामिल हुए।

न्यूज फटाफट

नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ

बोकारो: ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ आभा सेवा सदन काशी झरिया में किया गया। संस्था के वरीय सदस्य अमन मल्लिक ने कहा कि संस्था के संस्थापक ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा के जन्मदिन के अवसर पर नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ किया गया। ब्लड मैन सलूजा ने कहा, यह नेत्र जांच केंद्र का संचालन ह्यूमैनिटी सेवियर्स संस्था द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा हमारी संस्था रक्तदान के क्षेत्र में राज्य सहित पूरे देश में सेवा उपलब्ध करा रही है। साथ ही सेवा के अनेकों क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है, चाहे पौधारोपण हो या जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण का कार्य हो या दिव्यांग बच्चों को सहयोगी उपकरण उपलब्ध कराने की बात हो। उसी क्रम में आज नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ भी किया गया है। संस्था की सक्रिय सदस्या मीना कुमारी ने कहा कि इस नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ से काशी झरिया एवं आसपास के लाभुकों को लाभ मिलेगा। संस्था के सौरभ रस्तोगी ने कहा कि हमारी संस्था सेवा के हर क्षेत्र में चाहे वह किसी भी तरह की सेवा हो बढ़-चढ़कर सेवा करने को तत्पर रहेगी।

दुर्गा महारानी सेना के कार्यालय एवं भंडारा का मंत्री जगन्नाथ महतो ने किया उद्घाटन

बोकारो: बोकारो के सेक्टर 4जी में दुर्गा महारानी सेना(सामाजिक संस्थान) के कार्यालय एवं भंडारा का उद्घाटन राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो द्वारा किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एडिशनल कलक्टर हजारीबाग सह संस्था के मुख्य सलाहकार राकेश रोशन, विशिष्ट अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, संस्था के प्रमुख संत सोखा बाबा कुंवर टुडू, महामंत्री रामलाल मांझी, संस्थान के प्रदेश जिला के पदाधिकारी सहित कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल से झारखंड से गुरु बाबा गुरु माता शामिल हुए। मंत्री श्री महतो ने कहा कि आज यहां पर दुर्गा महारानी सेना का कार्यालय का उद्घाटन करने आया हूं साथ ही भंडारा का उद्घाटन किया। यहां का उत्साह देखकर काफी अच्छा लगा। भगवान से प्रार्थना करता हूं कि पूरे झारखंडवासी में उत्साह बना रहे। साथ ही मंत्री ने कहा कि संस्थान के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं। जिलाध्यक्ष श्री मांझी ने कहा कि संस्थान के द्वारा बहुत ही अच्छा काम हो रहा है। संस्थान के सभी सदस्यों ने एक जुट होकर प्रण लिया कि संस्थान के मंदिर जमीन का पैसा ठगने वाले को कानूनी सजा दिला कर ही दम लेंगे। संस्थान इस मुद्दे को लेकर जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार दास, केदार प्रसाद, वकील कुमार, देनेश्वर राणा, अश्का कुमारी, पूर्णिमा देवी, आर्यन दीप आदि मौजूद थे।

गीतकार कैफी आजमी व संगीतकार चित्रगुप्त की याद में सजी सुरों की महफिल

बोकारो: फिल्म जगत के मशहूर गीतकार-शायर कैफी आजमी की जयंती व संगीतकार चित्रगुप्त की पुण्यतिथि पर सेक्टर 12 बी में स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से संगीत संध्या का आयोजन किया गया। गायक अरुण पाठक ने कहा कि कैफी आजमी उर्दू के बहुत ही उम्दा शायर व हिन्दी सिनेमा जगत के प्रतिष्ठित गीतकार थे। संगीतकार चित्रगुप्त बहुत ही गुणी संगीतकार थे। उन्होंने फिल्म संगीत को कई अविस्मरणीय गीत दिए। मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक शंभु झा ने कहा कि कैफी आजमी ने कई यादगार गीत फिल्म संगीत को दिए। कार्यक्रम संयोजक रमण चौधरी व रागिनी सिन्हा अंबष्ठ ने कहा कि फिल्म संगीत को समृद्ध बनाने में कैफी आजमी व चित्रगुप्त का प्रशंसनीय योगदान रहा है। अरुण पाठक ने ये रात है प्यासी-प्यासी..., कर चले हम फिदा जानो तन साथियों..., तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो..., शगी छूटे ना अब तो सनम...., चल उड़ जा रे पंछी... आदि गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। रमण चौधरी ने तुम्हारी जुल्फ के साये में..., ये दुनिया ये महफिल..., मुझे दर्दे दिल का पता ना था..., कमलेश्वरी व रागिनी ने मिलो ना तुम तो हम घबराए..., बेताब दिल की तमन्ना यही है... प्रस्तुत कर उन्हें याद किया।

आरोग्य धाम निर्माण संकल्प पूरा करने का दिया संदेश

बोकारो: दुर्गा महारानी सेना सामाजिक संस्थान के महामंत्री रामलाल मांझी, संयोजक प्रिंस राज, झारखंड समन्वय समिति दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा एवं विनोद कुमार पांडेय से बोकारो सर्किट हाउस में भेट वार्ता की। संस्थान के महामंत्री रामलाल मांझी ने आरोग्य धाम निर्माण संकल्प पूरा करने के लिए संस्थान के प्रमुख संत सोखा बाबा कुंवर टुडू का संदेश दिया। संस्थान के मंदिर जमीन का पैसा ठगी करने वाले तबारक अंसारी को सजा मिलेगी ये आश्वासन फागू बेसरा ने दिया, एवं कहा आदिवासी गुरुओं के सम्मान के साथ किसी को खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। झारखंड की सरकार और स्वयं मैं सदैव आदिवासी हित के लिए काम करते रहे हैं। मौके पर झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष केदार प्रसाद एवं हजारीबाग का सह कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद भी उपस्थित थे।

टुसू धान आधारित पर्व हैं: जयराम

कसमार : जयराम महतो पश्चिम बंगाल जाने के क्रम में कसमार प्रखंड के पिरगुल गांव में सोमवार को संक्षिप्त वातालाप किए । उसने टुसू पर्व को लेकर बताया कि किसान के जीवन में खुशी तब आता हैं जब किसान धान को काट के, मईठ के, मईस के घर घुसाते हैं। धान किसान के लिए बेटी स्वरूप होता हैं। बेटी जब घर आती है तो खुशी मनाया जाता है। इसी के खुशी में एक महिना तक गीत-गान पकवान होती है और एक महीना बाद नदी में विदाई किया जाता है। मौके पर कमलेश्वर महतो,जयवीर महतो आदि उपस्थित थे।

संस्कृति ही हमारी पहचान इसे बचाने की जरूरत : सारथी

चांडिल : ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बूटगोड़ा व कुकडू प्रखंड के चौका आदरडीह में सोमवार को एक दिवसीय टुसू मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक स्वर्गीय साधु चरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा संस्कृति हमारी पहचान है इसे बचाए रखने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अपील किया। मौके पर विमल चंद्र महतो, नकुल गोराई, जितेन महतो, संतोष सिंह, दशरथ महतो, राजकुमार कैवत आदि कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

लोक संस्कृति और परंपरा को सहेजने की जरूरत : राज्य मंत्री

दुर्गापहाड़ी टुसू मेला में उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय खबर

कसमार: कसमार प्रखंड के दुर्गा पहाड़ी में रविवार को भव्य टुसु मेला आयोजन हुआ। मेले में कसमार, जरीडीह व पेटरवार सीमा सीमावर्ती गांव के हजारों के तादाद में लोग पहुंचे। दुर्गा पहाड़ी टुसू मेला में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो व पूर्व विधायक बबीता देवी भी पहुंचे। इस मौके पर राज्य मंत्री श्री महतो ने मेले का उद्देश्य को बताते हुए एकजुटता के साथ रहने और अपनी परंपरा को अछुन्न बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए टुसु, झुमर नाच आदि को प्रोत्साहन देना चाहिए। झारखंडी संस्कृति की परंपरा को सहेजने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि टूसू व झुमर गीतों में झारखंड के मिट्टी की खुशबु आती है। टूसू झारखंडी संस्कृति का प्रतीक है। झुमर नृत्य व गीतों की हर कला किसान व प्रकृति की जृड़ी हुई है। दुर्गा पहाड़ी को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने को लेकर प्रयासरत है। यहां मंजूरा, बगदा, रघुनाथपुर, डुंडाडीह समेत आसपास के गांवों के लोग आये ओर मेला का आनंद उठाया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी टुसू चौड़ल लिये मेला स्थल को पंहुचे व विसर्जन किया। रास्ते में लोग नाचते गाते व डोहा हांकते पंहुच रहे थे। मेले में बंगाल की सुप्रसिद्ध गायिका रेवती महतो के द्वारा झूमर गीतों पर दर्शको को एक से बढ़कर एक झुमर गीत प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। इस दौरान टूसू प्रतियोगिता में प्रथम, दितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टुसू को पुरस्कृत किया गया।

नायक ने ग्रामीणों की सुनी समस्या

राष्ट्रीय खबर

बुढ़मू : कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव टहल नायक ने बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा का दौरा किया। इस दौरान कांग्रेस नेता शिव टहल नायक ने उमेडंडा के ग्रामीणों का विभिन्न समस्या सुना।, और कांग्रेस नेता शिव टहल नायक को ग्रामीणों ने अवगत कराया कि बिना बिजली जलाए, और बिना मीटर लगाए प्रत्येक घरों में 15 हजार से लेकर 20000 रुपए तक का बिजली बिल भेज दिया गया है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को कांग्रेस नेता शिव टहल ने कहा कि मैं इस मामले को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द बात करूंगा।, और उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान बिजली विभाग के लोग नहीं करते हैं ,तो मैं कार्यकताओं के साथ बिजली विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करूंगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बुढ़मू प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना बहुत से गरीब लोग को नही मिला है, और वंचित हैं। इस मामले को लेकर भी मैं प्रखंड विकास पदाधिकारी बुढ़मू से बात करूंगा। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड बलराम साहू, कांग्रेस पार्टी के नेता सदन साहू, राममोहन नायक, विनोद नायक , जसवंत नायक, तीर्थ नायक, सुरेश नायक, भोला नायक, महिला समिति के अध्यक्ष सुषमा देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहर >> अपडेट

राज्यसभा सांसद का हुआ नया मोड़ में स्वागत

कुजू : बिहार राज्य के राज्यसभा सांसद खीरू महतो का स्वागत कार्यकताओं ने नया मोड़ स्थित फोरलेन चौक पर किया। कार्यकताओं ने धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही जदयू और खीरू महतो के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। सांसद अपने आवास से रांची जा रहे थे। स्वागत करने वालों में रंजीत, धर्मेंद्र, भोला, समीर, निश्चल, बाबू आदि उपस्थित थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

आजसू करेगी हर संभव मदद: पीयूष

रजरप्पा : चितरपुर के रहमत नगर स्थित हरियाली मैदान में सोमवार को शहीद मंजुरूल हसन खान मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव हाजी रफीक अनवर, केंद्रीय सचिव हाजी इंतेखाब आलम, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल हकीम द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ी आगे बढ़े, उन्हें आजसू द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी। आजसू पार्टी जगह-जगह ऐसे खेलकूद का आयोजन कराकर प्रतिभा को उभारने का कार्य कर रही है। आगे कहा कि आज के दौर में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी की मंजिल निश्चित है। इससे पूर्व आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उद्घाटन मुकाबला आरएनसी रहमत नगर बनाम आईएनसीसी इस्लामनगर के बीच खेला गया। जिसमे इस्लामनगर की टीम टॉस हारकर पहले बलेबाजी करते हुए 11.5 ओवर में 74 रन बनाकर आउट हो गई।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

कुजू : सीसीएल तोपा प्रबंधन ने अधिग्रहित भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य पर अंकुश लगाने को लेकर तोपा चौक स्थित पुराना कांटा घर के निकट अवैध रूप से बन रहे दुकान को ध्वस्त किया। साथ ही, एक अन्य दुकान को 24 घंटे के अंदर हटाने का निर्देश दिया। सीसीएल प्रबंधन ने कुजू पुलिस के सहयोग से उक्त भूमि पर क्रेन के माध्यम से निमार्णाधीन एक दुकान को ध्वस्त किया। इस दौरान आसपास के दुकानदारों सहित लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। मौके पर उपस्थित प्रबंधन और पुलिस ने अन्य दुकानदारों को हिदायत देते हुए जल्द से जल्द अतिक्रमण किए गए स्थल को खाली करने का निर्देश दिया। मौके पर ओपी के अनि कमलेश सिंह सदल बल सहित सीसीएल तोपा सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया, रामकिशुन महतो और अन्य सुरक्षाकर्मी व महिला होम गार्ड मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

बेरमो : सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र व वॉलीबॉल एसोसिएशन की ओर से बिनोद बिहारी महतो करगली फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित चार दिवासीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। यहां प्रतियोगिता के अंतिम दिन महिला वर्ग के फाइनल मैच धनबाद बनाम गोड्डा के बीच हुआ, जिसमें धनबाद टीम की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोड्डा की टीम को 25-20, 26-24 व 28-26 (3-0) से हराया, जबकि पुरुष वर्ग के बीच फाइनल मैच सीआईएसएफ रांची बनाम धनबाद के बीच हुआ। जिसमें सीसीएल सीआईएसएफ की टीम ने धनबाद को 25-17, 25-18 व 25-17 (3-0) से हरा कर चैंपियनशिप का खिताब जीता। मुख्य अतिथि ढोरी जीएम एमके अग्रवाल, यूनियन नेता व एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड व उपहार देकर सम्मानित किया।

महोत्सव मेला में उमड़ी हजारों महिला- पुरुष की भीड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया

परंपरा से जुड़ा मकर सक्रांति पर्व आपसी प्रेम भाव और सद्भावना का प्रतीक है : चंद्र प्रकाश

- हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ यह टुसू पर्व
- मकर सक्रांति परंपरा से हमारे पूर्वज मनाते आ रहे हैं

राष्ट्रीय खबर

रजरप्पा : रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला पंचायत अंतर्गत बगलामुखी धाम मंगरी डिब्बा में मकर संक्रांति मेला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हजारों हजारों की संख्या में महिला दर्शक पुरुष शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया गोला पार्षद सरस्वती देवी एवं रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो भी शामिल हुए। अतिथि द्वारा मकर सक्रांति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति ने अतिथियों को 51 केजी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश ने मेला में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि मकर सक्रांति परंपरा से हमारे पूर्वज मनाते आ रहे हैं। इसे बचाए रखने की आवश्यकता है हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ यह टुसू पर्व और मकर मेला है। इस मेले में पास पड़ोस के सैकड़ों महिला पुरुष आकर एक दूसरे से मिलते जुलते हैं तथा आपसी प्रेम भाव और सद्भावना का संदेश देते हैं इस मौके पर उपस्थित हजारों दर्शकों को सांसद ने नववर्ष एवं मकर सक्रांति महोत्सव की शुभकामना दी।

पर्यटक स्थल के रूप में बगलामुखी को विकसित किया जाएगाःनप अध्यक्ष

मकर सक्रांति मेला समारोह में शामिल विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया ने जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से पास पड़ोस के तीन विधानसभा रामगढ़, गोमिया, मांडू से हजारों हजारों की संख्या में महिला पुरुष मेला देखने के लिए शामिल हुए हैं आपसी प्रेम भाव से मिलजुलकर मेला शांतिपूर्वक ढंग से देखें और सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं नप अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से यहां 3 विधानसभा के लोग भारी संख्या में पहुंचते हैं आने वाला समय मे बगलामुखी धाम को झारखंड के मानचित्र पर पर्यटक स्थल के रूप में बड़े पैमाने पर विकसित किया जाएगा।

मकर सक्रांति टुसू मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रांची के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए वहीं नागपुरी-खोरठा कलाकार मनोज झारखंडी, प्रीतम राज, सुमन गुप्ता के डुएल डांस ने खूब लोगों को जमाया वही मजबूल खान और संगीता की जुगल जोड़ी ने कॉमेडी गीतों को सुना कर लोगों का मन मोह लिया और हंसाते हंसाते दर्शकों को लोटपोट कर दिया जहां दर्शकों को झूमने से मजबूर किया गया।

इस मौके पर आजसू वरिष्ठ नेता मृतलाल मुंडा झामुमो नेता शंभू बेदिया भुनेश्वर महतो मुख्य संरक्षक पंचायत मुखिया किसुन राम मुंडा संरक्षक मुखिया(ढूंढी) रामसेवक महतो के अलावे मेला संचालन समिति के अध्यक्ष मोहराई महतो, सचिव बालेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष मिसिरलाल महतो, उप कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, शैलेंद्र महतो, प्रदीप नायक, संतोष महतो सहित दर्जनों का सराहनीय योगदान रहा।

24 सूत्री मांग का समाधान नहीं तो, 8 फरवरी को धरना प्रदर्शन : एजेकेएसएस

राष्ट्रीय खबर

वेस्ट बोकारो (घाटो) : श्रमिक संगठन एजेकेएसएस (अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ) के महासचिव सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन महतो, क्षेत्रीय सचिव किसुन महतो, नानहु सिंह, अखिलेश पिंगले, रामभजन महतो ने सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस (रांची) में सोमवार को अध्यक्ष सह प्रबंधन निदेशक को 24 सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ को संरचनात्मक बैठक में शामिल करने, जो भी परियोजना सीटीओ के कारण बंद पड़ी है, उसे वहीं पर सीटीओ दिलाकर अविलंब चालू करने, सभी क्षेत्रीय अस्पतालों में उचित संख्या में डॉक्टर व पारा मेडिकल स्टाफ सुनिश्चित करने, क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में डिजिटल एक्स - रे मशीन उपलब्ध कराने, सीसीएल के सभी क्षेत्र के वाटर फिल्टर प्लांट दयनीय स्थिति में है।

इसे अविलंब मरम्मत किया जाए ताकि मजदूर शुद्ध पानी पी सके, 9.3.0. के तहत नौकरी के लिए आवेदन करने वाले को निश्चित समय सीमा के भीतर नियुक्ति पत्र देने, सीसीएल मुख्यालय में नियुक्त मासिक भोगी सुरक्षा कर्मियों को द्वितीय शनिवार को अवकाश देने, क्षेत्रीय स्तर के बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए बस उपलब्ध कराने, गांधीनगर अस्पताल में मृतक को पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस मुहैया कराने, प्रस्तावित केबीपी एवं झारखंड लइयो परियोजना के विस्तारीकरण के पहले त्रिपक्षीय वार्ता कर पुनर्वास नीति तय करने, परियोजना प्रभावित क्षेत्र वासियों को ठेका कार्य में प्राथमिकता देने सहित इत्यादि मांगे शामिल है। इस अवसर पर एजेकेएसएस के वक्ताओं ने कहा कि 24 सूत्री मांगों पर प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आगामी 8 फरवरी 2023 को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस (रांची) के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगी।

नेहा ने व्यक्तिगत एवं राज्य स्तर पर 14 प्रशंसा पत्र की हासिल

राष्ट्रीय खबर

गिद्दी : राजस्थान के जम्बूरी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उद्घाटित 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी शिविर में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली गाइड नेहा सिंह को सिटीजन फोरम पब्लिक स्कुल गिद्दी परिवार द्वारा सम्मानित किया गया. उक्त शिविर में भारत के अलावे करीब सात अन्य देशों के स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रतिनिधि शामिल हुए थे. झारखंड राज्य के प्रतिनिधिमंडल में हजारीबाग जिले के सिटीजन फोरम पब्लिक स्कुल गिद्दी की छात्रा नेहा सिंह राज्य का प्रतिनिधि के रूप में गिद्दी कोयलांचल के साथ-साथ राज्य के गौरव की भागीदार बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. जिससे विद्यालय ही नहीं पुरे जिले और राज्य के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे है. करीब 14 प्रशंसा पत्र हासिल कर एक अभूतपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करने का काम किया है. जिसमें नेहा सिंह प्रशंसित हुई है, उसमें राष्ट्रपति का स्वागत, मार्च पास्ट, पैराग्लाइडिंग, जीडीभी सीताराम, स्टेट गेट, रंगोली, फूड प्लाजा, लोकनृत्य कैम्प फायर, कमांडो ट्रेनिंग, पीजेंट शो, एडभेन्चर कार्ड, इंटीगेशन एक्टिविटीज, स्काई डाइविंग, जम्बूरी एवार्ड माउंटेनियरिंग कलर पार्टी इत्यादि शामिल है में भागीदारी निभाते हुए व्यक्तिगत तथा राज्य स्तर पर प्रशंसा प्राप्त की है. उक्त शिविर 04 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित की गई थी।

अवैध प्रेम संबंध बनाकर शारीरिक शोषण मामले में एक को जेल

राष्ट्रीय खबर

रामगढ़ : प्यार का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर पहले शादी किया, जब महिला प्रेग्नेंट हो गई तो उसका गर्भपात कराया गया, बाद में उक्त महिला को दर-दर भटकने के लिए छोड़ दिया गया; रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित सिरका और घटा का यह मामला है। कोर्ट मैरिज को भी नहीं मानता युवक. लड़का और लड़की के द्वारा रांची निबंधन कार्यालय में शादी किया गया जिसका प्रमाण पत्र भी है इसके बावजूद भी लड़का पक्ष के द्वारा इस शादी को मानने से इनकार कर दिया गया जिस कारण लड़की कई महीने से महिला थाना का चक्कर लगा रही थी आज राजे कुजुर महिला थाना प्रभारी बनने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। सिरका कौवाबेड़ा निवासी महिला ने रामगढ़ महिला थाना में मामला दर्ज कराई थी। इस मामले में रामगढ़ महिला थाना ने महूरम टोला रांची निवासी धीरेन कुमार पिता लाल देव कुमार पर मामला दर्ज कर ली। मामले में रामगढ़ महिला थाना पुलिस ने कांड संख्या 1/23 धारा 376/(2)एन/313/507/504/506/420/467/471/109/34 आईपीसी एंड पोस्को एक्ट के तहत धीरेन कुमार को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी।

रा.प्र.वर्कर्स यूनियन का 30वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रबंधन की गलत नीतियों का होगा विरोध : वीणा, बलबिंदर कौर

राष्ट्रीय खबर

गिद्दी : गिद्दी ए परियोजना में राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) का 30 वां स्थापना दिवस शाखा अध्यक्ष वीणा सिन्हा की अध्यक्षता में मनाया गया. सर्वप्रथम यूनियन का झंडोतोलन कार्यक्रम किया गया.ततपश्चात अध्यक्ष वीणा सिन्हा सचिव बलबिंद्र कौर गोपाल शर्मा आदि ने स्थापना काल से यूनियन के नेतृत्वकर्ता पूर्व अध्यक्ष कॉ. शिवशंकर मांझी, मंगल सिंह, रघुवंश सिंह, उदय शंकर ओझा, युगल किशोर राम, जयनारायण बेदिया के आकस्मिक निधन पर साथियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष वीणा सिन्हा और सचिव बलबिंद्र कौर ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के प्रति हमारी यूनियन निरंतर काम कर रही है और प्रबंधन की गलत नीतियों का यूनियन द्वारा विरोध जारी है और रहेगा.उन्होंने कहा कि अरगड्डा क्षेत्र में हमारी यूनियन बहुत मजबूत स्थिति में है. प्रबंधन के साथ समन्वय बनाकर मजदूर हित में काम किया जाएगा.जिस यूनिट में हमारा यूनियन निष्क्रिय है.उसकी सक्रियता के लिए कार्य करना है. बहुत जल्द एरिया स्तर पर सम्मेलन कर यूनियन को मजबूत करने का काम किया जाएगा. वहीं मजदूरों की जो समस्या हमारे यूनियन के माध्यम से शाखा एवं क्षेत्रीय स्तर पर उठाया गया है.उसके निष्पादन के लिए जल्दी ही अरगड्डा जीएम से मिलकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीणा सिन्हा ने की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीणा सिन्हा, सचिव बलबिंदर कौर, गोपाल शर्मा, गिद्दी सी शाखा अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, शिरोमणि देवी सुनीता देवी, शशिकला,बिकु राम, रामु राम, शिशु देवी आदि लोग मौजूद थे।

भरोसा झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे रजरप्पा

रमेश के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी, मिले न्यायः विकास राणा

- मृतक के परिजनों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया
- झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा

राष्ट्रीय खबर

रजरप्पा : पिछले दिनों श्रमिक नेता रमेश विश्वकर्मा की निर्मम हत्या के उपरांत झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा व रामगढ जिला विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि मिलने पहुंचे मृतक के परिजनों से। प्रदेश अध्यक्ष श्री राणा ने परिजनों से मुलाकात कर पूरी बातों से अवगत होकर मदद का भरोसा दिलाया। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि पुलिस प्रसाशन मृतक रमेश विश्वकर्मा के हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर परिजनों को न्याय दिलाये, नहीं तो झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ इस प्रकार की घटना आये दिन हो रही है जिसको अब बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

वही रामगढ जिला विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष गणेश राणा ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।मौके पर जिला सचिव आर पी राणा,प्रदेश महासचिव सुनील कुमार, नगर अध्यक्ष किशोरी राणा,अजय राणा,कौलेश्वर राणा,गुप्तेश्वर शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

न्यूज फटाफट

जिला गंगा समिति की हुई बैठक

रामगढ़ : उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला गंगा समिति के पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होने जनवरी महीने में नमामि गंगे योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा सह जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू सहित अन्य अधिकारियों, महाविद्यालयों के प्राचार्य, सीसीएल, टाटा सहित विभिन्न एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उप विकास आयुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ नमामि गंगे योजना के तहत जन जागरूकता, एक्शन प्लान, ट्री प्लांटेशन एक्टिविटीज, नेचुरल फार्मिंग एवं रामगढ़ जिले के जल श्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु किए जाने वाले कार्यो को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

टुसु पर्व झारखंडी संस्कृति की पहचान, इसे बरकरार रखने की जरूरत : चंद्रप्रकाश

रजरप्पा : मकर संक्रांति के मौके पर कुंदरूकलां सरैया स्थित मंगरीढिपा में रविवार को टुसू मेला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, आजसू के पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, गोला पार्षद सरस्वती देवी, कुंदरुकलां मुखिया किशुनराम मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि टुसु पर्ब झारखंडी संस्कृति की पहचान है, इस संस्कृति को हमें बरकरार रखने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा की मेंला से लोगों के बीच आपसी सौहार्द बढ़ता है। इसमें लोग न सिर्फ खरीदारी करते हैं, बल्कि मनोरंजन के लिए यहां पहुंचते हैं। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत आयोजन समिति द्वारा 51 किलो का माला पहनाकर किया गया। तत्पश्चात म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे देख लोग देर शाम तक झूमते रहे। इधर मेला में पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी भी किया। कार्यक्रम का संचालन मोहराय महतो ने किया। मौके पर पीयूष चौधरी, जगदीश महतो, भुनेश्वर महतो, नंदकिशोर राम दांगी, शंभु बेदिया, मोहराय महतो, दिलीप यादव, शैलेंद्र महतो, विजय केशरी, मिशिरलाल महतो सहित कई मौजूद थे।

कुड़मी और आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण टुसू पर्वः लांमबोदर

वेस्ट बोकारो (घाटो) : गोमिया विधान सभा श्रेत्र के विधायक डॉ. लांमबोदर महतो के सौजन्य से ग्राम पचमो के बनासो मंदिर का दर्शन एवं मेला टांड मे स्टेज एवं शेड का शुभ शिलान्यास, ग्राम रहावन छिन्नमस्तके मंदिर का दर्शन, ग्राम तिलैया मे सामुदायिक भवन का शुभ शिलान्यास, जगेश्वर तिलैया मोड मे यात्री शैड का शिलान्यास एवं टुसू मेला का उद्घाटन समारोह मे महिला-पुरुष के साथ विधायक ने मेला का लुत्फ उठया। इस अवसर पर रहावन ओपी प्रभारी अजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष गुरुचरण महतो, लईयो उत्तरी पंचायत मुखिया सुरेश कुमार उर्फ मदन महतो, कुंदा पंचायत मुखिया आकेशवर महतो, रामविलास महतो, महेश महतो, सहदेव महतो, लालदेव महतो धनेशवर राम, राजेन्द्र महतो, प्रमोद महतो, रोशन लाल महतो जयप्रकाश महतो, निरंजन महतो, भिखा महतो, तेजू महतो, कामेश्वर महतो, ईश्वर दयाल महतो, नोखे लाल, रामधनी पाण्डेय, ठाकुर, बासुदेव रजवार, कंचन महतो, मोती महतो, हिरा लाल महतो, शंकर चौधरी, उमेश महतो, सकल देव महतो, जलेश्वर महतो, योगेन्द्र कुमार, विनोद सिंह, पूर्व मुखिया बालेश्वर महतो, कामदेव महतो, बासुदेव महतो, जयलाल महतो, शलेश महतो, कुलदीप महतो, पुनित महतो, इंदु प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूती करण कार्य को मिली स्वीकृति

पतरातु : सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पतरातू प्रखंड में पतरातू थर्मल (रशियन हॉस्टल) से लेकर साहीटॉड होते हुए रोचाप (डोकाटॉड) से ग्राम टेरपा तक लगभग 5.60 किलोमीटर सड़क का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण पथ का निर्माण लगभग 3.50 (तीन करोड़ पचास लाख) की स्वीकृति प्रदान कर निविदा जारी करने का आदेश जारी कर दिया है। क्षेत्र के दौरे के क्रम में सांसद को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया था। ज्ञात हो कि इस पथ की स्थिति अत्यंत ही जरजर हो गई है। जबकी इस पथ से दर्जनों गांव के लोग एन.टी.पी.सी पतरातु में कार्य एवं अन्य रोजगार करने आते हैं। इस पथ का निर्माण होने से इन गांव वालों को काफी सुविधा होगी इस सड़क से लाभान्वित होने वाले गांव में ग्राम टिलैयाटांड़, साहीटॉड, डाडिडिह, रोचाप (डोकाटॉड), टेरपा टॉकीसूद कीरीगढ़ा, पारगढा आदि है। उक्त बातों की जानकारी महेंद्र कुमार महतो जिला कार्यसमिति सदस्य ने दी।

चुनाव में कांग्रेस का झंडा बुलंद करना है: संतोष

गोला : संग्रामपुर में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर आने वाले उपचुनाव में कड़ी मेहनत कर फिर से कांग्रेस का झंडा बुलंद करना है। गांव के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में उमेश महतो की अध्यक्षता में बैठक कर संग्रामपुर कांग्रेस पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, प्रवीण कुमार महतो सचिव, मेहीराम महतो कोषाध्यक्ष, रामजतन हादसा का चयन किया गया साथ ही साथ 111 कार्यकारिणी सदस्य भी बनाए गए। बैठक में मुख्य रूप से गोला प्रखंड के अध्यक्ष संतोष सोनी पूर्वी भारत के मंडल अध्यक्ष कालेश्वर बेदिया मध्य क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष लखेश्वर महतो 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष राम विनय महतो 20 सूत्री के प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कोटवार, प्रदीप कुमार महतो, लुकमान अंसारी, परमेश्वर महथा, जिलानी अंडु महतो मौजूद थे।

कुड़मि-कुड़मालि संस्कृति का सदियों पुराना परब है अखाइन जातरा : जगेश्वर

चितरपुर : कुड़मि-कुड़माली संस्कृति अनुसार नए वर्ष का पहला परब अखाइन जातरा, हार-पुनहा चितरपुर प्रखंड के साण्डी गांव में धूमधाम से मनाया गया। जिसके विषय में आदिवासी कुड़मि समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगेश्वर महतो नागवंशी ने बताया कि यह कुड़मि-कुड़मालि संस्कृति का सदियों पुराना परब है। अखाइन जातरा जिसे कुछ लोग हार-पुनहा? भी कहते हैं यह परब कुड़मालि कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष के पहले दिन गांव के किसान अपने खेत में ढाई चक्कर हल चलाकर कृषि कार्य की शुरूआत करते हैं। और जिनके यहां हल बैल नहीं है वे लोग कुदाली से ढाई कोड़ी मट्टी खोदकर परब को मनाते हैं। अपनी सदियों पुरानी परंपरा को निभाते हुए साण्डी गांव के सभी किसानों ने अपने-अपने खेत बारी में जाकर इस परब को मनाया। मौके पर सुखदेव महतो, बालकचंद महतो, दुबराज महतो, राम लखन महतो, शिव शंकर महतो, राजेश महतो सहित कई मौजूद थे।

संपादकीय

सरकार समझ रही है मध्यम वर्ग बहुत नाराज है

केंद्र सरकार की प्राथमिकताएं अब फिर से चुनावी हो चली हैं। लगातार विभिन्न मुद्दों पर बात करने वाले भाजपा नेताओं की बातों के बीच से यह संकेत साफ मिलने लगा है। दरअसल ईंधन और रसोई गैस की वजह से महंगाई की मार से पीड़ित लोगों को अब सिर्फ भाषण आश्वस्त नहीं कर पा रहा है। दूसरी तरफ भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी बार बार चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की बात कहकर जनता को नये सिरे से सब कुछ सोचने समझने पर मजबूर कर रहे हैं। भाजपा को नीचे से ऊपर तक इस बात का एहसास है कि उग्र राष्ट्रवाद की नैय्या के सहारे शायद इस बार चुनावी वैतरणी पार करना कठिन है। इसलिए फिर से अब देश में माहौल बनाने वाले मध्यमवर्ग को अपनी तरफ खींचने का काम तेज हो गया है। इस कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वह मध्यम वर्ग पर पड़ने वाले दबाव से वाकिफ हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार ने उन पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। निर्मला सीतारमण एक

फरवरी को लोकसभा में 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार आयकर सीमा बढ़ाएगी और मध्यम वर्ग के टैक्सपेयर्स के अलावा अन्य को राहत देगी। निर्मला सीतारमण का ये पांचवां बजट होगा। पाञ्चजन्य पत्रिका के एक समारोह में निर्मला सीतारमण ने कहा मैं खुद भी मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखती हूं, इसलिए मैं मध्यम वर्ग के दबावों को समझ सकती हूं। मैं खुद को मध्यम वर्ग से पहचानती हूं, इसलिए मैं जानती हूं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने मिडिल क्लास पर मौजूदा सरकार ने कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि 5 लाख रुपये तक की आय आयकर से मुक्त है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए 27 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क विकसित करने और 100 स्मार्ट सिटी बनाने जैसे कई कदम उठाए हैं। वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार मिडिल क्लास के लिए और अधिक कर सकती है। क्योंकि इसकी आबादी बढ़ रही है और अब यह वर्ग काफी बड़ा हो गया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं उनकी समस्याओं को भलीभांति समझती हूं। सरकार ने उनके लिए बहुत कुछ किया है और वह ऐसा करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार 2020 के बजट से हर बजट में इस पर ध्यान देती आ रही है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए इसे 35 फीसदी से बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। बैंकिंग सेक्टर पर उन्होंने कहा कि सरकार की 4 आर रणनीति- रिकॉगनिशन, रि कैपिटलाइजेशन, रेजोल्यूशन और रिफर्म ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के फिर से खड़ा होने में काफी मदद की है। इसकी वजह से एनपीए में गिरावट आई है और पीएसबी के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है। वित्त मंत्री को यह अच्छी तरह पता है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले का यह अंतिम बजट होगा। इसके बाद 2024 में भी सरकार फरवरी में बजट पेश करेगी लेकिन वो अंतरिम बजट होगा। ऐसे में चुनाव से पहले उम्मीद है कि सरकार लोगों को कई तरह की रियायतें दे सकती है। इस बार के बजट में टैक्स स्लैब्स में बदलाव भी किए जाने के संकेत रिटायरमेंट से पहले राजस्व सचिव तरुण बजाज ने दिए हैं। लेकिन ये बदलाव पुराने टैक्स सिस्टम में नहीं किए जाएंगे। इन बदलावों को अगर किया गया तो सरकार 2020 में लाए गए नए टैक्स सिस्टम में करेगी। लेकिन भाजपा नेता अथवा वित्त मंत्री राहुल गांधी द्वारा बार बार उठाये गये उन सवालों का उत्तर नहीं दे पाये हैं, जो अब आम जनता के जेहन में है। किस पूंजीपति का कितना कर्ज माफ किया गया, क्या इसकी वजह से देश की बैंकिंग व्यवस्था बीमार हुई तथा बड़े पूंजीपतियों का कर्ज माफ होने से देश की जनता को क्या नुकसान हुआ, यह सारे सवाल अब जनता के मन में कौंधने लगे हैं। इसलिए भाजपा को इस बात का एहसास है कि इन सवालों की चर्चा अगर जनता के बीच जारी रही तो उग्र राष्ट्रवाद का पुराना फॉमूर्ला शायद काम नहीं आयेगा। दूसरी तरफ राम मंदिर से जुड़ी करोडों लोगों की आस्था भी अब भाजपा को चुनावी लाभ नहीं दिला सकती क्योंकि लोग यह सोचने लगे हैं कि सरकार जब बड़े पूंजीपतियों को लाभ दे सकती है तो देश के आम नागरिक को यह सुविधा क्यों नही मिलती। इसके अलावा गौतम अडाणी के इस सरकार के कार्यकाल में पूंजीगत लाभ और उस पर बैंकों के कर्ज का मसला भी जनता को सोचने पर मजबूर कर रहा है। लिहाजा सरकार अच्छी तरह समझ रही है कि अब जनता के जख्मों पर फिर से मरहम लगाने का वक्त करीब आ चुका है।

आपदा जोखिम की जड़ें कहीं और अंकुर कहीं...

प्राकृतिक आपदाएं एक प्रमुख कारण हैं जो किसी राष्ट्र के जीवन और संपत्ति पर भारी बोझ का कारण बनते हैं। इसलिए आपदा के प्रभाव, उसके शमन और आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक अन्य गतिविधियों के अध्ययन पर तत्काल ध्यान देना अनिवार्य है। आपदाएं मानव निर्मित और प्राकृतिक जन्म दोनों हो सकती हैं। मानव निर्मित आपदाओं में दंगे, युद्ध, परमाणु खतरे, खतरनाक अपशिष्ट आदि शामिल हैं। प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, भूकंप, सुनामी, भूस्खलन, बादल फटने और आदि जैसे जलवायु कारकों और रोग, महामारी आदि जैसे जैविक कारकों के कारण हो सकती हैं। कुछ आपदाएँ सीधे प्रभावित करती हैं। और तत्काल प्रभाव पड़ता है और अन्य का दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। किसी भी प्रकार की आपदा से हमेशा मानव

प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र पत्रकार

जीवन और राज्य संपत्ति का भारी नुकसान होता है। जबकि कई आपदाओं में संपत्ति के विनाश को टालना संभव नहीं है लेकिन किसी भी आपदा में मानव जीवन को बचाया जा सकता है। आपदा घटनाओं की एक श्रृंखला है जो बड़े पैमाने पर जीवन, आजीविका और संपत्ति का विनाश करती है। जब आपदाएं अपरिहार्य हो जाती हैं, तो उनके जोखिम को कम करने की तैयारी के बारे में सोचना अनिवार्य हो जाता है। जैसा कि आम कहावत है, ह्लरोकथाम इलाज से बेहतर हैह्व, यह न केवल जरूरी है बल्कि लचीलापन बनाने के लिए लाभदायक भी है, क्योंकि यह कम विनाश लाता है और यह आपदा के बाद राहत और पुनर्वास की तुलना में सस्ता है। आपदाएं मानव जाति के लिए एक विचार नहीं है। उन्होंने बाढ़, भूकंप, सुनामी, चक्रवात, कुछ नामों के लिए हर संभव रूप में अपनी नींव स्थापित की है। चाहे वह चीनी बाढ़ हो या फ्लोरिडा के चक्रवात, आपदा के निशान सीमाओं के पार हैं। इस संदर्भ में, मानव जाति के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह प्रतिक्रिया से रोकथाम की ओर परिवर्तन करे। पहले, तकनीकी बाधाओं के कारण तैयारी स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान तक सीमित थी जिसे अब वर्तमान पीढ़ी के नवाचार और अनुसंधान के साथ ठीक से एकीकृत करने की आवश्यकता है। आपदा तैयारी के इस तंत्र को विश्व स्तर पर लिया गया है और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय जैसे संस्थान चचाओं और विचार-विमर्श के मंच हैं जहां राष्ट्रों को नागरिक समाज संगठन और स्थानीय समुदाय के सहयोग से आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है। व्यापक आम सहमति के माध्यम से, विभिन्न राष्ट्रों की सरकारों को इन चार कार्यक्षेत्रों के माध्यम से तैयारियों के विचार को आगे बढ़ाने की आवश्यकता हैः पहले ट्रांसपोंडर के लिए चल रहा प्रशिक्षण, विनाश योजनाओं में सामुदायिक भागीदारी, बेहतर जोखिम मूल्यांकन, सरकार के प्रतिक्रिया समय को कम करना। सूची संपूर्ण नहीं है और विभिन्न राष्ट्रों की पारिस्थितिकी के अनुसार इसका विस्तार किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, इंडोनेशिया में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के प्रति उच्च भेद्यता है। तैयारियों के स्तर के अनुसार जो पहले से मौजूद है, देश को अन्य कार्यक्षेत्रों में विस्तार करने की आवश्यकता है। इसकी पुष्टि इस तथ्य से की जा सकती है कि फिलीपींस और भारत जैसे देशों ने चक्रवातों से निपटने के लिए एक बेहतर तंत्र स्थापित किया है, जो इन क्षेत्रों में लगातार घटनाएं होती रहती हैं। टाइफून हागुपिट जो फिलीपींस से टकराया था, मौसम का सबसे मजबूत था, लेकिन बेहतर तैयारी के उपायों के साथ मृत्यु दर में भारी कमी आई है। लगभग, 2,27,००० लोगों को तुरंत आपातकालीन आश्रयों में पहुंचाया गया। मानव संसाधन जो हर अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोपरि है, उसे पहले ध्यान देने की जरूरत है। पहले उत्तरदाताओं को निवारक उपाय करने, निकासी मार्गों की योजना बनाने, पहुंच में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है आपातकालीन आश्रयों और आपातकालीन योजनाओं के लिए उनमें से कुछ हैं। यहां सरकार की भूमिका सर्वोत्कृष्ट हो जाती है। जोखिम मूल्यांकन से लेकर तैयारियों तक, पूरी प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक नियोजित करने की आवश्यकता है। यहां, स्थानीय समुदाय के ज्ञान और नागरिक समाज संगठन की भागीदारी का पूरा लाभ उठाया जा सकता है। सर्वोत्तम प्रथाओं को विश्व स्तर पर साझा करने की आवश्यकता है और दृष्टिकोण समन्वयात्मक होना चाहिए। ह्योगो फ्रेमवर्क के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा संकल्प द्वारा पारित कार्रवाई, लचीलापन बनाने के लिए एक एकीकृत योजना प्रदान करती है। एचएफए कार्रवाई के लिए पांच प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार करता है, और आपदा लचीलापन प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और व्यावहारिक साधन प्रदान करता है। इसे कई सरकारों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने स्वीकार किया है। विकासशील अर्थव्यवस्था जैसे भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है और विकास जोरों पर है, आपदाओं की संवेदनशीलता कई गुना बढ़ जाती है। इसके शीर्ष पर, भारत की एक बहुत लंबी तटरेखा है, लगभग 7,500 किमी जो हर समय चक्रवातों के प्रति संवेदनशील रहती है। उत्तराखंड बाढ़, जम्मू-कश्मीर बाढ़, पूर्वी तट पर फैलिन और हुदहुद चक्रवात कुछ हैं, हाल के दिनों में देश ने आपदाएं देखी हैं।

उड़ीसा चक्रवात और दुनिया भर में विभिन्न अन्य आपदाओं में भारी तबाही से संकेत लेते हुए, सरकार ने काफी हद तक संस्थागत तंत्र को मजबूत किया है। सरकार ने 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम बनाया जो विभिन्न स्तरों पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना करता है। इसके बाद, राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण परियोजना को बहु-खतरा जोखिम प्रबंधन में चक्रवात पूवार्नुमान, ट्रैकिंग और चेतावनी प्रणाली और क्षमता निर्माण के उन्नयन के उद्देश्य से अनुमोदित किया गया था। इसमें कोई संदेह नहीं है, उद्देश्य पूरा हो गया है, क्योंकि राज्य तंत्र लगभग दस लाख लोगों को आपातकालीन आश्रयों में सुरक्षित निकालने में सफल रहा है, जिससे साइक्लोन फीलिन के मद्देनजर मृत्यु दर 50 से कम हो गई है।

साहित्य

विकट समस्या बनता जा रहा है भूस्खलन

कल्पना कीजिए कि जब आपके सर पर छत और पैर के नीचे भूमि ही न बचे तो आप क्या करेंगे? भूस्खलन की स्थिति में लोगों का जीवन त्रासदी का शिकार हो जाता है और वे दर - दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो जाते है। भारत में भी यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। हिमालयी क्षेत्र में दरकते पहाड़ों को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही है। बादलों का फटना हो या भूस्खलन। तारीख बदलती है, साल बदलता है, लेकिन मानसून में पहाड़ों से चट्टानों के खिसकने और भूस्खलन की घटनाएं नहीं बदलती हैं। इसकी वजह से जान-माल का भारी नुकसान होता है। अक्सर सड़कें और घर बर्बाद हो जाते हैं। बहुत ज्यादा बारिश, बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई और अवैध निर्माण ने इस समस्या को काफी बढ़ा दिया है। हमेशा से ही भारत के लिए बड़ा खतरा रहा भूस्खलन एक बार फिर जोशीमठ में हो रहे भूस्खलन से चर्चा में आ चुका है। कुछ समय से जोशीमठ के फिसलने की गति अचानक तेज हो गई है। जमीन के धंसने से समूचा जोशीमठ धंस रहा है। सैकड़ों भवन रहने लायक नहीं बचे हैं। कई जगह जमीन पर भी चौड़ी दरारें उभरने लगी हैं।कुछ स्थानों पर जमीन फटने से पानी बाहर निकल रहा है। जोशीमठ चमोली जिले में स्थित है। इस जोशीमठ में ही धार्मिकता का केंद्र और चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम है। हर साल यहां भक्तों का तांता लगा रहता है और लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।आज यह मठ पृथ्वी के गर्त में समा रहा है और यह सब अचानक नहीं हो रहा है बल्कि इसके बारे में बहुत पहले ही अंदेशा लगाया जा चुका था लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया था। वर्ष 1976 की मिश्रा समिति की रिपोर्ट के अनुसार, जोशीमठ मुख्य चट्टान पर नहीं बल्कि रेत और पत्थर के जमाव पर स्थित है। यह एक प्राचीन भूस्खलन क्षेत्र पर स्थित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अलकनंदा एवं धौलीगंगा की नदी धाराओं द्वारा कटाव भी भूस्खलन के कारकों के अंतर्गत आते हैं। समिति ने भारी निर्माण कार्य, ब्लास्टिंग या सड़क की मरम्मत के लिये बोल्डर हटाने और अन्य निर्माण, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी जिसे ताक पर रख कर निर्माण कार्य किया जाता रहा । इन निर्माण कार्य में वृद्धि, पनबिजली परियोजनाओं और राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण शामिल है और इन कार्यो ने पिछले कुछ दशकों में ढलानों को अत्यधिक अस्थिर बना दिया है। इसके अलावा विष्णुप्रयाग से बहने वाली धाराओं और प्राकृतिक धाराओं के साथ हो रहा चट्टानी फिसलन शहर में भूस्खलन के अन्य कारण हैं। जोशीमठ की समस्या ने भूस्खलन समस्या को फिर से चर्चा में ला दिया है। जोशीमठ अकेला नहीं है, जो ध्वस्त होने की कगार पर है। पूरे हिमालय विशेषकर उत्तराखंड में दर्जनों कस्बे हैं, जो टाइम बम पर बैठे हैं। उत्तराखंड का केस इसलिए भी विशेष है क्योंकि भूविज्ञानियों के अनुसार संपूर्ण हिमालय में उत्तराखंड क्षेत्र ही है जहां आठ स्केल से अधिक के भूकंप आने की सर्वाधिक संभावना है। इसी कारण भूवैज्ञानिक इस क्षेत्र को सेंट्रल सिस्मिक गैप की संज्ञा देते हैं और कोढ़ में खाज यह कि उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में भवन निर्माण में साधारण मानकों का भी पालन नहीं हुआ है। देहरादून, हल्द्वानी जैसे इलाकों में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के अनुसार, भारत में, 420,000 वर्ग किमी, या कुल भूमि के 12.6 फीसदी क्षेत्र में चट्टानों के गिरने का खतरा हमेशा बना हुआ है।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप
स्तंभकार

भारत में भी यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। हिमालयी क्षेत्र में दरकते पहाड़ों को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही है। बादलों का फटना हो या भूस्खलन।

बलिदान महान आदर्श है

फांसी के मात्र दो दिन पूर्व की बात है। राम प्रसाद बिस्मिल की मां अपने लाड़ले के अन्तिम दर्शन के लिए जेल आयी हैं। सहसा माँ को देखकर बिस्मिल की आँखों में आँसू आ गए। मानस में अतीत की अनेक सुखद स्मृतियां साकार होने लगीं। फिर पुत्र की आँखों में झर-झर आँसू टपक पड़े। मां ने देखा और बोल उठी मैं तो समझती थी, तुमने अपने पर विजय पायी है, किन्तु यहां तो तुम्हारी कुछ और ही दशा है। जीवन-पर्यन्त देश के लिए आंसू बहाकर अब अन्तिम समय तुम मेरे लिए रोने बैठे हो? इस कायरता से अब क्या होगा? तुम्हें वीर की भांति हँसते हुए प्राण देते देखकर मैं अपने आप को धन्य समझूंगी। मुझे गर्व है कि इस गए-बीते

जमाने में मेरा पुत्र देश के लिए स्वयं को बलिवेदी पर न्यौछावर कर रहा है। मेरा काम तुम्हें पालकर बड़ा करना था, उसके बाद तुम देश की चीज थे और उसी के काम आ गए। मुझे तनिक भी दु:ख नहीं। अपने आंसुओं पर अंकुश लगाते हुए बिस्मिल ने कहा मां! तुम तो मेरे दिल को भली-भांति जानती हो। मुझे अपनी मृत्यु पर तनिक भी दु:ख नहीं है। आपको मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं अपनी मृत्यु पर बहुत सन्तुष्ट हूं और फाँसी के तख्ते की ओर जाते हुए उन्होंने यह शब्द कहे-

मालिक तेरी रजा रहे और तू ही तू रहे।
बकी न मैं रहुं न मेरी आरजू रहे।
जब तक कि तन में जान, रंगों में लहू रहे।
तेरा ही जिक्र या तेरी जुस्तजू रहे।।

फिर वंदे मातरम्, भारत माता की जय के बाद - विश्वानिदेव सवितर्दुरितानि परसुव यदभद्रं तं न असुव का उच्चारण करते-करते फांसी पर झूल गए।

जानकारी

सिंगापुर मलेशिया की सैर का मौका

आईआरसीटीसी आपके लिए शानदार टूर पैकेज लेकर आया है जिसमें आप 7 दिनों के लिए मलेशिया और सिंगापुर घूमने का आनंद ले सकते हैं,जानते हैं और क्या खास है इस टूर पैकेज में आईआरसीटीसी के ट्वीट के मुताबिक टूर की शुरूआत 18 जनवरी को होगी, यात्रा में सबसे पहले पर्यटकों को दिल्ली से क्वालालम्पुर ले जाया जायेगा, जहां क्वालालम्पुर के खूबसूरत स्थानों की सैर कराई जाएगी। इस पैकेज में आने-जाने की हवाई यात्रा,होटल का किराया, खाने पीने का खर्च लंच डिनर ब्रेकफास्ट, वीजा का खर्च आईआरसीटीसी वहन करेगी।

यात्रा 23 जनवरी 2023 को दिल्ली एयर पोर्ट से शुरू होगी, यात्रा की शुरूआत सुबह 10:5 मिनट पर होगी 6 दिन और 7 रात की इस जर्नी में आपको लंच, ब्रेकफास्ट, और डिनर फ्री मिलेगा। सिंगल व्यक्ति का कुल खर्च

1,35, 000 रुपए है। अगर आपके साथ ५ से 11 साल का बच्चा है तो बेड के साथ कुल खर्च 1,03,700 रुपये है। 5 से 11 साल के बच्चे का किराया बिना बेड के 92,200 रुपये है। यदि आप कम्फर्ट क्लास में डबल या ट्रिपल बुकिंग करते हैं तो प्रति व्यक्ति कुल खर्च 1,15, 500 रुपये होगा। इस पैकेज की बुकिंग आप आईआरसीटीसी की ऑफिशियल वेबसाइट www.irctc.tourism.com से ऑनलाइन करा सकते हैं, इसके अलावा आईआरसीटीसी पर्यटक सुविधा केंद्र और क्षेत्रीय और स्थानीय कार्यालयों से भी करा सकते हैं।

मारुति की गाड़ियां खरीदना हुआ महंगा

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने आज यानी 16 जनवरी से कारों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। सभी मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत में 1.1% का इजाफा किया गया है। हालांकि वैरिएंट और मॉडल के हिसाब से है यानी कि सभी गाड़ियों की कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी की गई है। कंपनी ने अभी इस बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है कि, किस मॉडल की कीमत में कितना इजाफा किया जाएगा। कंपनी के अनुसार ने इनपुट कोस्ट बढ़ने के कारण गाड़ियों की कीमतों में इजाफा किया गया है। दिल्ली में इसकी ऑल्टो के बेस मॉडल की एक्स शोरूम कीमत में 3,729 रुपए तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं अर्टिगा के बेस मॉडल की एक्स शोरूम कीमत में 9,251 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। मारुति सुजुकी ने दिसंबर 2022 के अपने ऑटो सेल्स के आंकड़े जारी किए थे। कंपनी ने दिसंबर महीने में

टोटल 1,16,662 यूनिट्स की सेल्स की है। इससे पहले नवंबर में कंपनी ने टोटल 1,59,044 यूनिट्स की सेल्स की थी। ऑटो एक्सपो में मारुति ने अपनी ऑफ रोडर रवश जिम्नी को लॉन्च कर दिया। भारत में जिम्नी का 4 व्हील ड्राइव और 5 डोर वर्जन लाया गया है। मारुति ने जिम्नी की बुकिंग भी शुरू कर दी है। कंपनी इसकी बिक्री अपनी प्रीमियम डीलरशिप नेक्सा के जरिए करेगी। कस्टमर 11 हजार रुपए देकर इसकी बुकिंग करा सकते हैं। मारुति का कहना है कि जिम्नी इसी साल की पहली तिमाही में सड़कों पर नजर आएगी। एक्सपो में मारुति ने अपनी प्रीमियम रवश फ्रॉन्क्स को भी लॉन्च कर दिया है। युवाओं को ध्यान में रखकर इसे 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया गया है। कंपनी का दावा है कि इसमें दिए गए फीचर इस रवश को लाइफस्टाइल कस्टमर्स के लिए आइडियल बनाते हैं।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

भारत ने हजारों वर्ष पहले कहा कि एक ही चेतना सब में है। भारत में गो पूजा से लेकर प्रकृति पूजा तक की जाती है। भारत ने कहा कि आत्मवत सर्वभूतेषु, अपने जैसा सबको मानो।

शिवराज सिंह चौहान
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री

वीडियो में करीना कपूर के आलीशान घर की झलक भी देखने को मिल रही है। करीना ने ब्लैक टॉप, ग्रे पैंट और व्हाइट स्नीकर्स पहने हैं, जिसमें बेहद फिट दिखाई दे रही हैं। वीडियो में करीना सीढ़ियां चढ़ते हुए आती हैं और योगा मैट पर एक्सरसाइज करना शुरू कर देती हैं।

करीना कपूर
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

राजस्थान की राजनीति पर फिर से नही लग जाए ग्रहण

राजस्थान में सचिन पायलट खेमा सक्रिय होने जा रहा है ।सचिन की सभाओं की शुरूआत आज से पतबतसर से होने की संभावना जताई जा रही है ।जिस तरह से 11 जनवरी को राहुल की मुलाकात के बाद सचिन कुछ बदले बदले से दिखने लग रहे है ।उनके जोश और जज्बातों के पीछे कोई कारण हो या नही हो,लेकिन राजस्थान में बजट सत्र से पूर्व पांच सभाओं का विधिवत आयोजन किया जा रहा है ।उसमें सचिन की नींव मजबूत होती दिख रही है ।पांच जिलों में सचिन पायलट की सभाओं में पाली जिले की सादड़ी में किसान सम्मेलन भी शामिल है ।अशोक गहलोत को सचिन फूटी आंख नही सुहाते है ।लेकिन आलाकमान की रहम नजर से अशोक गहलोत को दरकिनार करने की नोबत आ रही है ।अशोक गहलोत तो आज भी भावी मुख्यमंत्री के नाम की मोहर सचिन पर नही लगाना चाहते है ।तब यह सवाल उठ रहा है कि राजस्थान में एक टर्म में कांग्रेस और दूसरे टर्म में भाजपा सरकार का क्रम है ।अगर इस बार फिर से कांग्रेस सत्ता में आती है तो सचिन के मुख्यमंत्री बनने की दावेदारी अशोक गहलोत के सामने टॉय टॉय फीस होती नजर आएगी?इसके बावजूद भी अशोक गहलोत सचिन को राजस्थान की राजगद्दी देने के लिए तैयार नही है ।गुर्जर समाज पर वर्चस्व रखने वाले और राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री के तौर पर सचिन पायलट का नाम सबसे आगे है ।राहुल से आशीर्वाद लेकर सचिन शक्ति प्रदर्शन की बागडोर अपने हाथ मे लेकर कुछ नया जरूर करेंगे,जिसका राहुल को उम्मीद है ।अशोक गहलोत की मर्जी के खिलाफ सचिन को नई जिम्मेदारी देकर राहुल सचिन की दूरगामी स्थिरता कायम करने की कोशिश कर रहे है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर >> अपडेट

वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

बेरमो /तेनुघाट कोर्ट : तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों के द्वारा वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि यह वन भोज सह मिलन कार्यक्रम में अधिवक्ता गण पहुंचे हैं। इसे देखकर ऐसा लग रहा है सभी हम सब एक साथ एक दूसरे से मिल रहे हैं। यह जो समारोह किया गया है। वह हमारे संघ के सदस्य वकील महतो के द्वारा किया जा रहा है जो काफी ही सराहनीय है।

सिटी अपडेट्स >>

खेलायचंडी मंदिर ग्रामीणों की गहरी आस्था का केंद्र है

बेरमो/ललपनिया : मकरसंक्रांति पर्व के अवसर पर गोमिया प्रखण्ड के होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर में आयोजित खेलायचंडी सुप्रसिद्ध मेला कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए ।इसके पूर्व उन्होंने खेलाचंडी मंदिर पहुंच मां खेलाचंडी का दर्शन किए ।ततपश्चात उन्होंने मां खेलायचंडी के चरणों में शीश नवाया और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की मंगलकामना की। इस मौके पर माननीय मंत्री महतो ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा खेलायचंडी मंदिर इस क्षेत्र के ग्रामीणों की गहरी आस्था का केंद्र है। इस पूरे परिसर के समुचित विकास के लिए पहल किया जाएगा। इस मौके पर आयोजक समिति द्वारा माननीय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मेला डाक प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, अध्यक्ष टीलु यादव, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सिंह, सचिव नारायण रविदास, कोषाध्यक्ष उप मुखिया रंजीत साव,समाजसेवी भरत रविदास, छोटी रविदास सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

बोलेरो वाहन में दुर्घटनाग्रस्त चालक की टुटी हांथ

दारू : दारू रविवार की रात्रि को ले जा रही बोलेरो पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर को बिजली पोल में मारा टक्कर। में वाहन चालक बुरी तरह घायल हो गया और उसकी कलाई की हड्डी टूट गई। इस दुर्घटना में गनीमत रही कि दुर्घटना से पहले 11000 विधुत का करंट प्रवाहित हो रही थी पर दुर्घटना के बाद शार्ट सर्किट के कारण कवालु विद्युत सबस्टेशन से बिजली ट्रिप कर गयी अन्यथा बड़ा हादसा और जानमाल की क्षति हो सकती थी वाहन में महिला पुरुष मजदूर सवार थे ।घटना के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि वाहन में घर ढलाई करने वाले मजदूर सवार थे जो मोरंगी में ढलाई कर अपने घर टाटीझरिया क्षेत्र के सिमरा जा रहे थे। बोलेरो पिकअप वाहन को सबसे पहले एक अज्ञात हाईवा ने चकमा दिया जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर लगे बिजली के पोल में टक्कर मार दी। टक्कर में पोल टूट गया ट्रांसफरमर क्षतिग्रस्त गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल चालक को 108 एम्बुलेंस से हजारीबाग भेज दिया गया जहां उसकी हालत ठीक है।

डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

हजारीबाग : डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार की सभाकक्ष में हुई। बैठक में डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य,शिक्षा,महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर विचार विर्मश करते हुए परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई ।बैठक में प्राथमिक मध्य विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन पर विचार विमर्श करते हुए विभिन्न प्रखंडों के प्राथमिक/मध्य विद्यालयों के सुधृढ़ीकरण के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

निर्देश

खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक में

अवैध खनन,परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने की रणनीति पर हुई चर्चा

- माफियाओं पर योजनाबद्ध से लगातार संयुक्त कारवाई किया जाए
- परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा खनन माफियाओं पर योजनाबद्ध तरीके से लगातार संयुक्त कारवाई किया जाए। सभी संबंधित विभाग बेहतर तालमेल से अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित और संयुक्त अभियान चलाए। साथ ही कारवाई किए गए अवैध खनन वाले स्थान पर पुनः अवैध गतिविधि न हो इसके लिए उक्त स्थलों की समय-समय पर मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करें। माफियाओं पर कार्रवाई के दौरान पर्याप्त मात्रा में बल पुलिस बल की उपलब्धता कराई जाएगी। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता विद्युत को इचाक अंचल के सडाम मौजा तथा पदमा प्रखंड के सोनपुरा में अवैध क्रशर के समीप अवस्थित ट्रांसफार्मर को हटाने का निर्देश दिया गया। सीसीएल तथा एनटीपीसी के माध्यम से कोयला परिवहन में लगे वाहनों से प्रदूषण की रोकथाम निवारण एवं मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक परिवहन नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों पर जिला परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बड़कागांव, केरेडारी वन क्षेत्र में अवैध कोयले के खनन भंडारण, साथ ही बड़कागांव, केरेडारी, विष्णुगढ़ क्षेत्र में नदियों से अवैध बालू उत्खनन व ट्रैक्टर, हाईवा से बालू का परिवहन पर रोकथाम के लिए अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, डीएफओ, जिला खनन अधिकारी सहित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित टास्क फोर्स के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।आगामी सरस्वती पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता जरूरी : पुलिस अधीक्षक आगामी सरस्वती पूजा के दौरान विधि व्यवस्था में कोई व्यवधान न हो इसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने कहा सभी थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी आयोजित होने वाले पूजा पंडालों की सूची तैयार करने एवं प्रतिमा विसर्जन मार्ग, विसर्जन स्थल, समय की जानकारी संकलित कर आयोजनकर्ताओ की जानकारी संकलित करें।

गैस सिलेंडर में आग लगने से पति पत्नी घायल,पत्नी की हालत गंभीर

- खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से गैस लीक हो गया

राष्ट्रीय खबर

बड़कागांव : बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम कदमाडीह में सोमवार को दोपहर में गैस सिलेंडर में आग लगने से से नंदकिशोर सिंह (उम्र 45 वर्ष)एवं उसकी पत्नी अनीशा देवी (40 वर्ष) बुरी तरह जलकर घायल हो गए। दोनों को बड़कागॉव अस्पताल लाया गया । यहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 पूजा कुमारी ने प्राथमिक उपचार की बेहतर इलाज के लिए दोनों को एंबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया । डॉ पूजा कुमारी ने बताया कि दोनों पति-पत्नी में से पत्नी अनीशा देवी की स्थिति गंभीर है । लगभग 70% भाग जल गई है। जबकि नंदकिशोर सिंह का हाथ जल गया है। परिजनों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से गैस लीक हो गया । जिससे शरीर में आग पकड़ ली इस कारण अनीशा देवी जल गई । उसके पति नंदकिशोर सिंह जब उसे बचाने गए तो वह भी जल गए अनीशा देवी के तीन बच्चे हैं।

कुशवाहा महासभा के सम्मेलन को लेकर बटेश्वर ने किया दौरा

राष्ट्रीय खबर

इचाक : झारखंड कुशवाहा महासभा की जिला इकाई का महासम्मेलन 22 जनवरी 2023 को किया जाना है। जिस की तैयारी को लेकर महासभा के प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को इन्होंने पदमा और इचाक प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान कुशवाहा बंधुओं को एक मंच पर आने की अपील की कहा कि 22 जनवरी 2023 को हजारीबाग के शिवम बैंक्वेट हॉल में जिला स्तरीय महा सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश भर के कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी एकत्रित होंगे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेहता के साथ जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक मटकी भारी महतो, जिला महासचिव सह पूर्व मुखिया डेगनारायण प्रसाद मेहता,और वकील मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

बरका खुर्द मुखिया ने खेल सामग्री का किया वितरण

राष्ट्रीय खबर

इचाक : इचाक प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरका खुर्द में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत आज बरका खुर्द पंचायत के 16 खिलाड़ियों को जैसे जितेंद्र कुमार ,विद्यानंद कुमार ,विकास कुमार ,पिंटू कुमार, नंदन कुमार, सूरज कुमार ,रोहित कुमार, विक्रम कुमार ,सोनू कुमार, शेखर कुमार ,अभय कुमार, पिंटू कुमार, सचिन कुमार ,विकी कुमार के बीच खेल की सामग्री जैसे जर्सी बूट एवं पैर गार्ड समेत कई खेल सामग्री बरका खुर्द पंचायत की मुखिया सीता कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार मेहता ने वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया सीता कुमारी ने कही की राज्य सरकार द्वारा जिस सोच के साथ पंचायत स्तर पर खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का उपलब्ध कराया जाना निश्चित तौर पर यह एक अच्छा पहल है। आगे मुखिया ने कहीं की मैं भी हमेशा पंचायत में अपने स्तर से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहूंगी। इस अवसर पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी खिलाड़ियों की प्रतिभा की कमी नहीं है सिर्फ जरूरत है।

ग्रैंड चाइल्ड बैंक खाता पर एसएनओ ने की ऑनलाइन बैठक

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : सेंट्रल नोडल एजेंसी खाता, चाइल्ड एवं ग्रैंड चाइल्ड बैंक खाता पर झारखंड के राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में सभी विश्वविद्यालयों के कार्यक्रम समन्वयक, जिला नोडल पदाधिकारी एवं एनएसएस पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सभी एनएसएस अकाउंट को भारतीय स्टेट बैंक में ग्रैंड चाइल्ड अकाउंट खोलने पर चर्चा की गई। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, पटना के मैनेजर सुनील कुमार एवं रांची के गायत्री शर्मा तथा मनीषा कुमारी समेत झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के कार्यक्रम समन्वयक, जिला नोडल पदाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बैंक अधिकारी कुमार ने जानकारी दी कि केंद्र से एनएसएस की सभी उपलब्ध राशि राज्य सरकार, विश्वविद्यालय एवं कॉलेज में सीधे पीएफएमएस सिस्टम के खाते में डाली जाएगी, जिससे आवश्यकतानुसार राशि को बैंक के ग्रैंड चाइल्ड खाता में डाली जाएगी। शुरू में ग्रैंड चाइल्ड बैंक अकाउंट शुन्य बैलेंस पर खोला जाएगा। इस खाते को वित्तीय वर्ष 2022- 23 में ही खोलना है। इस पद्धति से राशि सीधे केंद्र सरकार से राज्य सरकार एवं राज्य सरकार से विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के खाते में पीएफएमएस अकाउंट से डाली जाएगी। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एसएनओ डॉ कुमार ने की।

वितरण

वनवासी कल्याण केन्द्र के खरपोका पंचायत दोन्दोसिमर गाँव में

200 जरुरत मंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण

- सामग्री का वितरण वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा किया गया
- जरूरतमंद लोगों के बीच यह कार्यक्रम का आयोजन किया

राष्टीय खबर

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड क्षेत्र खुखरा थाना अंतर्गत खरपोका पंचायत के दोन्दोसिमर गाँव में 200 जरूरतमंद बच्चों एवं बड़ो के बीच सोमवार को गर्म कपड़ों कॉपी कलम,एवं अन्य सामग्री का वितरण वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा किया गया। बच्चों के हाथों गर्म कपड़े व कंबल पाकर लाभुक काफी खुश हुए और उन्हें आशिर्वाद दिया ।वनवासी कल्याण केंद्र का उद्देश्य है कि गरीब परिवार को जिस प्रकार धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है उसपर रोक लगे इस लिए जरूरतमंद लोगों के बीच यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बता दे कि कार्यक्रम का शुरूआत स्थानीय बच्चे उषा कुमारी एवं रेखा कुमारी द्वारा सरस्वती वंदना से की गई । मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद केसरी ने बताया कि यह गर्म पोशाक के दानी दाता प्रदीप केशरी(पप्पू),उत्तम गुप्ता, नरेंद्र सिन्हा, दिलीप सिंह है ।वही कार्यक्रम को सफल बनाने में वनवासी कल्याण केंद्र के जिला अध्यक्ष विनोद केशरी,जिला सचिव अमित श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री शिवलाल बेसरा,प्रखंड अध्यक्ष ग्रीष्म भक्त, चिकित्सा प्रमुख नीलकंठ मलहा,राम लाल मुर्मू,भगीरथ पंडित के अलावे सेकड़ो ग्रमीण महिला एवं पुरूष मौजूद थे।

19 जनवरी से शुरू होगा नोवामुंडी में फ्लावर शो

एस के पाण्डेय/ गुवा नोवामुंडी : टाटा स्टील, ओएमक्यू डिवीजन द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित 32वां वार्षिक फ्लावर एंड वेजिटेबल शो 19 जनवरी को नोवामुंडी एमई स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। उक्त जानकारी टाटा स्टील के मुख्य महाप्रबंधक अतुल कुमार भटनागर ने दी है ।तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन डीबी सुंदर रामम, वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मैटेरियल) द्वारा किया जाएगा। नोवामुंडी टाउनशिप के निवासियों, स्थानीय किसानों और संगठनों द्वारा विभिन्न फूलों और सब्जियों का प्रदर्शन किया जाएगा। संस्थागत प्रदर्शन और व्यक्तिगत श्रेणियों के तहत कुल 38 स्टॉल लगाए जाएंगे ।निर्णायकों द्वारा विभिन्न श्रेणियों के तहत एक्सहिबीट्स का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके लिए कार्यक्रम के समापन दिवस पर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे ।तीन दिनों के दौरान बागवानी, लाह और मशरूम की खेती के बुनियादी ज्ञान पर एक कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र, जगन्नाथपुर के वैज्ञानिकों द्वारा सब्जियों की फसल में कीटनाशकों के उपयोग और वर्मीकम्पोस्टिंग की तैयारी पर जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा।

न्यूज फटाफट

पोटका में मनाई जाएगी नेताजी की जयंती

जमशेदपुर: हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 23 जनवरी 2023 को पोटका प्रखंड के विभिन्न गांव में सुभाष संस्कृति परिषद जमशेदपुर के सहयोग से भारत की आजादी के महानायक तथा भारत के प्रथम प्रधान मंत्री नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 वी जयंती विभिन्न कार्ज्य क्रमो के साथ धूमधाम से मनाई जायेगी यह जानकारी नेताजी जयंती के संयोजक सुनील कुमार दे ने दी ।23 जनवरी 2023 को सुबह 9 बजे नुआग्राम प्रार्थमिक विद्या लय में मनाई जायेगी। इस अबसर पर प्रभातफेरी, नेताजी की जीवनी पर परिचर्चा, प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता आदि कार्ज्य क्रम होंगे। सुबह 10 .30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर हल्दीपोखर में नेताजी जयंती पालन की जायेगी ।इस अबसर पर प्रभातफेरी, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताए, नेताजी की जीवनी पर आलोचना,प्रश्न उत्तत प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्ज्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्ज्यक्रम होंगे। अपराह्न 2 बजे खैर पाल के नेताजी चौक में नेताजी जयंती मनाई जायेगी। इस अबसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा भब्य प्रभातफेरी,विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं,नेताजी की जीवनी पर आलोचना सभा,प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्ज्यक्रम और पुरस्कार वितरण आदि होंगे। इस नेताजी जयंती को सफल बनाने के लिए सभी नेताजी प्रेमिओ को सादर आमंत्रण दिया जा रहा है ।विदित है नेताजी सुभाषचंद्र बोस 1939 को हल्दीपोखर चावल हाट और कालिकपूर गांव में आए थे और सभा किये थे इसके लिए पोटका वासी धन्य और गौरवान्वित है।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड मधुबन थाना अंतर्गत मधुबन स्थित सीआरपीएफ केम्प के समीप रविवार को रात करीब 10 बजे एक टेम्पू और डिजायर में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें टेम्पू पलट गई और डिजायर का सामने बोनेट छतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसकी जानकारी मिलने के बाद मधुबन थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह एवं मेला समिति के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पीरटांड़ स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।

बहुत हुई मंहगाई की मार नही चाहिए जुमलें की सरकार :शैलेन्द्र

हजारीबाग : हजारीबाग सदर प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम अमनारी गांव से चलकर सिलवार चौक पर भारत जोड़ो यात्रा सभा में तब्दील हो गई और वंहा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल 200 रूपए सरसों तेल बहुत हुई मंहगाई की मार नही चाहिए जुमलें की सरकार के जोरदार नारे लगाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड के अध्यक्ष अजित सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश नफरत से नही मुहब्बत से चलता है। भाजपा के शासन काल में अमीर अधिक अमीर और गरीब अधिक गरीब हो रहें हैं। हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में कन्याकुमारी से काश्मीर तक की 3,750 किलोमीटर की लम्बी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम जारी है जो पुरी तरह से राष्ट्र हित में है। उसी तर्ज पर झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर तक जारी रहेगा। इस अवसर कार्यक्रम के प्रभारी शशि मोहन सिंह ने मोदी सरकार का विरोध करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से मंहगाई चरम पर है रसोई गैस सिलेंडर का मुल्य 400 रूपए से बढ़कर 1200 रूपए हो गए हैं और पेट्रोल डीजल का मुल्य 100 रूपए पार कर गई है। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन सरपंच राजेन्द्र महतो ने किया। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, कैलाश पति देव, कलावती देवी, ज्ञानी प्रसाद मेहता, केडी सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, राजीव कुमार मेहता, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, राजेश गुप्ता, इदरिश अंसारी, सुदेश पासवान, हनीफ अंसारी, जलील मियां, इकरार अंसारी, असगर अली, शैबून निशा, ऐशा खातून, शहजादी परवीन के अतिरिक्त सैकड़ों ग्रामीण महिला तथा पुरूष कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजन

हजारीबाग : सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली के निदेर्शानुसार आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखलाबद्ध कडी के अंर्तगत महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा,प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप हजारीबाग के तत्वाधान में दिनांक सोमवार को दोपहर 02 बजे से 5 बजे तक हजारीबाग शहर स्थित झील एरिया में स्थानीय प्रशासन के समन्वय एवं सहयोग से क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीमा सुरक्षा बल मेरु कैंप के जॉज एवं ब्रास बैंड के द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सीमा सुरक्षा बल के गीत हम सीमा के प्रहरी हैं हम सीना तान खडें,हम भारत के गौरव की बनके पहचान खड़े से कार्यक्रम का शानदार आगाज किया गया। इसके पश्चात जॉज एवं ब्रास बैण्ड ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं धुनों का सिलसिला आरम्भ किया तो पूरा कार्यक्रम स्थल वन्दे मातरम् एवं भारत माता की जयघोष के नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में आम जनमानस व स्थानीय कलाकारो ने भी हिस्सा लिया। सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के जॉज एवं ब्रास बैण्ड की प्रस्तुति नें उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुखिया सुनीता देवी ने किया कंबल वितरण

इचाक : इचाक डाढ़ा पंचायत के अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव दिगहि ,बभनी बका में गरीबों के बीच मुखिया सुनीता देवी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल बांटा गया । श्रीमती मुखिया ने कहा कि अधिक ठंड व शीतलहरी को देखते हुए असहाय बुजुर्ग महिला पुरुषों को कंबल वितरण किया गया ताकि ठंड से बच सके एवं सभी ग्राम वासियों से अपील किये की ठंड से बचे धूप निकले तभी घर से बाहर निकले और ज्यादातर समय धूप में ही बिताए इससे शरीर स्वस्थ और दुरुस्त रहता है।

मुखिया के द्वारा कंबल वितरण

दारू : दारू दारू प्रखंड के पुनाई पंचायत के टटगांवा मे मुखिया अनिल कुमार देव के द्वारा रविवार को गरीब परिवार के बिच कंबल का वितरण किया गया मूंडिया देव ने कहा की किसी भी गरीब परिवार को ठंड से बचकर रहना है। हम आपलोग के बीच हर वक्त खड़ा है और रहेगें। किसी भी जरूरत की पूर्ति करने के लिए हर संभव प्रयास रत रहूंगा। मौके पर मौजूद अखिलेश देव, मिट्ठू रविदास, अरविंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रदेश >> अपडेट

गुमशुदा की खोज

बेरमो : फुसरो नगर परिषद के ढोरी ग्राउंड के समीप लाला डोम के छोटा बेटा लगभग 20 वर्षीय सनी कुमार, हाइट 5 फीट लगभग 7 इंच, जींस मैरून कलर का शर्ट हवाई चप्पल पहना हुआ है जो 14 जनवरी को अपने बड़े भाई को खाना पहुंचाने के लिए गया था, जो करगली बाजार राशन की दुकान पर काम करता है। खाना पहुंचाने के बाद वहां से निकला लेकिन घर वापस अभी तक नहीं आया। जिसकी सूचना बेरमो थाना को 15 जनवरी को दे दी गई है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

पंचायतों में हुए गबन के 1.84 करोड़ रुपये की होगी वसूली

बस्ती : उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में विकास कार्यों को दरकिनार करके सरकारी धन का गबन करने वाले 22 ग्राम पंचायतों से एक करोड़ 84 लाख रुपये की वसूली (रिकवरी) शीघ्र की जायेगी। इसके लिए प्रथम कार्रवाई शुरू की जा रही है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया है कि जिले के विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान 22 ग्राम पंचायत ऐसे पाये गये है जिनके द्वारा विकास कार्यों को सिर्फ कागज में दिखा कर अवैध ढंग से भुगतान करके 1 करोड़ 84 लाख रुपये का गबन किया गया है।

रायबरेली में डम्पर की चपेट में आने से युवक की मौत

रायबरेली: उत्तर प्रदेश के रायबरेली के शिवगढ़ इलाके में अज्ञात डम्पर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी, लेकिन मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस सूत्रों से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात करीब आठ बजे के आसपास शिवगढ़ इलाके के रानीखेड़ा गांव के पास एक अज्ञात डम्पर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी, जिससे हड़कंप मच गया। बताया गया कि मृतक कमल कुमार पुत्र रमेसर (25) कई सालों से अपनी ससुराल गुड़िया गढ़ी में रहता था।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

नेपाल की एक वृद्ध महिला की मौत

फर्रुखाबाद: उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के थाना एवं कस्बा कंपिल के एक आश्रम में नेपाल की रहने वाली वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि नेपाल में पांच पोखरी, थाडपाल की स्थायी निवासी सोमा साप कोटा (65) महिला यहां फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर थाना एवं कस्बा कंपिल के ओम शांति आश्रम में रह रही थी। रविवार शाम को वृद्ध महिला की तबीयत अचानक खराब हुई। इसके बाद आश्रम से विनय नामक व्यक्ति ने वृद्ध महिला को फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सा उपचार के लिए भर्ती कराने के लिए लाया। यहां सरकारी चिकित्सक ने इस वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया। कंपिल थानाध्यक्ष ने बताया कि नेपाल की इस मृतक वृद्ध महिला के शव का आज पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भेज दिया गया है और मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही ज्ञात हो सकेगा।

हादसे में महिला की मौत बेटा और पति घायल

कुशीनगर: उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पकड़यिार बाजार में रविवार देर रात दो स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली के पहिए की नीचे आ जाने से स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई। महिला के पुत्र और पिता घायल हो गए। दूसरे स्कूटी पर सवार एक महिला भी चोटिल है। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। गोरखपुर जनपद के सोनबरसा थाना क्षेत्र के बेलाकाटा निवासी रूमाली देवी (50) पति रामचंद्र (55) और बेटा आशीष (30) के साथ रामकोला थाना क्षेत्र के पिपरा बुजुर्ग गांव में अपने रिश्तेदार के घर ब्रह्मभोज में शामिल होने के बाद वापस घर जा रही थीं।

टूनामेंट पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता महुराव व पांती उच्च विद्यालय के मैदान में

महुआरी ने देवरी को व बरडंडा ने मोकहर कला को किया पराजित

▶▶ सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है

राष्ट्रीय खबर

हुसैनाबाद,पलामू: टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता महुराव व पांती उच्च विद्यालय के मैदान में क्रमशः टीम सूर्या महुअरी बनाम टीम सुर्या देवरी कला, टीम सूर्या बड़ंडा व मोकहर कला के बीच खेला गया। पंचायत स्तरीय टूनामेंट का आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने गत माह शुरू कराया है। माहुराव मैदान में खेले गए मैच में महुअरी की टीम ने देवरी कला की टीम को 3 विकेट से पराजित कर दिया। महुअरी की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।देवरी कला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए महुअरी की टीम ने लक्ष प्रात कर मैच जीत लिया। सौरभ सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब सौरभ सिंह को मिला। जबकि पांती उवि के मैदान में खेले गए मैच में बड़ांड ने मोकहर कला को तीन विकेट से पराजित किया। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि टूनामेंट का आयोजन युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता लाना व खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना है। 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह व बिमलेश सिंह ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग इलाकों में किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने में आम लोगों को भी आगे आना का आह्वान किया।

मौके पर प्रदेश सचिव चंदन सिंह,एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह,मनदीप राम,अनुमंडल अध्यक्ष,विनय पासवान, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, एनसीपी नेता रविरंजन सिंह,बद्री नारायण सिंह,पंचायत समिति,युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरी,चंचल कुमार,समिति पति सोनी साबानो, युवा प्रखंड अध्यक्ष, ओमप्रकाश राजवंशी, सतेंद्र सिंह, गोरख पासवान, पवन सिंह, अजीत सिंह, मनीष सिंह, राजन सिंह, आनंद कुमार, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, मनीष सिंह, अंशु,विजय राजवंशी, भोला सिंह, सामिल हुए।

सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत सचिवालय परिसर में आयोजित

राष्ट्रीय खबर

हुसैनाबाद, पलामू: संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत देवरी खुर्द, देवरी कला, बडेपुर, महुअरी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुआ। साथ ही देवरी कला पंचायत के मुखिया श्री मनोज भारती के बड़े भाई एवं श्री लक्ष्मी सिंह जी की मां के असामयिक मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंचा और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उक्त पंचायतों का भ्रमण के दौरान जनता की जनसमस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ माननीय सांसद जी के द्वारा केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि उफ्क्क्र योजना के तहत भजनिया मोड़ से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) भाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानी देवा तक 17.372 किलोमीटर, पथ निर्माण विभाग से हैदरनगर से पंसा, भजनिया मोड़ से हैदरनगर मेन रोड़ तक एवं जपला से नवीनगर तक सड़क स्वीकृत कराया गया है। इसके साथ ही साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है:- मुख्य सड़क से पांती बटंडा तक 5.92, उपरीकला उपरी खुर्द 6.11, सरगाडा से हैदरनगर वाया नौडीहा पतरीया 13.58 किलोमीटर स्वीकृत कराई गई है।

जरूरतमंद ठंठ में ठिठुर रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर : आज के दौर में जहां युवा शराब, जुआ, गांजा, भांग, ड्रक्स आदि नशीली पदार्थ का शिकार हो रहे हैं वही पलामू मेदिनीनगर के कुछ युवा इन सभी बुराइयों से अलग हटकर समाज हित में बढ़-चढ़कर हैं, हिस्सा ले रहे हैं और लोगो की विभिन्न तरह से मदत् करते हुए एक मिसाल कायम कर रहे है। आपको बता दे कि मेदिनीनगर पलामू के कुछ युवा टीम चैलेंजर्स के नाम से एक टीम बनाकर लगातार समाज हित में एक से बढ़कर एक अच्छे-अच्छे काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार की रात्रि में टीम चैलेंजर्स टीम ने दर्जनों युवाओं की टीम बनाकर सैकड़ों वैसे गरीब जो जरूरतमंद ठंठ में ठिठुर रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। यह कंबल वितरण रेड़मा चौक, सरकारी बस डिपो, छः-मुहान, लाल कोठा, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, लेबर वार्ड, ऑर्थो वार्ड, बोर्न वार्ड सहित अन्य वार्डो एवं सादिक चौक, स्टेंशन आदि जगहों पर वितरण किया।

अमलो लोकल सेल ट्रॅक ओनर एसोसिएशन कार्यालय में बैठक

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : सोमवार को अमलो लोकल सेल ट्रॅक ओनर एसोसिएशन कार्यालय मे लोकल सेल सुचारू रूप से चलाने को लेकर डीओ होल्डर, ट्रक मालिक और सेल कमेटी के संयुक्त बैठक हुई। सीसीएल की ढोरी क्षेत्र अंतर्गत एएडीओसीएम परियोजना के लोकल सेल को भरपूर कोयला प्रबंधन उपलब्ध कराए। कहा कि कोयले के अभाव में कई महीने से यह सेल सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। कोलियरी के आसपास के गांवों से प्रतिदिन सेल प्वाइंट आते हैं, लेकिन कोयले के अभाव में लदाई का काम नहीं मिलने पर निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हो जाते हैं। उपस्थित लोगों ने कहा कि यदि थोड़ा बहुत कोयला आता भी है तो परियोजना प्रबंधन डंपर से रेलवे साइडिंग भेज देता है, जहां से रेल रैक के माध्यम से विभिन्न कल-कारखानों को भेज दिया जाता है। इस लोकल सेल पर प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा। जबकि इस क्षेत्र में रोजगार का यह एक ऐसा माध्यम है, जिस पर स्थानीय विस्थापित और गांव के लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से आश्रित हैं। इस सेल में लगभग 800 ट्रक संचालित होते हैं, जो कोयले के अभाव में अक्सर खड़े रहते हैं। साथ ही उन ट्रकों के ऑनर सहित ड्राइवर व खलासी को भी रोजगार से वंचित होना पड़ता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी डीओ होल्डर और ट्रक मालिक आपस में मिलजुल कर कोयला का उठाव करेंगे।

कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली में छह अधिवक्ताओ का कांट्रेक्ट पर हुआ नियुक्ति

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली(एल ए डी सी) के पद पर चयनित छह अधिवक्ताओ ने सोमवार को कांट्रेक्ट पेपर भर कर कार्य करने में सहमति प्रदान किया है। पलामू जिले में नियुक्त ,मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील,उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील व सहायक कानूनी सहायता रक्षा वकील के पद पर चार अधिवक्ता ओ ने आज सहमति पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकार में जमा किया है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील में अमिताभ चन्द सिंह,उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील में संतोष कुमार पांडेय,व सहायक कानूनी सहायता रक्षा वकील में वीर वक्स राय,पुष्कर राज, उत्तम कुमार व नीतू सिंह का चयन हुआ है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता रक्षा प्रणाली आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगो के लिए बनाया गया है।जो लोग अपने मामलो के लिए वकील का खर्च उठाने में सक्षम नही है।उन्होंने कहा कि लोक अभियोजक के ऑफिस के तर्ज पर कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली का एक ऑफिस है। जिसमे आपराधिक पक्ष पर सभी कानूनी सहायता कार्यो को देखा जाएगा।उन्होंने बताया कि इनके अंतर्गत वैसे लोगो को विधिक सेवाएं दी जाएगी जो अपना मामला न्यायालय के समक्ष रख पाने में असमर्थ है। साथ ही जिनके पास इतने रुपये पैसे नही है और आय का कोई साधन नही है कि अपना मामला अदालत में रख सके। उन्होंने कहा कि भारतीय सम्बिधान के अनुच्छेद 22(1)S 14 के तहत कानूनी सहायता एक अधिकार है। और 39 ए जरूरत मन्द नागरिको को मुफ्त कानूनी सहायता का बकालत करता हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति,महिला, बच्चे, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति ,मानसिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग,जेल में बंद लोग, को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान किया जाता हैं।

कार्यक्रम कैफी आजमी को समर्पित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

महाश्वेता देवी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर की गई चर्चा

▶▶ कार्यक्रम का संचालन रविशंकर और शालिनी ने संयुक्त रूप से किया

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर : समता स्वतंत्रता न्याय और बंधुत्व के रास्ते आओ कि कोई ख्वाब बुने कल के वास्ते की घोषणा के साथ की राष्ट्रीय सम्मेलन स्वागत सह आयोजन समिति के द्वारा कैफी आजमी एवं महाश्वेता देवी की जयंती के मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन महाश्वेता देवी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। दूसरे दिन कैफी आजमी को समर्पित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या के प्रारंभ में आयोजन समिति के महासचिव शैलेंद्र कुमार ने कैफी आजमी के जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि कैफी आजमी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सक्रिय रहते हुए परिवर्तन का औजार कलम को बनाया। उनकी रचनाएं भूख के विरुद्ध भात के लिए, रात के विरुद्ध प्रातः के लिए और गुलामी के विरुद्ध स्वतंत्रता, क्षमता, न्याय और बंधुत्व का संदेशा लेकर आती हैं। हम इप्टा के अध्यक्ष और देश के अजीम शायर कैफी आजमी को इस सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से याद कर रहे हैं, ताकि जीवन को खूबसूरत और एक सुंदर दुनिया के निर्माण के लिए भविष्य का कोई ख्वाब सजा सकें। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या का आगाज अदनान काशिफ द्वारा तरन्नुम में प्रस्तुत कैफी आजमी द्वारा लिखित गजल कि है कोई हसीन खता हर खता के साथ/थोड़ा सा प्यार मुझे भी दे दो सजा के साथ से हुई। सांस्कृतिक संध्या के क्रम में डॉक्टर मकबूल मंजर ने कैफी आजमी की रचना दूसरा बनवास और डॉक्टर इंतखाब असर ने आवारा सजदे प्रस्तुत किया। इसके बाद पंकज निराला, सौरभ दुबे और शालिनी ने कैफी आजमी द्वारा लिखें गीतों और गजलों को रिदम के साथ पेश किया। गायक कलाकारों को तबले पर मुकुंद सिंह और भूपेश कुमार शर्मा, बांसुरी के साथ पवन शर्मा संगत कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर और शालिनी ने संयुक्त रूप से किया।

न्यूज फटाफट

युवक का शव बरामद

गिरिडीह : जिले के देवरी थाना क्षेत्र के महादेव पहाड़ी के पास पीपल के पेड़ से 30 वर्षीय युवक का झूलता हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक की पहचान देवरी निवासी बद्री गिरी के 30 वर्षीय पुत्र रंजीत गिरी के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि आज सोमवार है सोमवार के दिन वहां ग्रामीण पूजा करने पहुंचे थे। तो मंदिर के सामने पेड़ में झूलता हुआ सब को देखकर हल्ला किया। जिसके बाद देखते ही देखते ग्रामीणों का भीड़ उमड़ गई। वही इसकी जानकारी देवरी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की जांच पड़ताल कर रही थी। वही परिवार वालो का रो-रो कर बुरा हाल था।

भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा), गोनियाटो शाखा का पुनर्गठन

बेरमो : 15 जनवरी 2023 को देर शाम ग्राम गोनियाटो (नावाडीह, बोकारो) में इप्टा के अध्यक्ष कैफी आजमी के 104वीँ जयँती के अवसर पर, भारतीय जन नाट्य संघ, शाखा का पुनर्गठन विजय कुमार महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कामरेड गणेश प्रसाद महतो, प्रभारी जिला सचिव, बोकारो ने इप्टा एवं कैफी आजमी के जीवन पर प्रकाश डाला। आज की वर्तमान परिस्थिति में इप्टा का योगदान सामाजिक, नैतिक मूल्यों एवं एक बेहतर समाज बनाने की दिशा में भुलाया नहीं जा सकता। समाज से नफरत, घृणा एवं द्वेष को हटाने में इप्टा की अहम भूमिका है। सुभद्रा कुमारी, मनोज महतो, श्याम सुंदर महतो, निर्मल महतो, तिलो तुरी, पोखन महतो, नीलम कुमारी, युसूफ अंसारी, डा0 अब्दुल कासीम अंसारी, लालजी महतो, हीरा लाल महतो, भोला महतो, टिकैत महतो (बड़ा) एवं अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। धन्यवाद ज्ञापन टेक लाल चौधरी ने दिया।

युवक का शव फुसरो के एक कुंए से हुआ बरामद

बेरमो : बेरमो थाना क्षेत्र अन्तर्गत फुसरो नया रोड स्थित मिथलेश शर्मा के घर के पीछे कुआं में एक युवक का शव मिला। शव दो दिन पूर्व का बताया जा रहा है। बेरमो पुलिस जांच में जुटी। 5 दिन पूर्व गुमशुदगी की सूचना बेरमो थाना को दी गई थी। घटना 5 दिन पूर्व का बताया जा रहा है। 20 वर्षीय सूरज कुमार घर का एकलौता वारिस था। मृतक अपने तीन दोस्तों के साथ 5 दिन पूर्व रजरप्पा से वजीरगंज घर जाने के क्रम में फुसरो में रूका था। मृतक बिहार के गया जिले के वजीरगंज का बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही काफी भीड़ जुट गई। उपस्थित लोगों के आंख से आंसू टपक रहे थे। मृतक के पिता उपेन्द्र कुमार के फुसरो आने के बाद बेरमो पुलिस ने शव को कुआं से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए चास भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दो बहन के बाद सूरज छोटा भाई था। घटना 11 जनवरी का बताया जाता है। मृतक के पिता बेरमो पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग किया है।

हिंदुत्व की बात करने वाले पवित्र जोशीमठ को धंसा रहे हैं: महासचिव, माले

गिरिडीह : भाकपा माले के दिवंगत विधायक कॉमरेड महेंद्र सिंह की 19वीं शहादत दिवस पर गिरिडीह के बगोदर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बाबरी मस्जिद तोड़ने के बाद देश में मकान तोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ है, आज देश में मकान बनाने की नहीं मकान गिराने की चर्चा हो रही है, जबकि कहा गया था कि देश में सबके लिए मकान होगा, सबके लिए पक्का मकान, 24 घंटे बिजली और शौचालय लेकिन स्थिति ठीक विपरीत है। कहा कि लोग किसी तरह अपना और अपने परिवार का गुजर-बसर झुग्गियों में कर रहे थे लेकिन झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है लोगों को बेघर किया जा रहा है। माले नेता ने कहा कि यह मोदी सरकार बुलडोजर की सरकार है। कहा कि जब वर्ष 2000 में झारखंड बना खुशी से मैं उत्तराखंड बना फर्क यह है कि झारखंड में लड़ कर के हम ने भाजपा को हटा दिया। इन्होंने उत्तराखंड में माइक्रोपावर टुडे प्रोजेक्ट के नाम पर ऐसा आतंक मचाया कि जो धर्म की बात करते हैं, हिंदुत्व की बात करते हैं उन्होंने विकास के नाम पर आतंक मचाया, जब लोग तीर्थ पर जाते हैं तो जोशीमठ में रुकते हैं उन्होंने हिमालय से छेड़छाड़ करके रख दिया अब जोशीमठ बचेगा कि नहीं रोजाना विध्वंस हो रही है।

महायज्ञ से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि कायम होगी

बेरमो : कथारा में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 30 जनवरी से 5 फरवरी तक निर्धारित है। महायज्ञ के लिए यज्ञ समिति के लोग गोमिया के विधायक लंबोदर महतो से मिलकर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। महायज्ञ की सफलता के लिए गोमिया के विधायक ने यज्ञ समिति को हर संभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया साथ ही कहा इस तरह के अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की विकास होगी लोगों के विचार में अच्छे कार्य के लिए प्रेरणा मिलेगी जिससे मानव जीवन सुखी और सफल होता है। इस प्रकार का अनुष्ठान मेरे लिए हर्ष और गौरव का विषय है मैं अपनी ओर से हर तरह से सहयोग प्रदान करूंगा जिससे महायज्ञ को अच्छे ढंग से सफल किया जा सकेगा कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम की रूपरेखा को बहुत जल्द देखने का कार्य करूंगा। साथ ही पिछले दिनों दुर्गा पूजा के आगमन पर महायज्ञ प्रांगण के निकट अपने घोषणा के तहत ग्रील गेट महायज्ञ पूर्व पूरा किए जाने का महायज्ञ समिति को भरोसा दिए। साथ ही जल यात्रा के दिन स्वयं कार्यक्रम में शरीक होकर समस्त नगरवासी और ग्राम वासियों के साथ उपस्थित रहने का बात कही इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर समिति के सचिव अजय कुमार सिंह संरक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी कोषाध्यक्ष सीएस प्रसाद प्रोफेसर श्याम नंदन मंडल, पप्पू चौहान, देवेंद्र यादव, गोविंद यादव, एम एम सिंह, कमल कांत सिंह, विजय यादव, संतोष सिन्हा, प्रमोद यादव, अंकित नायर, अर्जुन करमाली सहित अन्य शामिल थे।

मजदूरों की लगातार स्थानांतरण को लेकर जोड़दार प्रर्दशन

बेरमो : सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना मे सोमवार को संयुक्त मोर्चा ने जारंगडीह खुले खदान परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और सीसीएल प्रबंधन विरोधी जमकर नारेबाजी की। मौके पर श्रमिक संगठन के नेताओं ने बताया कि जारंगडीह परियोजना मे सीसीएल प्रबंधन एक साजिश के तहत लगातार कर्मियों और डम्पर आपरेटरों का स्थानांतरण कर रही है। जबकि जारंगडीह परियोजना कोई नुकसान में नही चल रहा है। लगातार परियोजना मुनाफा कमा रही है ऐसे में कामगारों का ट्रांस्फर करने का कोई औचित्य नही बनता। कहा कि अभी हाल के दिनों में जारंगडीह परियोजना प्रबंधक 6 डम्पर आपरेटरों का स्थानांतरण स्वांग कोलियरी कर दिया है। एक सवाल के जवाब में श्रमिक नेताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन डीजीएमएस के सभी नियम कानून को ताख पर रख अपनी मनमानी चला रहा है और खदान में कोई भी सुरक्षा नियमों का पालन होता नही दिखता।

कोयला मजदूरों का चक्का जाम स्थगित

बेरमो : सीसीएल कथारा वाशरी के स्लरी सेल में सोमवार को लोडिंग मजदूरों और प्रबंधन के बीच वार्ता के बाद अनिश्चितकालीन चक्का आंदोलन स्थगित हो गया. इससे पहले सोमवार सुबह मजदूर स्लरी सेल के साइड में पहुंच गए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्य को प्रभावित कर दिया. जिसके बाद कथारा वाशरी के परियोजना कार्यालय में हस्तलदनी कोयला मजदूर संघ के प्रतिनिधियों को बुलाया गया और वार्ता हुई। वार्ता में पीओ विजय कुमार ने अगली बार से स्लरी सेल का ऑफर हेड लोडिंग को ही भेजने का आश्वासन दिया. इसके अलावा कांटा होकर लोडिंग के लिए अंदर जा रहे गाड़ियों को उसकी बारी के अनुसार लोडिंग करवाने की बात कही गई. प्रबंधन के इस आश्वासन के बाद मजदूरों ने हड़ताल स्थगित कर दिया। बता दें कि मजदूरों ने 16 जनवरी से स्लरी हेड लोडिंग की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने का एलान किया था.

खजाने में सेंधमारी की कोशिश

नॉर्थ कोल माइंस से तीन डंपर अवैध कोयला निकालते धराया

- सूत्रों की माने तो 30 से 35 करोड़ रुपए का कोयला नॉर्थ कोल ब्लॉक से माफिया निकाल चुके हैं
- कोयले के इस काले खेल में माइंस डेवलपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ) बीजीआर कोल कंपनी के कुछ कर्मचारियों से लेकर पुलिस-प्रशासन और कई सफेदपोश भी शामिल
- तीनों हाईवा के चालक संचलक सहित 12 नामजद लोगों का किया गया सनहा दर्ज

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ः झारखंड सरकार के खजाने पर सेंधमारी करने की फिराक में माफिया रंगे हाथों पकड़े गए। जिले के अमड़ापाड़ा स्थित पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक से तीन डंपर अवैध तरीके से कोयला लोड कर फरार होने की फिराक में थे तभी माफियाओं की सेटिंग गड़बड़ा गई और वे रंगे हाथों पकड़े गए। सूत्रों की मानें तो माफियाओं द्वारा वैध की आड़ में अवैध कोयला निकालने का काला खेल कई महीनों से चल रहा था। सूत्रों के अनुसार अनुमान के मुताबिक अब तक लगभग 30 से 35 करोड़ रुपये का कोयला नॉर्थ कोल ब्लॉक से माफिया निकाल चुके हैं। कोयले के इस काले खेल में माइंस डेवलपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ) बीजीआर कोल कंपनी के कुछ कर्मचारियों से लेकर पुलिस-प्रशासन और कई सफेदपोश भी शामिल हैं।

क्या है मामला

16 चक्का डंपर संख्या डब्लूबी 65डी 7181, डब्लूबी 53सी 5949 व डब्लूबी 53सी 6088 नॉर्थ कोल माइंस के लोडिंग पॉइंट से 32-32 टन कोयला लेकर वैध कोयला लोड डंपरों के साथ माइंस क्षेत्र से निकलने के फिराक में थे। पूर्व की भांति तीनों डंपर कांटा में कोयले का वजन न कराकर साइड से निककने की फिराक में थे। कांटा में मौजूद उनके लोग वक्त पर मौजूद नहीं रहने के कारण तीनों डंपर पकड़े गए। चालकों से जब कागजात की मांग की गई तो पहले तो उन्होंने बरगलाने का प्रयास किया परंतु, सख्ती बरतने पर उन्होंने पुलिस के समक्ष कई राज उगले हैं। मामले को लेकर बीजीआर कंपनी के पेट्रोलिंग इंचार्ज मृण्मय मित्रा के लिखित शिकायत पर 12 नामजद व अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए 5 डंपर चालक व सह चालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

चालकों ने उगले कई महत्वपूर्ण राजः

अवैध कोयला ले जा रहे डंपरों ने पुलिस के समक्ष कई महत्वपूर्ण राज उगले हैं। गिरफ्तार किए गए चालक पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला निवासी शेख कलीम, शैयद आकाश, सह चालक पियार खान, मुर्शिदाबाद निवासी मजीद शेख व साहेबगंज के बरहरवा निवासी मजीद शेख ने पुलिस को बताया कि उन्हें गुम्मा मोड़ स्थित लाईन होटल में रूकने के लिए कहा गया था। साथ ही बताया गया कि वहां से एक आदमी उन्हें कोयला खदान तक लेकर जाएगा। इस पूरे खेल में बीजीआर कंपनी के नाइट शिफ्ट का बस ड्राइवर राजीव शेख उर्फ राजू का नाम सामने आया है जिसने डंपरों को खदान में प्रवेश कराया। जबकि, डंपरों को निकालने का जिम्मा संगीत कुमार सिंह का था। बस ड्राइवर राजीव शेख ने बताया कि अमड़ापाड़ा के एक व्यक्ति द्वारा पैसे का लालच देकर एंट्री गेट पर गार्ड सुपरवाइजर अनंत कुमार सिंह एवं शिफ्ट सुपरवाइजर ऋषिकांत तिवारी की मिलीभगत से अवैध कोयला लोड डंपरों को बाहर निकालने की योजना थी। उसने बताया कि पूर्व में भी अवैध तरीके से डंपरों को पार कराया गया है। पुलिस ने 3 चालक व 2 उप चालकों के अलावे तीनों डंपरों के मालिकों के अलावे इसमें शामिल नामजद सभी आरोपियों व अन्य विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर रही थी। नाम न बताने की शर्त पर डब्ल्यूपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस यदि निष्पक्ष जांच करेगी तो इसमें कई बड़ी मछलियों के नाम उजागर हो सकते हैं।

क्या कहती है पुलिसः

नॉर्थ कोल माइंस से तीन डंपरों में कोयला लोड कर अवैध तरीके से निकलने की फिराक में तीन चालक व दो उप चालकों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही डंपरों में लोड कोयला को भी जब्त किया गया है। पूछताछ में कई लोगों के नाम प्रकाश में आया है जिनके विरुद्ध भी पुलिस कार्रवाई करेगी। सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिए गया है।

गोपाल कृष्ण यादव, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी, अमड़ापाड़ा

न्यूज फटाफट

नेताजी जन्म उत्सव समिति की हुई बैठक

कोडरमा : सुभाष चंद्र बोस जन्मोत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झुमरीतिलैया स्थित कृष्णा इंटरनेशनल होटल परिसर में जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक दासगुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आगामी 23 जनवरी सोमवार को जन्म उत्सव समिति द्वारा नेता जी की जन्म जयंती के आयोजन होती सफल बैठक का संचालन समिति के सचिव मनोज सहाय पिंकू ने किया जबकि मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष पिंटू मजूमदार, कोषाध्यक्ष अनूप सरकार उर्फ कालटू दा, पंकज बर्नवाल, मनीष सूद, समाजसेवी अरशद खान, संजय शर्मा, नवनीत ओझा बंटी, अभिजीत कुंदन सिंह, सुरेंद्र कुमार यादव ,भारत बक्शी संजू सैमसंग सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी 23 जनवरी को जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों एवं जिले के सम्मानित जनों की उपस्थिति में नेता जी की जन्म जयंती सादगी पूर्वक मनाई जाएगी। तू कि हर वर्ष एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम होता था परंतु इस वर्ष राष्ट्रीय राज्य मार्ग चौड़ीकरण के जद में प्रतिमा स्थल के आने से कार्यक्रम सादगीपूर्वक मनाई जाएगी जबकि निर्माण कंपनी एवं सरकार के सहयोग से उक्त स्थल पर नेताजी की प्रतिमा एवं पार्क का निर्माण हेतु जन्म उत्सव समिति द्वारा संयुक्त प्रयास किया जाएगा।

भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित

हेरहंज :लातेहार जिले के नेतरहाट में सांसद खेल स्?पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से होगा। इसमें पूरे जिले से 600 प्रतिभागी हिस्?सा लेंगे। इसे सफल बनाने के लिए हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई। इसकी अध्?यक्षता लातेहार भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा ने की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा लातेहार के नेतरहाट में 18, 19 और 20 जनवरी को सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड की 337 पंचायतों के वर्ग 9 से वर्ग 12 तक के युवक एवं युवति?यां भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक प्रखंड से 15-15 प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। पूरे संसदीय क्षेत्र के 600 प्रतिभागी को शामिल किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की इस खेल सपर्धा मे बालक एवं बालिका दोनों भाग लेंगे।नेतरहाट में खेल आयोजन कराने का मकसद है, कि नेतरहाट जो आवासीय विद्यालय के लिए जाना जाता है। अब खेल के लिए भी जाना जाये इसमें जो प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन करेंगे वह भविष्य में देश के लिए प्रतिनिधित्व करेगें।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

जीपीडीपी से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड के सदमा कला पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय के सभागार में मुखिया सावित्री देवी एवं बुंडू पंचायत के सभागार में मुखिया निहारिका सुकृति की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत का सतत विकास को लेकर जीपीडीपी से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सेवी संस्था प्रदान की ओर से रुचि कुमारी एवं सुमित कुमार की ओर से पंचायत को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए जीपीडीपी से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया ताकि पंचायत का समग्र विकास हो सके।

गरीबों को बांटा गया कंबल

पाकुड़ :बढ़ते शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुए गैलेक्सी चिल्ड्रेन एकेडमी झिकरहाटी, पाकुड़ के प्रांगण में फोकस इंडिया के द्वारा जरूरतमंद 50 लोगो के बीच कम्बल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मो फेकारुल शेख (स्कूल संचालक) मो रफीकुल इस्लाम (स्कूल संचालक) ने बताया कि लोग सर्द हवा से काफी परेशान है, दिनों दिन शीत लहरी बढ़ रही है। गरीबों के परेशानियों को देखते हुए फोकस इंडिया द्वारा कंबल का वितरण किया गया।

ट्रांसफॉर्मर में शार्ट सर्किट से लगी आग

कोडरमा : कोडरमा थाना अंतर्गत पानी टंकी के समीप सोमवार की सुबह ल एक ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से ट्रांसफॉर्मर घू घू कर जलने लगा। इससे आसपास में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह अपने ही एक ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग जाने से ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इसकी सूचना अग्निशमन को देने के बाद अग्निशमन ने पहुंचकर आग को काबू पाया।

युवक का खदान से नहीं निकला शव

डोमचांच : थाना अंतर्गत महेशपुर चौक पर रविंद्र कुमार मेहता के परिजन अपनी मांगों को लेकर सोमवार को आमरण अनशन पर बैठ गये। उनकी मांग है कि एनडीआरएफ की उच्चस्तरीय टीम बुलाकर 6 दिनों से डूबे हुए रविंद्र कुमार मेहता को डोमचांच के शमशान घाट निकट बंद पड़े पत्थर खदान में रेस्क्यू कर जल्द निकलवाए जाए। वही आमरण अनशन की खबर पाकर डोमचांच अंचलाधिकारी मां देव प्रिया मौके स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को समझाया कि आप लोगों की जो मांग है ।

कोडरमा अंचल कमिटी की संयुक्त बैठक 18 को

कोडरमा : भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि दिनांक 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे श्यामली पब्लिक स्कूल लरियाडीह मे भाकपा जिला कार्यकारिणी एवं कोडरमा अंचल कमिटी की संयुक्त बैठक अति आवश्यक बुलाई गई है। इसमें जिला कार्यकारिणी के सदस्यों से आग्रह है कि उक्त तिथि को समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनावे एवं 22 जनवरी को युवा पार्टी एवं काको निवासी साथी सुभाष रजक के निधन पर शोक सभा आयोजन करने पर विचार तथा 21 जनवरी को प्रस्तावित पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष धरना पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री धनंजय यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, एटक नेत्री सोनिया देवी आदि लोग मौजूद रहेंगे।

उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ः समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त श्री वरूण रंजन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के आधारभूत संरचना को लेकर बैठक की गई।उपायुक्त ने जिले में संचालित जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य उपकेंद्र शहरी प्राथमिक, स्वास्थ्य केंद्र अटल मोहल्ला क्लीनिक के अंतर्गत ओपीडी सेवा, विभिन्न प्रकार की बीमारियों के पैथोलॉजी की जांच, एनसीडी की सेवाएं एवं आईपीडी सेवा की समीक्षा की। साथ ही कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु संचालित एमटीसी में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि सीडीपीओ से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों का उपचार करना सुनिश्चित करें। वहीं प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीवी के पेशेंट को जिला के सभी विभागों के पदाधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों और माइंस कम्पनी के द्वारा गोद लेकर उनको प्रतिमाह फूड का पैकेट देने के लिए किए जा रहे प्रयास की समीक्षा की।बैठक में सिविल सर्जन डॉ० मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला यक्ष्मा पदाधिकरी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल पाकुड़, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं सभी जिला प्रबंधन इकाई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने की विद्युत विभाग की समीक्षात्मक बैठक

पाकुड : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त वरुण रंजन विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ऊर्जा मित्र के द्वारा शत प्रतिशत बिलिंग करवाने का निर्देश दिया। जो उपभोक्ता जितना विद्युत खपत करता हैं, उतना का ही विद्युत बिल निर्गत करें एवं उसके अनुरूप ही राजस्व वसूल करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिस फीडर में ज्यादा बिजली खपत होती है और बिलिंग एवं कलेक्शन कम होता है उस क्षेत्र के पंचायतों के ऊर्जा मित्र के साथ समीक्षा कर अधिक से अधिक बिलिंग कर राजस्व को बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया

जयनगर : भाकपा माले ने पिपचो में पूर्व विधायक जननायक शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह का शहादत दिवस मनाया। प्रखंड सचिव अशोक यादव ने अध्यक्षता व संचालन आर वाई ए के कौलेशवर राणा ने किया। पूर्व विधायक की याद में 2 मिनट मौन रखकर उनके चित्र पर माला अर्पण कर बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया गया और कॉमरेड शहीद महेंद्र सिंह के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जननायक महेंद्र सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक क्रांतिकारी विचारधारा का नाम है। वक्ताओं ने कहा महेंद्र सिंह के रास्ते पर चलकर ही राज के दबे कुचले शोषित पीड़ित मजदूरों व पिछड़े लोगों को न्याय दिलाया जा सकता है। एकीकृत बिहार विधानसभा से लेकर झारखंड के पहले विधानसभा तक महेंद्र सिंह की कड़कती आवाज को हर कोई पहचानता था। 16 जनवरी 2005 को अचानक उनकी कड़कती आवाज शांत हो गई। वे कहा करते थे मैं मर सकता हूं मिट सकता हूं गोली खा सकता हूं लेकिन मैं जनता के जन सवालों को जनता के हित के साथ कभी समझौता नहीं कर सकता हूं। और उन्होंने सचमुच में साबित कर दिखाया, मरना पसंद कर किया पर डरना नहीं। मौके पर शारदा देवी, हकीम खान, इस्लाम अंसारी, श्रीकांत ठाकुर, रामचंद्र राणा, अब्दुल अंसारी, पार्वती देवी, महावीर शर्मा, महेंद्र दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

राजद ने शोक सभा का किया आयोजन

मरकच्चो : समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड इकाई मरकच्चो परिवार के द्वारा राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मरकच्चो स्थित राजद कार्यालय में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए गरीबों, शोषितों का नेता बताया। साथ ही साथ राजद के कोडरमा प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र प्रसाद यादव के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगो ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में भुनेश्वर यादव, दारो यादव, भुनेश्वर प्रसाद यादव, सरफुद्दीन अंसारी, मनिंदर राम, रणजीत यादव, गोविंद यादव, सहदेव यादव, उदय यादव, सौरव दास, प्रदीप राम, दीपक कुमार साव, मंजूर आलम, मो हाफिज, बनवारी यादव, राजेन्द्र यादव, दिनेश्वर दुसाध समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रोटरी क्लब करेगा बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन

झुमरीतिलैया : रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के यूथ विंग के तत्वावधान में कोडरमा जिले वासियों के लिए बैडमिंटन टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सेवा के क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में अग्रणी रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा यूथ विंग का कुछ दिनों पूर्व ही गठन किया गया है जिसमें शहर के सक्रिय समाजसेवी युवकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। सिंगल और डबल बैडमिंटन के इस टूनार्मेंट में महिलाएं और पुरुष दोनों भाग ले सकेंगे। इसमें दो श्रेणी रखी गई है 16 वर्ष से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से ऊपर। इस प्रतियोगिता का आयोजन होटल विराज के परिसर में दिनांक 20 जनवरी से 25 जनवरी तक शाम को 5 बजे से किया गया है। यह प्रतियोगिता कोडरमा के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका है, क्योंकि बहुत दिनों बाद ऐसे टूनार्मेंट का आयोजन बैडमिंटन के लिए किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुछ संपर्क केंद्र बनाए गए हैं जिनमें झंडा चौक स्थित जैन इलेक्ट्रिकल्स, आईसीआईसी बैंक के निकट दुर्गा सेल्स, सूर्या होटल के निकट ज्योति स्पोर्ट्स और कोडरमा में गांधी चौक स्थित फारुख हार्डवेयर से रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि रोटरी कोडरमा समाज सेवा के साथ-साथ जिले में खेल के क्षेत्र में भी बढ़ावा देने के लिएअपना योगदान देती है, खेल प्रेमियों से अपील है कि इस आयोजन में भाग ले। इस प्रतियोगिता को भव्य और सफल बनाने के लिए यूथ विंग की पूरी टीम लगी हुई है जिसमें प्रमुख रुप से मनीष पेरीवाल, शैलेश दारूका, आशीष खेतान, मनीष अग्रवाल, गौरांग पुजारा, विपुल बगड़िया, मनीष गंगवाल, आशीष छाबड़ा, प्रतीक जैन और राहुल मोदी आदि शामिल हैं।

सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन झुमरीतिलैया में आइक्यूएसी के तत्वावधान में सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ बीसी स्वेन ने स्वागत भाषण देकर किया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के सचिव अविनाश सेठ ने प्रशिक्षुओं का परिचय लिया। श्री सेठ ने कहा कि किसी भी प्रोफेशन के प्रशिक्षण काल में शत प्रतिशत उपस्थित होकर कला कौशल को जानकर समाज को सकारात्मक सोच तथा दिशा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं तथा शिक्षा विश्व का सबसे बड़ा शस्त्र है, जिसके द्वारा पूरी दुनिया को बदला जा सकता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी प्रशिक्षुओं को दी, उन्होंने प्रशिक्षुओं को भविष्य में कुशल अध्यापक बनने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु राजन, एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

डीसी ने दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा : उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा व डोमचांच प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने जेजे कॉलेज परिसर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, सदर अस्पताल, बागीटांड़ स्टेडियम के साथ साथ कोडरमा से डोमचांच जाने वाले रास्ते में विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्थलों को हमेशा साफ सुथरा रखें। उपायुक्त ने विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के क्रम में शिक्षकों से पाठन पठन की जानकारी ली, उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सदर अस्पताल का भ्रमण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली।

सरस्वती की पूजा 26 को, पाकुड़ में हो रहा है 21 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ः ज्ञान अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना 26 जनवरी को मनाई जाएगी। इसे लेकर जिले भर में खासा उत्साह है। नगर परिषद् क्षेत्र के तांती पाड़ा स्थित हरे कृष्ण मंदिर के प्रांगण में शिल्पकार पाकुड़ जिले के सबसे आकर्षक 18 फीट ऊंची मां सरस्वती की मिट्टी के प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं।

शिल्पकार (मूर्तिकार) कन्हैया प्रसाद एवं विष्णु शाह देवी मां सरस्वती की 18 फीट की ऊंची प्रतिमा बना रहे है। समिति के अध्यक्ष अर्जुन मंडल ने बताया कि मां की प्रतिमा15 फिट ऊंची होगी और 3 फिट की माता का मुकुट होगा। इसे लेकर संपूर्ण मुहल्ले वासी समित के सदस्य, बच्चे बड़े बुजुर्ग तन्मय से मां की पूर्ण रूपेण प्रतिमा की दर्शन करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अध्यक्ष अर्जुन मंडल ने बताया कि आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थीम पर आधारित भव्य पंडाल में रूप सज्जा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस पूजन में अनुमानित राशि लगभग 110000 खर्च होने की संभावना है। इसके लिए समिति के सदस्य गौर कर्मकार , निर्मालय घोष, मिरिनमय कर्मकार, राकेश कर्मकार, आकाश मंडल एवं महिला समिति के सभी सदस्य तन मन से अपेक्षित सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सभी के सामूहिक प्रयास से मां शारदा की पूजन भव्य होगी। उन्होंने संपूर्ण जिले वासियों से आग्रह किया है कि वह मां शारदे की पूजा अर्चना में भाग लेकर पुणे के भागी बने।

26 को सरसवती पूजा का है शुभ दिन

पंचांग के अनुसार माघ शुक्ल पंचमी 25 जनवरी 2023 को 12:34 से बसंत पंचमी की तिथि प्रारंभ हो जाती है जो 26 जनवरी के 10:28 पर समाप्त होगी किंतु शास्त्रानुसार माने तो 26 जनवरी को उदया तिथि के दिन ज्ञान की अधिष्ठात्री मां भगवती शारदे की पूजा शुभ मानी जाएगी।

लपारवाही

बच्चों को नियमित रूप से नहीं मिलता मध्याह्न भोजन में अण्डा

लगभग पूरे प्रखण्ड क्षेत्र के विद्यालयों में प्राचार्य ही चलाते हैं मध्याह्न भोजन

राष्ट्रीय खबर

हेरहंजः प्रखण्ड क्षेत्र के तासु पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरधाबार में बच्चों को नियमित रूप से अण्डा नही मिलता है।साथ ही कोरोना काल का राशि जो सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया गया था उसमें से भी मात्र 500 रुपये ही बच्चों को दिया गया।बच्चों ने बताया कि हमलोगों को कोरोना काल का पैसा जो आया था लगभग एक हजार रुपया उसमे से विद्यालय के प्राचार्य सन्तोष कुमार रवि ने हमलोग को प्रति छात्र 500 रुपये ही दिए।साथ ही बच्चों से जब बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन में अण्डे के बारे में पूछा गया तो बच्चों ने बताया कि हमलोग को हर सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को अंडा नही मिलता है जब कभी सन्तोष सर अण्डा लाते हैं तो हमलोग को बनाकर मिलता है।रशोइया से पूछे जाने पर रसोइया ने भी कहा कि हमलोग को अपने जगह से थोड़ी न खरीद कर देना है गुरुजी देंगें तब न बनाएंगे।रसोइया ने यह भी कहा कि हमलोग को गैस नही मिलता है खाली टँकी बहुत दिन से रखा हुआ है।हमलोग खुद जंगल से लकड़ी लाकर खाना पकाते हैं।साथ ही बच्चों का उपस्थिति पंजी भी जनवरी माह का अभी तक नही आया है।गौरतलब हो कि मध्याह्न भोजन का मामला पूरे प्रखण्ड क्षेत्र का है विद्यालय के प्राचार्य बच्चों को पढ़ाने से ज्यादा ध्यान खुद मध्याह्न भोजन चलाने में देते हैं।मध्याह्न भोजन चलाने में हाजरी अधिक बनाकर जैसे तैसे बच्चों को खाना देते हैं।जबकि नियमानुसार विभाग से निर्देश प्राप्त है कि सरस्वती माता समिति के अध्यक्ष और संयोजिका के द्वारा मध्याह्न भोजन का देख रेख व सुचारू रूप से चलाना है।

न्यूज फटाफट

भारत को पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाना होगा: दिलीप टिर्की

राउरकेला: हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने रविवार को कहा कि भारत 48 साल के अंतराल के बाद इस बार विश्व कप में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिये मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाना होगा। भारत ने 1975 के टूनार्मेंट में स्वर्ण जीतने के बाद से विश्व कप में पदक नहीं जीता है लेकिन अपने समय के बेहतरीन डिफेंडर में से एक और पूर्व कप्तान टिर्की ने कहा कि ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में भारत स्वदेश में चल रहे इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में पोडियम पर जगह बना सकती है। टिर्की ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'हमने इस बार भारतीय टीम को पदक जीतने के लिए मैदान में उतारा है। हम चाहते हैं कि भारत पदक तालिका में जगह बनाए। वे इस समय काफी अच्छा खेल रहे हैं।'उन्होंने कहा, 'लेकिन आधुनिक हॉकी बहुत बदल गई है। पेनल्टी कॉर्नर बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। जब आप पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हो तो ज्यादातर समय टीम जीतती है। हमारे पास बहुत अच्छे ड्रैगफ्लिकर हैं और मुझे उम्मीद है कि वे टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और भारत के लिए पदक जीतेंगे।'

मलेशिया ने वापसी कर चिली को पस्त किया

राउरकेला: मलेशिया ने सोमवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखीं। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले के पहले हाफ में राज़ी रहीम (26वां मिनट) ने मलेशिया के लिए एकलौता गोल किया, जबकि जुआन अमोरोसो (20वां मिनट) और मार्टिन रॉड्रिगेज़ (29वां मिनट) ने गोल जमाकर चिली को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। मलेशिया ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए अशरफ हमसानी (41वां) और नूरस्याफिक सुमंत्री (42वां मिनट) के गोलों की बदौलत मुकाबला 3-2 से जीत लिया। मलेशिया दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ पूल-सी में तीसरे स्थान पर आ गया है और उसकी क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार हैं। चिली अपने दोनों शुरुआती मुकाबले हारने के कारण क्वार्टरफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत तलाश रही दोनों टीमों ने आक्रामक शुरुआत की, हालांकि चिली ने पहले क्वार्टर में अधिक मौके बनाये। फिरहान अशरी ने मलेशिया के लिये सबसे पहला प्रयास किया जो गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया। कुछ देर बाद मलेशिया के फॉरवर्ड खिलाड़ी ने चिली के गोलकीपर एड्रियान हेनरिकेज़ को छकाया, लेकिन उनके पीछे खड़े विसेंट गोनी ने गेंद को नेट में नहीं पहुंचने दिया। चिली को पहला क्वार्टर समाप्त होने से पूर्व एक पेनल्टी मिली जिसपर फ्रांको बेकेरा मलेशियाई रक्षण को नहीं भेद सके। अगले ही मिनट में रैमुंडो वैलेंज़ुएला के पास गोल जमाने का अवसर था मगर उनका निशाना चूक गया। वैलेंज़ुएला अपनी गलती पर सिर पकड़ बैठे और पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ।

वूमंस आइपीएल

5 सीजन के लिए बीसीसीआई को मिलेंगे 951 करोड़ रुपए, हर मैच की कीमत 7.09 करोड़

वायकॉम ने हासिल किये महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार

- मेंस आईपीएल एक मैच 16 गुणा ज्यादा (118 करोड़)है
- बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, ''मैं वास्तव में रोमांचित हूं

एजेंसियां

मुंबई: भारतीय मीडिया एवं मनोरंजन कंपनी वायकॉम18 ने 951 करोड़ रुपये की मोटी रकम खर्च कर अगले पांच साल के लिये महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्लूआईपीएल) के मीडिया अधिकार हासिल कर लिये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यह घोषणा की। बीसीसीआई ने मीडिया अधिकारों के लिए निविदा जारी की थी जिसके लिये बोली प्रक्रिया आज संपन्न हुई। बीसीसीआई ने बयान जारी कर कहा, ''यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड मीडिया अधिकारों (टेलीविजन और डिजिटल) का सफल बोलीदाता है।'' वायकॉम18 महिला आईपीएल सीजन 2023 से सीजन 2027 तक 951 करोड़ रुपये (यानी प्रति मैच 7.09 करोड़ रुपये) के बदले मीडिया अधिकार हासिल करेगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, ''मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि हमें एक लीग के लिये इतनी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है जो न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में महिला क्रिकेट में क्रांति लाएगी। मैंने बोर्ड और हमारी महिला क्रिकेटरों से यह वादा किया था और आज हमने एक बड़ी छलांग लगाई है। ब्रॉडकास्टर खेल को व्यापक दर्शकों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और लीग में उनकी सक्रिय रुचि एक स्पष्ट संकेत है कि महिला इंडियन प्रीमियर लीग स

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने कहा, ''महिला आईपीएल के लिए डिजिटल और टेलीविजन प्रसारक के रूप में वायकॉम 18 का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

वायकाम18 ने 951 करोड़ रूपये की अधिकतम बोली लगाकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है, जिसके अनुसार अगले पांच वर्षों के लिये हर मैच का मूल्य 7.09 करोड़ रूपये है।'' बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, ''मैं आज महिला क्रिकेट में एक नई सुबह देखकर वास्तव में खुश हूं। महिला आईपीएल दुनिया भर में महिला क्रिकेट के कद को ऊंचा करेगा और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारेगा।'' बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा, ''मैं वायकॉम 18 को लीग में उनकी रिकॉर्ड बोली और विश्वास के लिए बधाई और धन्यवाद देता हूं। 951 करोड़ रुपये की समेकित बोली के साथ उन्होंने टीवी के साथ-साथ डिजिटल अधिकार दोनों जीते हैं। ये महिला टूर्नामेंट के लिए रिकॉर्ड संख्या हैं और महिला आईपीएल के लिए एक शानदार शुरुआत का संकेत हैं। मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट गेम चेंजर साबित होगा और महिला क्रिकेट की लोकप्रियता और बढ़ेगी।''

इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया महिला लीग के राइट्स अलग से नहीं बेचते

इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया महिला लीग के राइट्स अलग से नहीं बेचते इस समय ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में विमेंस क्रिकेट का आयोजन होता है। ऑस्ट्रेलिया में विमेंस बिग बैश और इंग्लैंड में विमेंस द हंड्रेड नाम से टूनार्मेंट का आयोजन होता है। हालांकि, ये बोर्ड महिला लीग के मीडिया राइट्स अलग से नहीं बेचते हैं। दोनों ही बोर्ड ओवरऑल मीडिया राइट्स की नीलामी करते हैं इसमें वहां होने वाले पुरुष और महिला इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों के साथ-साथ दोनों वर्गों की लीग के मुकाबले भी शामिल होते हैं।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा

''मैं वायकॉम 18 को पांच साल की अवधि के लिए महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए बधाई देता हूं। महिला क्रिकेट कुछ वर्षों से आगे बढ़ रहा है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई द्विपक्षीय श्रृंखला इस बात का एक बड़ा प्रमाण है कि भारत में महिला क्रिकेट कितना लोकप्रिय हो गया है। यह केवल हमारी अपनी महिला टी 20 लीग प्राप्त करने और प्रशंसकों को महिला क्रिकेट के लिए अधिक देने के लिए उपयुक्त था। मैं बीसीसीआई नेतृत्व और उसके कर्मचारियों को एक सफल मीडिया अधिकार प्रक्रिया के लिए बधाई देना चाहता हूं और महिला आईपीएल के पहले संस्करण के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।''

ऑस्ट्रेलियाई ओपन : जैक के जोश पर नडाल का अनुभव पड़ा भारी

एजेंसियां

मेलबर्न: आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब को बरकरार रखने के लक्ष्य के साथ कोर्ट में उतरे स्पेन के स्टार खिलाड़ी राफेल नडाल ने सोमवार को इंग्लैंड के युवा होनहार जैक ड्रिपर को पहली लड़ाई में रोमांचक शिकस्त दी। शीर्ष वरीय नडाल ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले अपने पहले मुकाबले में ड्रिपर को 7-5, 2-6, 6-4, 6-1 से हराया। नडाल ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरूष एकल का खिताब 13 सालों के लंबे अंतराल के बाद



हासिल किया था। उन्होंने यह खिताब उम्र में अपने से दस साल छोटे रूस के दानिल मेदवेदेव को हरा कर हासिल किया था। आज के मुकाबले में नडाल को युवा जोश से लबरेज ड्रिपर ने तगड़ी चुनौती पेश की। पहले सेट में स्पेन के दिग्गज को कठिन चुनौती पेश करने के बाद ड्रिपर ने दूसरा सेट 2-6 से अपने नाम कर लिया। हालांकि बाद के दो सेटों में नडाल ने इंग्लिश खिलाड़ी को अपने अनुभव से परिचित कराते हुए मुकाबला अपने नाम किया। नडाल को उनके पिछले सात में से छह मुकाबलों में हार मिली थी, जिसके बाद 36 वर्षीय खिलाड़ी आलोचकों के निशाने पर आ गये थे। 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी नडाल ने इस जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन में न सिर्फ दमदार उपस्थिति दर्ज कराई ।

बैडमिंटन के सितारे इंडिया ओपन में चमक बिखेरने को तैयार

एजेंसियां

नयी दिल्ली: बैडमिंटन की दुनिया के दिग्गज खिलाडी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन के 11वें संस्करण में अपनी चमक बिखरेंगे। के डी जाधव इंडोर हॉल में आठ लाख 50 हजार अमेरिकी डालर इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता डेनमार्क के विक्टर एलेक्सेन और चीन की चेन युफेई के अलावा मौजूदा महिला एकल विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची समेत 22 देशों के 242 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। चीन ने 22 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिये 15 पुरुष और 15 महिला खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेजा है जबकि



जापानी दल में 29 खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ हेमंत बिस्वा शर्मा ने कहा, ''योनेक्स सनराइज इंडिया का अपग्रेडेशन सुपर 750 श्रेणी के लिए है। कोरोना प्रतिबंध के कारण यह अब तक नहीं हो सका था, मगर इस साल बैडमिंटन प्रेमियों को उच्च गुणवत्ता वाले बैडमिंटन का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

करीना कपूर ने किया वर्कआउट

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की फिटनेस ट्रेनर अनुष्का ने उनका वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में करीना कपूर के आलीशान घर की झलक भी देखने को मिल रही है। शेयर किए गए क्लिप में करीना ने ब्लैक टॉप, ग्रे पैंट और व्हाइट स्नीकर्स पहने हैं, जिसमें बेहद फिट दिखाई दे रही हैं। वीडियो में करीना सीढ़ियां चढ़ते हुए आती हैं और योगा मैट पर एक्सरसाइज करना शुरू कर देती हैं। करीना के इस वर्कआउट वीडियो पर फैंस रिएक्ट कर रहे हैं। करीना कपूर जल्द ही फिल्म द क्रू में दिखेंगी। फिल्म को रिया कपूर और एकता कपूर प्रोड्यूस करने वाली हैं। इस फिल्म में करीना के साथ-साथ तब्बू और कृति सेनन भी नजर आएंगी।

राजामौली की फिल्म आरआरआर के गाना नाटू-नाटू को मिला क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड

एजेंसियां

मुंबई: दक्षिण भारतीय फिल्मकार एस एस राजामौली की फिल्म 'आर आर आर' के गाना नाटू-नाटू को क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड दिया गया है। एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने पूरी दुनिया में तहलका मचाया है। राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म की रिलीज को एक साल होने आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म के गाने 'नाटू-नाटू' को 'गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023' में बेस्ट ओरिजिनल गाने के लिए सम्मानित किया गया था।अब एक बार फिर 'आरआरआर' ने ग्लोबल लेवल पर भारत का नाम ऊंचा किया है। गोल्डन ग्लोब जीतने के बाद राजामौली की फिल्म को बेस्ट सॉन्ग के लिए क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड से नवाजा गया है। यह अवॉर्ड 'नाटू नाटू' गाने के लिए ही दिया गया है। क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड्स के लिए दुनियाभर की कई फिल्मों के बीच मुकाबला हुआ। बेस्ट सॉन्ग के लिए 'आर आर आर' का मुकाबला 'वेयर द क्रॉडैड सिंग', 'गुलीमेरी डेल टोरो पिनोचियो', 'टॉप गनः मेवरिक', 'ब्लैक पैंथरः वकांडा फॉरेवर' और 'व्हाइट नॉइस' के साथ था। 'आरआरआर' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म के लिए भी क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड मिला है।

आम्रपाली दुबे- अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म शादी मुबारक का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां

मुंबई: यूट्यूब क्वीन अम्रपाली दुबे और युवा दिलों की धड़कन कहे जाने वाले अरविंद अकेला कल्लू की आने वाली फिल्म 'शादी मुबारक' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। 'शादी मुबारक' के पोस्टर में अरविंद अकेला कल्लू, आम्रपाली दुबे को फूलों का गुलदस्ता देते नजर आए हैं। साथ ही इस पोस्टर में गांव की पगडंडियों पर साइकिल चलाती अमरपाली दुबे नजर आ रही हैं। एसआरके मीडिया एंटरटेनमेंट कृत भोजपुरी फिल्म 'शादी मुबारक' के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि अब तक भोजपुरी के दर्शकों ने कई पारिवारिक और सामाजिक फिल्में देखी होंगी लेकिन हमारी यह फिल्म उन सब से बेहद अलग और अनोखा होने वाला है। फिल्म पारिवारिक रिश्तो की नई कहानी दर्शकों के सामने होगी। गीत संगीत और संवाद नेक्स्ट लेवल का होगा। इस फिल्म को बेहद बड़े पैमाने पर शूट करने वाले हैं। एक बड़ी बजट की फिल्म होगी और मनोरंजन बेशुमार होगा हमारी यही कोशिश है कि हम साल 2023 में एक अच्छी और बड़ी फिल्म अपने दर्शकों को दें, जिसके लिए तैयारियां भी जारी है। गौरतलब है कि शादी मुबारक के निर्देशक आनंद सिंह हैं, जबकि फिल्म की सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं।

अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म 'सेल्फी' का टीजर रिलीज

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'सेल्फी' का टीजर रिलीज हो गया है। राज मेहता के निर्देशन में बन रही सेल्फी वर्ष 2019 में प्रदर्शित मलयालम भाषा की कॉमेडी-ड्रामा 'ड्राइविंग लाइसेंस' की रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की मुख्य भूमिका है। करण जौहर के नेतृत्व वाले धर्मा प्रोडक्शंस ने बैनर तले बन रही सेल्फी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार ने फिल्म सेल्फी के मोशन

पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, ''फैन्स स्टार को बनाते हैं। फैन्स एक स्टार को मिटा भी सकते हैं। जानिए तब क्या होता है, जब एक फैन अपने आइडल के खिलाफ हो जाता है। देखिए सेल्फी 24 ×फरवरी को सिनेमाघरों में। मलयालम फिल्म 'ड्राइविंग लाइसेंस' में पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक पॉपुलर सुपरस्टार का रोल निभाया था, जबकि विजय वेंजरममूदु मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के रोल में नजर आए थे। सेल्फी का मोशन पोस्टर देखें तो पता चलता कि अक्षय कुमार इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन वाला किरदार निभा रहे हैं, जबकि इमरान हाशमी विजय वेंजरममूदु वाले किरदार में दिखाई देंगे। इस फिल्म की कहानी एक मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सुपरस्टार का फैन है। वह एक मुश्किल परिस्थिति से उसे निकालने का फैसला लेता है। लेकिन शर्त रख देता है कि वह उससे पर्सनली मिलना चाहता है। दोनों की मुलाकात होती है और मीटिंग में दोनों के बीच ऐसा कुछ होता है कि दोनों आपस में भिड़ जाते हैं। उनकी लड़ाई का असर उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी पड़ता है।

प्रदेश >> अपडेट

खंडवा में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

खंडवा : मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में दो वाहनों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मूंदी थाना क्षेत्र के ग्राम केनुद के पास कल शाम दो युवक उमेश बाबूलाल व अनिल हटेसिंह मोटरसाइकल पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। तभी एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवको की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

केंद्रीय मंत्री मुरुगन दिवसीय दौरे परकेरल पहुंचे

कोच्चि : केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर केरल पहुंचे। कोच्चि पहुंचे केंद्रीय मंत्री मुरुगन सबरीमाला अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए रवाना हुए। मंगलवार को,डॉ. मुरुगन कोडुंगल्लूर भगवती मंदिर में दर्शन करने के लिए कोडुंगल्लूर जाएंगे, जहां प्रसिद्ध थलाप्पोली उत्सव चल रहा है।

पिछले 24 घंटे में कोरोना से 144 लोग स्वस्थ हुए

नयी दिल्ली : देश में पिछले 24 घंटे में 144 लोग कोरोना से स्वस्थ हुए हैं और इस महामारी से निजात पाने वालों की संख्या बढ़कर 4.41 करोड़ से अधिक हो गयी है। वहीं स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.17 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना के सक्रिय मामले घटकर 2,119 रह गए हैं और देश में मृतकों की संख्या 5,30,726 पर बरकरार है और मृत्युदर 1.19 फीसदी बनी हुई है। देश में पिछले 24 घंटे में चार राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

उर्स का झंडा परंपरागत तरीके से चढ़ाया जाएगा

अजमेर : राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स का झंडा इस्लामिक कलेंडर की 25 जनवरी को दरगाह शरीफ के 85 फीट ऊंचे बुलंद दरवाजे पर भीलवाड़ा का गौरी परिवार परंपरागत तरीके से चढ़ाएगा। इसके लिए परिवार के फखरुद्दीन गौरी सायं अपने परिवार के सदस्यों के साथ अजमेर पहुंच रहे हैं। ख्वाजा साहब का सालाना उर्स 2023 झंडे की रस्म के साथ ही अनौपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा लेकिन रजब माह का चांद दिखाई देने पर 22 अथवा 23 जनवरी को विधिवत शुरू होगा।

मकर सक्रांति महोत्सव का समापन

कोटा : राजस्थान में कोटा के कर्मयोगी सेवा संस्थान की ओर से आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन के साथ समापन हो गया। चार दिवसीय कार्यक्रम की श्रंखला में नयापुरा में अंतिम दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलाकारों ने अपनी लोक कलाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शहर की गलियों में घूम-घूम कर कचरा-पन्नी बीन कर अपना रोजगार जुटाने एवं भिक्षा मांग कर गुजारा करने वाले परिवारों के आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 50 वर्षीय दिव्यांग मनोहर जो कि बचपन से ही शहर में भीख मांग कर गुजारा कर रहा है,मैं शायर तो नहीं मगर ए हसी गीत की शानदार प्रस्तुति दी। इसके पहले 45 से भी अधिक देशों में अपना कार्यक्रम दे चुके अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार संजय कुमार, अलका दुलारी जैन कर्मयोगी ने कठपुतली के माध्यम से गणेश वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राजनीति

24 जनवरी को होगा मेयर का चुनाव,एलजी ने दी मंजूरी

आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी फिर आमने सामने

- वीके सक्सेना ने एमसीडी के मेयर चुनाव के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है
- मेयर चुनाव को लेकर नई तारीखों का ऐलान हो गया है

एजेंसियां

नई दिल्ली : दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। दरअसल, मेयर चुनाव को लेकर नई तारीखों का ऐलान हो गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एमसीडी के मेयर चुनाव के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। उपराज्यपाल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 24 जनवरी को सदन की बैठक बुलाई गई है। साथ ही साथ सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा और नए मेयर तथा डिप्टी मेयर का चुनाव भी कराया जाएगा। हालांकि, 6 जनवरी को भी इसे लेकर सदन की बैठक बुलाई गई थी। लेकिन सदन के भीतर आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षदों के बीच जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। स्थिति हाथापाई तक की भी आ गई। ऐसे में माना जा रहा है कि अब दिल्ली में मेयर का चुनाव हो सकता है। इस बार दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। पिछले 15 सालों से दिल्ली नगर निगम पर भाजपा का कब्जा था। हालांकि, इस बार भाजपा दूसरे नंबर पर है। 6 जनवरी को हंगामे की वजह से ही मेयर का चुनाव नहीं हो पाया था। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो गई थी। भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर हमलावर थी। इन सबके बीच अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के उपराज्यपाल को मेयर चुनाव कराने के लिए 4 तारीख को 18, 20, 21 और 24 जनवरी का प्रस्ताव भेजा था। इसी के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने 24 जनवरी को मेयर का चुनाव कराने के लिए मंजूरी दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने दिल्ली सरकार के कामकाज में कथित हस्तक्षेप के विरोध में सोमवार को उपराज्यपाल कार्यालय तक मार्च निकाला। दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित किए जाने के बाद मार्च शुरू हुआ। केजरीवाल ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप विधायकों को उपराज्यपाल कार्यालय तक मार्च करना पड़ रहा है। मुझे उम्मीद है कि उपराज्यपाल अपनी गलती पर गौर करेंगे और शिक्षकों को फिनलैंड में प्रशिक्षण की अनुमति देंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते लेकिन वह ऐसा कर रहे हैं।

मुर्तिचेरा चाय बागान के महाप्रबंधक और सहायक प्रबंधक पर एक हिंसक हमले के बाद

सदियों पुराना त्रिपुरा का चाय बागान बंद हुआ

एजेंसियां

अगरतला : त्रिपुरा के मुर्तिचेरा चाय बागान के महाप्रबंधक और सहायक प्रबंधक पर एक हिंसक हमले के बाद, प्राधिकरण ने सोमवार को उनोकोटी जिला के कैलाशहर के सबसे बड़े और सदी पुराने चाय बागान को बंद कर दिया। प्राधिकरण ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है लेकिन, उनकी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुयी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कैलाशहर के एक स्थानीय भाजपा नेता इस घटना के पीछे थे, जो पिछले कुछ दिनों से महाप्रबंधक पर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 25 लाख रुपये देने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक ने जब नेताओं को पैसा देने से इनकार कर दिया, तो उन्होंने श्रमिकों को उद्यान प्राधिकरण के खिलाफ भड़काया और कथित रूप से उन्हें अपने बकाये की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए लामबंद किया। रिपोर्ट के अनुसार, मुर्तीचेरा चाय बागान पिछले कुछ वर्षों से वित्तीय संकट से जूझ रहा है और कोविड महामारी के बाद यह गंभीर हो गया है। बगीचे में पांच सौ से अधिक श्रमिकों को ठीक से भुगतान नहीं किया गया है, राशन की आपूर्ति नियमित नहीं थी और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य सुविधाएं बंद कर दी गईं। उद्यान प्राधिकरण पर आठ लाख रुपये से अधिक का बकाया है। इस बीच, महाप्रबंधक राजकुमार गुप्ता को नेता से चुनावी चंदे के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने दिवालिया होने का कारण बताते हुए मना कर दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि बार-बार अपील करने और थोड़े समय के भीतर अपने बकाये का भुगतान करने के आश्वासन के बावजूद, चाय श्रमिकों ने विरोध जारी रखा। उन्होंने कहा, ''कर्मचारियों ने मुझ पर और मेरे सहायक प्रबंधक सोमनाथ चक्रवर्ती पर जानलेवा हमला किया। किसी तरह हम लोग बचने में कामयाब रहे। सीसीटीवी फुटेज के साथ कैलाशहर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।''गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा मुद्दों और बढ़ते कर्ज के बोझ के अलावा, प्रबंधन ने अनिश्चित काल के लिए बगीचे को बंद करने का फैसला किया है और साथ ही सभी गेटों पर नोटिस लगाया गया है और अगली सूचना तक पूरी गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है।

जोशीमठ में बनाई जा रही प्री फैब्रिकेटेड गौशालाएं

चमोली : उत्तराखंड के जोशीमठ में भूधंसाव के कारण कुछ गौशालाओं को भी खतरा बना हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा पशुओं की सुरक्षा के लिए सुनील एवं मारवाडी वार्ड में सुरक्षित स्थानों पर पशुओं के रहने के लिए प्रीफैबरीकेटेड गौशालाएं तैयार की जा रही हैं। ग्राम्य विकास, कृषि, उद्यान व पशुपालन सचिव वीवीआर पुरूषोत्तम ने सोमवार को पशुओं के लिए बनाए जा रहे प्रीफैबरीकेटेड गौशलाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कॉउ शेड में मलमूत्र एवं पानी की निकासी की उचित व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। गौशालाओं को तैयार कराते हुए पशुओं को शिफ्ट कराया जाए। पशुओं के लिए मारवाड़ी एवं सुनील में सुरक्षित स्थानों पर कॉउ शेड बनाए जा रहे है। राज्य सरकार द्वारा जोशीमठ क्षेत्र में पशुपालकों को आपदा मोचन निधि के मानकों के अनुसार छोटे पशुओं के चारे हेतु 45 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन की सहायता राशि दी जाएगी।

दिल्ली में तापमान 1.4 डिग्री दर्ज ,मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

एजेंसियां

नयी दिल्ली : उत्तर पश्चिम भारत में एक बार फिर शीतलहर की दस्तक के बीच दिल्ली में सोमवार को इस मौसम का सबसे कम तापमान 1.4 डिग्री दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आगामी भीषण शीतलहर के कारण अगले छह दिनों के लिए दिल्ली में 'येलो अलर्ट ' जारी किया है। आईएमडी के अनुसार वर्ष के इस समय के लिए सफदरजंग वेधशाला में 1.4 डिग्री का न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया जो सामान्य से छह डिग्री कम है और एक दशक में जनवरी में दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान है। पिछली बार जनवरी 2021 में सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लोधी रोड पर न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री जबकि रिज पर 2 डिग्री और आईजीआई एयरपोर्ट, पालम में 5.3 डिग्री दर्ज किया गया।

भौतिक प्रगति की चाह में प्रकृति के दोहन से आए कई संकट : शिवराज

एजेंसियां

भोपाल : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भौतिक प्रगति की चाहत में प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के चलते आज हम क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग जैसे संकट का सामना कर रहे हैं। चौहान ने यहां जी-20 के अंतर्गत थिंक-20 की दो दिवसीय बैठक के प्रथम सत्र का उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में ये बात कही। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, मध्यप्रदेश नीति आयोग के प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी और देश-विदेश से आए बुद्धिजीवी व विषय विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। चौहान ने कहा कि भारत ने हजारों वर्ष पहले कहा कि एक ही चेतना सब में है। यह चेतना केवल मनुष्य मात्र में नहीं प्राणियों में भी है, इसीलिए भारत में गो पूजा से लेकर प्रकृति पूजा तक की जाती है। भारत ने कहा कि आत्मवत सर्वभूतेषु, अपने जैसा सबको मानो। उन्होंने दूरदराज से आए अतिथियों से कहा कि मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट है। यहां 11 टाइगर पार्क हैं। उन्होंने सभी से मध्यप्रदेश का वन्य जीवन देखने का आग्रह भी किया। चौहान ने कहा कि हमें प्रकृति का दोहन करना चाहिए, शोषण नहीं। दोहन का अर्थ है वृक्ष में फल लगे हैं, तो उन्हें तोड़ कर खाए, लेकिन यदि पेड़ ही काट दें तो यह होगा शोषण। मानवता के कल्याण के लिए प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है। हम सभी ने भौतिक प्रगति की चाह में प्रकृति का दोहन किया, जिसके कारण हम क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग के संकट का सामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जलाभिषेक अभियान चला कर तय किया गया कि गाँव का पानी गाँव में और खेत का पानी खेत में रोकेंगे। जनता के सहयोग से लगभग साढ़े चार लाख वॉटर बॉडीज बनाईं जो वॉटर रिचार्जिंग का काम कर रहीं हैं।सर्ववाइल ऑफ द फिटेस्ट जंगल का कानून है।

उत्सव

कोविड महामारी के कारण दो साल बाद इस वर्ष हो रहे उत्सव में कानुम पोंगल से पहले

15 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती

- उत्सव में प्रसिद्ध मरीना बीच फ्रंट अधिक लोगों के एकत्र होने का अनुमान
- शहर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया जायेगा

एजेंसियां

चेन्नई : तमिलनाडु में चार दिवसीय पोंगल उत्सव के समापन के उपलक्ष्य में कल होने वाले 'कानुम पोंगल' से पहले 15 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। कोविड महामारी के कारण दो साल बाद इस वर्ष हो रहे उत्सव में प्रसिद्ध मरीना बीच फ्रंट बहुत अधिक लोगों के एकत्र होने का अनुमान है। कल रविवार और पोंगल की छुट्टी अवसर पर अपने सबसे पसंदीदा स्थल समुद्र तट पर लाखों लोगों की अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। उत्सव के मद्देनजर चेन्नई शहर के पुलिस आयुक्त शंकर जिवाल ने वर्दी और सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों की तैनाती के अलावा मरीना बीच समेत सभी जगहों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कई अन्य उपाय करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों से आये लाखों लोगों के एकत्र होने के आसार है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राज्य पुलिस 15 हजार से अधिक जवान और एक हजार होमगार्ड के जवानों को मरीना बीच तथा शहर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मरीना बीच पर स्थित पूर्व मुख्यमंत्रियों एमजीआर, जे.जयललिता, एम.करुणानिधि और सी.एन. अन्नादुरई स्मारक पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने के मद्देनजर पुलिसकर्मियों के तैनात किये जायेंगे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि समुद्र तट के सामने मरीना और बेसेंट नगर इलियट्स बीच पर गश्त के लिए सभी इलाकों के वाहनों को तैनात किया जाएगा।

न्यूज फटाफट

जापान में भूकंप के जोरदार झटके

टोक्यो : जापान के इजू द्वीप में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक तड़के 04.49 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 29.000 उत्तरी अक्षांश और 139.3466 पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 409.088 किलोमीटर की गहराई में रहा। फिलहाल भूकंप से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं हैं।

ढाका की हवा को दुनिया की तीसरी प्रदूषित हवा का दर्जा

ढाका : बंगलादेश की राजधानी ढाका की हवा को सोमवार सुबह दुनिया की तीसरी सबसे प्रदूषित हवा का दर्जा दिया गया है। ढाका में सुबह 9:40 बजे लिये गये वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के अनुसार उसे 197 अंक मिले। इस स्तर एक्यूआई हवा को अस्वास्थ्यकारी माना जाता है। एक्यूआई मापदंडों के अनुसार 151 और 200 के बीच को अस्वस्थ कहा जाता है। जबकि 201 और 300 को ''बहुत अस्वास्थ्याकर'' माना जाता है और 301 से 400 को ''खतरनाक'' माना जाता है, जो निवासियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। इस लिहाज से पाकिस्तान का लाहौर 234 के साथ पहले और भारत का मुंबई 211 के एक्यूआई के साथ दूसरे स्थान पर रहा है। बंगलादेश में एक्यूआई प्रदुषण पांच मापदंडो पर आधारित है जिनमे पार्टिकुलेट मैटर (पीएम10 और पीएम 2.5), एनओ2 , सीओ, एसओ2 और ओजोन शामिल है। ढाका लंबे समय से वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा है। इसकी वायु गुणवत्ता आमतौर पर सर्दियों में अस्वास्थ्यकर हो जाती है और मानसून के दौरान इसमें सुधार होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार वायु प्रदूषण हर साल दुनिया भर में अनुमानित 70 लाख लोगों की जान ले लेता है। वायु प्रदूषण के कारण बड़े पैमाने पर हृदयघात , हृदय रोग, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, फेफड़ों के कैंसर और तीव्र श्वसन संक्रमण जैसे रोग होते है और मृत्यु दर में वृद्धि का कारण बनते है।

ब्राजील में शूटिंग क्लब में विस्फोट में 4 की मौत

पाउलो : ब्राजील के अमेजनस राज्य की राजधानी मनौस शहर में एक शूटिंग क्लब में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। धमाका रविवार सुबह मनौस के पश्चिमी हिस्से में स्थित क्लब में हुआ। अग्निशमन विभाग के अनुसार अभी तक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चला है, लेकिन जब आपातकालीन सेवा के कर्मचारी पहुंचे तो गैस की तेज गंध आ रही थी।

इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता : इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत असेह में सोमवार सुबह 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन यह सुनामी नहीं बन पाया। देश की मौसम विज्ञान,जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार रविवार सुबह 05:30 बजे आया,जिसका केंद्र आचे सिगकिल जिले से 47 किमी दक्षिण पूर्व में स्थित था और समुद्र के नीचे 23 किमी की गहराई में था। एजेंसी ने कहा कि भूकंप में सुनामी लाने जितनी क्षमता नहीं थी।

केमिकल प्लांट में विस्फोट से दो की मौत, 34 घायल

शेनयांग : उत्तर पूर्वी चीन के लियाओनिंग प्रांत के पानशान काउंटी में एक रासायनिक संयंत्र में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 34 घायल हो गये। काउंटी प्रचार विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि रविवार दोपहर हुए विस्फोट की घटना में 12 लोगों के लापता होने की भी रिपोर्टें हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमे चार की हालत गंभीर बनी हुयी है।

शनि मंदिर में श्रद्धालुओं के भीड़ के दृष्टिगत अमावस्या पर प्रबंध

मुरैना : मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में जिला प्रशासन ने यहाँ ऐंती पर्वत पर विराजमान प्राचीन शनि मंदिर में शनि अमावस्या पर शनि देव की पूजन-अर्चन के लिए देश के कई स्थानों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौप दी है। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बताया कि 21 जनवरी को शनिश्चरी अमावस्या पर ऐंती पर्वत पर विशाल मेला आयोजित होगा। बड़ी संख्या में श्रदालुओं के आने को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थाओं को मूर्तरूप देने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी है। बताया गया कि इस प्रतिमा की स्थापना महाराजा विक्रमादित्य द्वारा की गई।इस मंदिर का जीर्णोद्धार सिंधिया शासकों ने सन 1808 में कराया था। इस शनि पर्वत क्षेत्र से ही 18वीं सदी में सिंधिया शासकों द्वारा एक सिला ले जाई गई, यह सिला पहले अहमद नगर फिर वहां से शिगनापुर पहुंची और एक चबूतरे पर स्थापित हो गई। इस स्थान का नाम ही शनि शिगनापुर हो गया। इस सिला का आधा भाग आज भी मुरैना के शनि मंदिर में रखा हुआ है। मुरैना जिले के त्रेतायुगीन शनि मंदिर के चारों तरफ हजारों किलो मीटर दूर तक सरसों की होने वाली फसल को शनिदेव की ही कृपा माना जाता है। राजस्थान के धौलपुर, करौली, राजाखेड़ा, सरमथुरा, उत्तरप्रदेश के आगरा, इटावा तथा मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के चारों तरफ के क्षेत्र भिण्ड, शचोपुर, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी में सरसों की फसल को प्रमुख रूप से किया जाता है। इस क्षेत्र को पीले सोने की खेती का क्षेत्र भी कहा जाता है। शनिवार के दिन शनि देवता कि पूजा की जाती है।

आज का इतिहास

- 1601 : मुगल बादशाह अकबर ने असीरगढ़ के अभेद्य किले में प्रवेश किया।
- 1917 : दक्षिण भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता और बाद में सक्रिय राजनीति में आकर सफलता हासिल करने वाले एम जी रामचन्द्रन का जन्म।
- 1923 : हिन्दी साहित्यकार रांगेय राघव का जन्म।
- 1941 : सुभाषचन्द्र बोस ब्रिटिश हुकूमत को गच्चा देकर कलकत्ता से जर्मनी के लिए रवाना हुए।
- 1945 : हिन्दी फल्मिों के गीतकार एवं पटकथा लेखक जावेद अख्तर का जन्म।
- 1946 : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की पहली बैठक।
- 1948 : नीदरलैंड और इंडोनेशिया संघर्ष विराम पर सहमत
- 1987 : टाटा फुटबॉल अकादमी की शुरूआत।
- 1989 : कर्नल जे के बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।
- 2010 : भारत के प्रसिद्ध मार्क्सवादी राजनीतिज्ञ ज्योति बसु का निधन।
- 2010 : नाइजीरिया में मुसलमानों और ईसाइयों के बीच हिंसा की पहली घटना, और 200 से अधिक मौतों में समाप्त हुई थी।
- 2011 : वियतनाम की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के 1400 सदस्य एक नए नेता को वोट देने के लिए एकत्रित हुए।
- 2011 : उत्तरी और मध्य जापान में बुलेट ट्रेन के हजारों यात्री कंप्यूटर गड़बड़ होने के कारण प्रभावित हुए थे और अस्थायी रूप से रुके हुए थे।
- 2013 : इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत हुई।
- 2013 : जापान ने परमाणु संयंत्र को वापस चालू करने के लिए फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र की साइट के निकट प्रान्त में दुनिया का सबसे बड़ा अपतटीय पवन फार्म बनाने की घोषणा की।
- 2013 : आईओसी ने लांस आर्मस्ट्रांग को उतारने के बाद 2000 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से साइकिल चालक का कांस्य पदक लिया।
- 2014 : एक हड्डी की खोज विनचेस्टर 1999 में हुई थी। ऐसा माना जाता है कि यह हड्डी प्रसिद्ध राजा अल्फ्रेड महान या उनके पुत्र एडवर्ड की है जो इतिहास में बहुत प्रसिद्ध थे।

विधायक महेंद्र के हत्यारों को अबतक सजा नहीं दिला सकी सीबीआई

रांची : गिरिडीह जिले के सरिया थाना अंतर्गत दुर्गी धवैया में चुनावी सभा के दौरान भाकपा माले विधायक महेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या 2005 में कर दी गई थी। इस घटना के 18 साल बाद भी सीबीआई आरोपियों को सजा नहीं दिला पायी है। बगोदर के तत्कालीन विधायक महेंद्र सिंह हत्या की जांच की गति बेहद धीमी है। इस मामले में 75 लोगों को गवाह बनाया गया हैं, लेकिन मामले की जांच कर रही सीबीआइ 18 साल में केवल 24 गवाहों की ही गवाही करा पायी हैं। कोई चश्मदीद गवाह भी अब तक कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका है। 27 फरवरी 2005 को इस हत्याकांड की जांच सीबीआई लखनऊ क्राइम ब्रांच ने शुरू की।

ईडी को प्रतिवादी बनाने के एचसी के आदेश पर एससी ने लगायी रोक

▶▶ झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई टली

राष्ट्रीय खबर

रांची : साहिबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में बरहरवा थाने में दर्ज मामले की 24 घंटे में क्लीन चिट देने के मामले की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली याचिका में ईडी को प्रतिवादी बनाने के हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने ईडी को मामले में प्रतिवादी बनाते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, जिसे सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में ईडी को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की तिथि मार्च माह में निर्धारित की है। इधर झारखंड हाईकोर्ट में यह मामला सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सूचीबद्ध था, लेकिन झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को मामले की सुनवाई टल गई। पूर्व में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की ओर से शपथपत्र दाखिल किया गया था। जिस पर पिछली सुनवाई में राज्य सरकार, आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई थी।बता दें कि साहिबगंज के बरहरवा थाने में टोल प्लाजा टेंडर विवाद में शंभू नंदन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें पंकज मिश्रा पर टेंडर में भाग नहीं लेने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पंकज ने टेलिफोनिक धमकी दी थी, लेकिन पुलिस ने उसके वॉइस रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच नहीं कराई थी। साथ ही आधे घंटे में 14 गवाहों का बयान लेकर पुलिस ने मामले में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को क्लीन चिट दी थी। प्रार्थी की ओर से आरोप लगाया गया था कि मामले में जांच को प्रभावित करने के लिए इन दोनों को क्लीन चिट दी गई है, प्रार्थी ने इसकी सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया है। मामले को लेकर बरहरवा साहिबगंज थाना कांड संख्या 85/2020 दर्ज कराई गई थी।निचली अदालत ने भी मामले में ट्रायल पर रोक लगाई है।

हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कबतक होगी सूचना आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति

राष्ट्रीय खबर

रांची : सातवीं से दसवीं जेपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन में अभ्यर्थियों को आंसर शीट देखने नहीं देने और अभ्यर्थियों को उनके कॉपी की छाया प्रति उपलब्ध नहीं करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई।

मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है अगर यह बात सत्य है कि राज्य सूचना आयोग में अध्यक्ष नहीं है, राज्य सूचना आयोग अभी फंक्शनल नहीं है, तो राज्य सरकार बताएं कि सूचना आयोग के अध्यक्ष की कब तक नियुक्ति होगी। कोर्ट ने मामले में 3 सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए राज्य सरकार को दिया है। इससे पहले प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि आरटीआई के माध्यम से सातवीं से दसवीं जेपीएससी के अभ्यर्थियों ने अपने कॉपी को देखने और उसकी छाया प्रति देने की मांग जेपीएससी से किया था। प्रथम अपील में जेपीएससी द्वारा अभ्यर्थियों को उनके कॉपी का अवलोकन करने से मना कर दिया गया, लिखा गया कि आयोग द्वारा निर्णय के बाद ही उन्हें कॉपी दिखाया जाएगा। प्रार्थी ने यह भी बताया कि आरटीआई के प्रथम अपील में भी कॉपी की छाया प्रति नहीं दी जा रही है, जो जेपीएससी के अपने कार्यालय आदेश 15 जनवरी 2015 के विपरीत है । राज्य में राज्य सूचना आयोग अभी तक फंक्शन नहीं है इस कारण अभ्यर्थी द्वितीय अपील दायर करने में असमर्थ है, जिस कारण उन्होंने हाईकोर्ट में आग्रह किया है।

बता दे कि मामले को लेकर सोनू कुमार रंजन व अन्य की ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि सातवीं जेपीएससी का मेरिट लिस्ट वर्ष मई 2022 में जारी हो गया है और सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गई। लेकिन अभ्यर्थियों को आंसर शीट, अपने कॉपी की छाया प्रति देखने का अवसर नहीं मिल पाया है।

मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन

एसटीएफ ने एमडी फैसल उर्फ तौफीक को किया गिरफ्तार

दीपक नौरंगी

रांची/भागलपुर : एसटीएफ की टीम बिहार में लगातार बेहतर सफलता प्राप्त कर रही है रविवार को देर रात एसटीएफ की टीम ने फरार कुख्यात अपराधी एमडी फैसल उर्फ तौफीक पिता शमशुल होदा, ग्राम तकिया बनघट, थाना नगर गोपालगंज को एसटीएफ की टीम ने सिवान पुलिस के सहयोग से दिल्ली के शाहीन बाग पुलिस स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अपराधी ने पांच अप्रैल 2022 को कुख्यात अपराधी रहीस खान के काफिले पर एके-47 से अंधाधुंध फायरिंग करवाया गया जिसमें चार व्यक्ति को गोली लगी जिसमें एक आम व्यक्ति की मौत हो गई थी तीन व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए थे यह मामला बिहार में लगातार सुर्खियों में बना रहा था इस मामले में फरार एमडी फैसल उर्फ तौफीक फरार चल रहा था एसटीएफ की टीम ने रविवार को देर रात इसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया हैं। दो दो दिनों से लगातार एसटीएफ की टीम हथियार तस्कर को गिरफ्तार करने के लिए भागलपुर जिले के आसपास अनुमंडल में कैंप कर रही थी गुप्त सूचना के आधार पर कहलगांव थाना क्षेत्र के शांति नगर गंगा नहर पंप हाउस के नजदीक के रहने वाले सोनू कुमार उर्फ प्रेम राज के घर में एसटीएफ टीम ने जिला पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। जहां मिनी गन फैक्ट्री चल रहा था। वही एसटीएफ की टीम ने सोनू कुमार के साथ-साथ बिट्टू कुमार उर्फ मोहम्मद अनवर खान, मोहम्मद निराज अंसारी सहित चंद्रशेखर यादव को हथियार बनाते हुए गिरफ्तार किया है। वही दस अर्धनिर्मित पिस्टल सहित हथियार बनाने के सामान बरामद किए गए। वही लेथ मशीन, ग्राइंडर मशीन सहित भारी संख्या में हथियार बनाने में काम आने वाले लोहे बरामद किए गए हैं। वही पुलिस अब गिरफ्तार अपराधियों से उनके अन्य सहयोगियों के बारे में पता करने में जुटी हुई है। इससे कुछ दिन पहले नाथनगर थाना क्षेत्र एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन एसटीएफ के द्वारा किया गया था। लेकिन हथियार बनाने वाला वहां से फरार हो गया था। भागलपुर जिले के आसपास के जिले में पहले भी एसटीएफ की टीम ने कई बड़े हथियार तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की हैं।

विकास से रामपुर तक रोड 83 फीसदी पूरी

रांची : विकास से रामपुर तक बन रही रांची बाइपास सड़क का काम 83 फीसदी तक पूरा हो गया है। 26।27 किमी लंबा बाइपास रांची रिंग रोड से जुड़ेगा। इसका निर्माण कार्य पूर्ण होते ही रांची रिंग रोड 86 किमी की लंबाई तक बन जायेगा। हालांकि, रांची रिंग रोड को छह चरणों में पथ निर्माण विभाग ने बनवाया है। वहीं, रांची बाइपास को एनएच 33 में शामिल करते हुए एनएचएआइ के द्वारा बनवाया जा रहा है। इंजीनियरों ने बताया कि रांची बाइपास का निर्माण कार्य पूर्ण करने का अंतिम लक्ष्य 30 जून 2023 तक रखा गया है। चार-छह लेन के बन रहे इस बाइपास से रांची शहर आपस में जुड़ जायेगी। रामगढ़-ओरमांझी से रांची, जमशेदपुर इत्यादि जाना आसान होगा। एनएच 33 रांची से जमशेदपुर-महुलिया सेक्शन चार पैकेज में बनाया जा रहा है, जिसमें तीन पैकेज का काम पूर्ण हो गया है। वहीं, पैकेज-1 रांची बाइपास का काम भी अगले छह-सात माह में पूरा हो जायेगा। इसका निर्माण कार्य जून 2019 को प्रारंभ किया गया था। इसे मेसर्स रामकृपाल कंस्ट्रक्शन लि। द्वारा बनाया जा रहा है। इसको बनाने में 582 करोड़ रुपये की लागत आ आ रही है। एनएचएआइ ने संवेदक को निर्देश दिया है ।

ढाई लाख के साइबर ठग को सीआइडी ने दबोचा



राष्ट्रीय खबर

रांची : ढाई लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी गणेश मंडल असम के मारीगांव जिले के साकिन बेलीगुडी रोड, पालीगुडी का रहने वाला है।

उसने रांची के कांके रोड के रहने वाले अवध पोद्दार के बैंक खाते से 2.50 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली थी। जिसके बाद अवध ने साइबर थाना में मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद सीआइडी ने मामले की जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ठगी किये हुए पैसों में से 1.30 लाख रुपए वादी के खाते में पूर्व में ही रिकवर करा दिया गया था।अवध पोद्दार के बैंक खाते से इनके ही खाता से लिंक्ड बायोमेट्रिक थंब इंप्रेशन का क्लोन करके एईपीएस का दुरुपयोग कर प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से पैसे की निकासी कर ली थी। इस अपराध को करने के लिए साइबर अपराधियों द्वारा में फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करके खाता खुलवाया गया और क्लोन फिंगरप्रिंट का उपयोग करके विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कर लिए गए थे।

युवती के शव के साथ ग्रामीणों ने मेसरा ओपी का किया घेराव

राष्ट्रीय खबर

रांची : बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र के रुदिया गांव से रविवार को एक युवती का शव बरामद हुआ था। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने युवती के शव के साथ मेसरा ओपी का घेराव किया। शव ईंट भट्टे के पास एक कमरे से झूलता हुआ बरामद किया गया था। आसपास के लोग दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को लटकाने की आशंका जता रहे हैं।स्थानीय लोग और पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीआईटी मेसरा संस्थान से सटे एक ईंट भट्टा है। जो बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र के रुदिया गांव में आता है। यहां के एक घर से एक युवती का शव लटका हुआ मिला है। इस मामले में आशंका जतायी जा रही है कि युवती के साथ दुष्कर्म किया गया है, उसके बाद हत्या कर उसके शव को फंदे से लटका दिया गया है।जानकारी के अनुसार जिस युवती का शव बरामद हुआ है, उसके माता-पिता बीआईटी में काम करते हैं। सुबह दोनों काम पर चले गए थे। कुछ देर बाद पिता को कोई काम पड़ा तो घर आये। यहां देखा तो दरवाजा बाहर से बंद था। जिसके बाद वे दरवाजा खोल कर भीतर गए। जहां बेटी के शव को फंदे से झूलता देखा।उन्होंने घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को दी। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गयी। स्थानीय लोग दुष्कर्म की आशंका जता रहे हैं।

टेरर फंडिंग का मुख्य आरोपी हुआ भूमिगत

रांची : मगध और आम्रपाली कोल परियोजनाओं में टेरर फंडिंग का मुख्य आरोपी टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू भूमिगत हो गया है। ब्रजेश गंझू फिहहाल कहां है, इसकी जानकारी पुलिस और एनआईए भी नहीं जुटा पायी है। बताया जा रहा है कि टीपीसी संगठन के खिलाफ लगातार पुलिस की कार्रवाई और एनआईए की दबिश जारी है। जिससे परेशान होकर ब्रजेश गंझू इन दिनों चतरा जिला छोड़कर फरार हो गया है। हालांकि ब्रजेश गंझू की गैरमौजूदगी में टीपीसी का रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू संगठन के लिए लेवी वसूलने समेत अन्य घटनाओं को अंजाम दे रहा है।मगध व आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग मामले की जांच एनआईए कर रही है। टेरर फंडिंग के चार मुख्य आरोपियों में जहां मुकेश गंझू ने सरेंडर कर दिया। वहीं भीखन गंझू को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जबकि दो मुख्य आरोपी टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू और आक्रमण गंझू अबतक फरार चल रहा है। गौरतलब है कि चतरा जिला के टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी 22/18 को एनआईए ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। यह मामला सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय को लेकर लेवी वसूली से संबंधित है। एनआईए ने सीसीएल कर्मी सुभान खान सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में लिखा था कि टीएसपीसी को लेवी देने के लिए ऊंची दर पर मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला ढुलाई का ठेका लिया गया था।